भाजन


द्वादश मासमें खास है

कार्तिक मास

गोरखपुर, सोमवार २६ अक्तूबर २०२६ सौर ९, आश्विन शुक्ल १५, सं. २०८३ वि. | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी, पटना (कोलकाता संस्करण), रांची तथा जमशेदपुर से प्रकाशित, (वर्ष-४६ पू.सं. २०४१२७५ | * नगर संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये



हरमन, दीप्तिने भारतको बनाया अजेय



मोदी ने काशीमें देखा वायुवीरों का पराक्रम

नमो घाट पर 'विंग्स ओवर गंगा' एयर शो के बने साक्षी, विमानों के करतब को किया सैल्यूट

वाराणसी (का.प्र.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को काशी में वायु सेना का पराक्रम देखा तो अभिभूत हो गए। नमो घाट पर आयोजित भारतीय वायु सेना के विंग्स ओवर गंगा में उन्होंने वायु सेना के शौर्य, कौशल, सटीकता, अनुशासन के साथ हुए प्रदर्शन को देखा। गंगा के ऊपर गर्जना करते हुए विमानों जब करतब दिखाना शुरू किया तो प्रधानमंत्री ने कलात्मक आकृतियों ने सभी को मोह लिया। गंगा के ऊपर आसमान का रंग ही देश भक्ति में रंगा हुआ था और भारत माता की जय की गूंज होती रही। आध्यात्मिक नगरी काशी रविवार को भारतीय वायुसेना के शौर्य, साहस, तकनीकी सामर्थ्य और पेशेवर दक्षता की साक्षी बनी। मां गंगा के ऊपर आयोजित भव्य एयर शो 'विंग्स ओवर गंगा' में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय वायुसेना की 94वीं वर्षगांठ के अवसर पर वायु शक्ति का अद्भुत प्रदर्शन देखा। इस दौरान काशीवासियों ने अपने सांसद और प्रधानमंत्री का 'हर हर महादेव' तथा 'भारत माता की जय' के गगनभेदी नारों से भव्य स्वागत किया। लड़ाकू विमानों के प्रदर्शन ने दर्शकों में रोमांच भर दिया और गंगा तट देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय वायुसेना की प्रसिद्ध सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम के प्रदर्शन के साथ हुई। हेलीकॉप्टरों के बीच सटीक तालमेल, नियंत्रित गति और समन्वित हवाई करतबों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इसके बाद वायुसेना प्रमुख एवं भारतीय वायुसेना के समस्त वायु योद्धाओं की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत और अभिनंदन किया गया। वायुसेना प्रमुख ने इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री को स्मृति चिह्न भेंट किया। समारोह में भारतीय वायुसेना के 94 गौरवशाली वर्षों की यात्रा को काशी की आध्यात्मिक विरासत से जोड़ते हुए कर्तव्य, त्याग और राष्ट्रसेवा के भाव को रेखांकित किया गया।

पुलिस लाइन से आयोजन स्थल तक भव्य रोड शो, जेन-जी का अभिवादन

जवानों को सैल्यूट किया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुलिस लाइन से आयोजन स्थल तक भव्य रोड शो निकला। करीब एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर स्वागत पॉइंट बनाये गए थे और कई पॉइंट पर रुककर मोदी ने काशी की जनता का अभिवादन किया। इस दौरान देश-विदेश में चर्चा का विषय बने भारत के युवाओं (जेन-जी) का भी हाथ हिलाकर उन्होंने अभिवादन किया। मां गंगा की अविरल धारा, काशी के ऐतिहासिक घाट और आसमान में गूंजते भारतीय लड़ाकू विमानों की गगनभेदी गर्जना के बीच राफेल की तेज रफ्तार, सुखोई की आक्रामक उड़ान, स्वदेशी तेजस के हैरतअंगेज हवाई करतब, सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम की आसमान पर उकेरी गई



गारमेंट फैक्टरी की दी सौगात

वाराणसी (का.प्र.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। हमेशा की तरह इस बार भी उन्होंने काशीवासियों को सौगात दी। पीएम ने गुजरात की कपड़ा निर्माता कंपनी अरविंद लिमिटेड (अरविंद मिल्स) के मिर्जामुराद के खोचवां में लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत से करीब सात एकड़ में बने मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का शुभारंभ किया तथा यहां पर कार्य का प्रशिक्षण ले रही महिलाओं से सीधा संवाद किया। इस प्लांट में स्थानीय ही नहीं बल्कि पूर्वांचल के हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। भर्ती में स्थानीय महिलाओं को प्राथमिकता दी गई है और 300 से ज्यादा महिलाओं की भर्ती की जा चुकी है, जिन्हें यूनिट में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस यूनिट में कुल 1000 महिलाओं को रोजगार देना प्रस्तावित है। यह पहल उत्तर प्रदेश में कपड़ा एवं परिधान निर्माण इकोसिस्टम को मजबूत करेगी। प्रधानमंत्री ने प्लांट के शुभारंभ के पश्चात मिल के पदाधिकारियों से वहां तैयार किए जा रहे कपड़ों, (शेष पृष्ठ नौ पर)

देशको अराजकता-अलगाववादकी भट्ठीमें झोंकने का रचा जा रहा षड्यंत्र-मुख्यमंत्री

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज जब विश्व के अनेक हिस्से हिंसा और अस्थिरता से जूझ रहे हैं, भारत लोकतांत्रिक स्थिरता, आर्थिक प्रगति और सांस्कृतिक चेतना के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में संकीर्ण मानसिकता वाली कुछ राजनीतिक ताकतें सत्ता के स्वार्थ में देश को अस्थिरता, अराजकता और अलगाववाद की भट्टी में झोंकने का षड्यंत्र रच रही हैं। राष्ट्रीय हितों को ताक पर रखकर वैश्विक मंचों पर भारत की छवि धूमिल करने का निरंतर प्रयास कर रही हैं। सीएम योगी ने एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी एवं निर्णायक नेतृत्व में भारत ने वैश्विक पटल पर अपनी आर्थिक शक्ति का नया अध्याय लिखा है। आज भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी है और आत्मनिर्भरता, नवाचार तथा विकास के नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ 'नये भारत' में लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत हुई हैं। नीति-निर्माण के केंद्र में आम जनता है, गरीब कल्याण शासन की प्राथमिकता है, अंत्योदय आत्मनिर्भरता का आधार है और



जनभागीदारी विकास को जन-आंदोलन का रूप दे रही है। आस्था, अस्मिता और आत्मविश्वास से परिपूर्ण नये भारत में सामाजिक न्याय, नारी सशक्तीकरण, डिजिटल नवाचार और आर्थिक समृद्धि की संभावनाएं साकार हो रही हैं। विकास की यह यात्रा जन-आकांक्षाओं को अवसरों में बदलते हुए राष्ट्र की सामर्थ्य को निरंतर विस्तार दे रही है। आज जब विश्व के अनेक हिस्से हिंसा और अस्थिरता से जूझ रहे हैं, भारत लोकतांत्रिक स्थिरता, आर्थिक प्रगति और सांस्कृतिक चेतना के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में संकीर्ण मानसिकता वाली कुछ राजनीतिक ताकतें सत्ता के स्वार्थ में देश को अस्थिरता,

नये भारतमें लोकतंत्रकी जड़ें और हुईं मजबूत

अराजकता और अलगाववाद की भट्टी में झोंकने का षड्यंत्र रच रही हैं। राष्ट्रीय हितों को ताक पर रखकर वैश्विक मंचों पर भारत की छवि धूमिल करने का निरंतर प्रयास कर रही हैं। इन चुनौतियों के बावजूद भारत अपने विकास के लक्ष्य के प्रति अडिग संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इस राष्ट्रीय यात्रा में उत्तर प्रदेश अपनी विशाल कृषि क्षमता, विस्तृत होते औद्योगिक आधार, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और युवा शक्ति के सामर्थ्य के बल पर कृषि से विनिर्माण तक, निवेश से रोजगार सृजन तक, हर (शेष पृष्ठ नौ पर)

एक नवम्बरकी रैलीमें राहुलने की ज्यादा से ज्यादा लोगोंके जुटनेकी अपील

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि 'वोट चोरी' के मुद्दे पर एक नवंबर को होने वाली 'इंडिया' गठबंधन की रैली का 'जोर-शोर से प्रचार' करने और रैली के आह्वान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)



एसआईआर-सीईसी को लेकर हम चुपचाप नहीं बैठेंगे

और उसके सहयोगियों का 'दिल से धन्यवाद'। इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) गठबंधन की यह रैली विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) पर चुनावी अनियमितताओं के आरोपों को लेकर विपक्ष के विरोध प्रदर्शनों का हिस्सा है। लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने आरोप लगाया कि लोगों के वोट चुराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा ये हम किसी हाल में चुपचाप नहीं सहेंगे। गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा मतदाता सूचियों से नाम काटे गये। नियम-कानून तोड़े गये और सवाल पूछने वालों पर लाठियां चलीं। अब जवाब देश देगा। उन्होंने पोस्ट में लिखा, एक नवम्बर (चलो दिल्ली, वोट बचाओ) देश बचाओ जन मार्च और महारैली। छात्र, किसान, मजदूर, महिलाएं, (शेष पृष्ठ नौ पर)

२८ हजार करोड़के साइबर फ्रॉड केस में वकील गिरफ्तार

मुंबई (आससे)। प्रवर्तन निदेशालय ने देशभर में फैले साइबर फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट के मामले में शनिवार को मुंबई एयरपोर्ट से एक वकील को गिरफ्तार किया। एजेंसी के मुताबिक, इस नेटवर्क से करीब 28 हजार करोड़ के बैंकिंग लेन-देन जुड़े हैं। मामले में अब तक 7 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। गिरफ्तार वकील की पहचान रशेष उपाध्याय उर्फ रशेष शाह के रूप में हुई है। ईडी की पणजी यूनिट की टीम ने उन्हें मुंबई एयरपोर्ट पर उस समय पकड़ा, जब वे दिल्ली जाने वाली फ्लाइट में सवार होने वाले थे। कस्टम्स और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के अधिकारियों ने इस कारवाई में मदद की। आरोपी को पणजी ले जाया गया, जहां विशेष पीएमएलए कोर्ट ने उन्हें 29 अक्टूबर तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। गोवा की महिला से ठगी (शेष पृष्ठ नौ पर)

कोई लक्ष्य हमारी पहुंच से बाहर नहीं-एपी सिंह

नयी दिल्ली (आससे)। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना ने पश्चिमी मोर्चे पर 1,200 किलोमीटर चौड़े और 200 किलोमीटर क्षेत्र में सटीक हमले किये। इससे साबित हुआ कि वायुसेना की पहुंच से कोई भी लक्ष्य बाहर नहीं है। उन्होंने कहा कि इस अभियान ने एक बार फिर दिखाया कि देश की सुरक्षा में वायुसेना की अहम भूमिका है। ऑपरेशन से एक सबक साफ है कि हमें हमेशा कई विकल्प अपने पास रखने चाहिए और दुश्मन की रणनीति बदलने पर तेजी से खुद को उसके मुताबिक ढालने में सक्षम होना चाहिए। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। 26 टूरिस्ट की हत्या की गयी थी। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े 9 आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किये थे।



भारत सरकार ने कहा था कि इन हमलों में 100 से ज्यादा आतंकियों को मार गिराया था। इसके बाद 10 मई को भारत और पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच बातचीत के बाद दोनों देशों ने सैन्य कारवाई रोकने पर सहमति जतायी थी।

वाल्मीकि जयंतीपर प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश आज

लखनऊ (आससे)। यूपी में सोमवार को वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की गयी है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। सोमवार को बिठूर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री यहां वाल्मीकि आश्रम में रामायण पाठ व पूजा में शामिल होंगे और महर्षि वाल्मीकि को अपने श्रद्धा-सुमन अर्पित करेंगे। मान्यता है कि इसी आश्रम में महाकाव्य रामायण की रचना हुई और माता सीता को आश्रय मिला था। यहीं भगवान श्रीराम के पुत्रों लव-कुश का जन्म हुआ। मुख्यमंत्री इस अवसर पर बिल्हौर व बिठूर विधानसभा क्षेत्रवासियों को 411 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात भी देंगे। वह विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी करेंगे। प्रदेश में धार्मिक-सांस्कृतिक धरोहरों (शेष पृष्ठ नौ पर)

बंद रहेंगे स्कूल-कालेज और सरकारी कार्यालय



लखनऊ : वकीलों के अवैध चेंबर्स पर चला बुलडोजर

लखनऊ (आससे)। यूपी की राजधानी लखनऊ में रविवार को बुलडोजर एक्शन हुआ। लखनऊ के कैसरबाग स्थित सिविल और जिला कोर्ट परिसर के बाहर वकीलों के अवैध चेंबर्स को बुलडोजर से तोड़ा गया। जानकारी के मुताबिक, नगर निगम के बुलडोजर अवैध चेंबर्स को ध्वस्तीकरणकी कारवाई करनेके बीच विरोध करते हुए कई वकील सड़कों पर लेट गए। कार्रवाई के मद्देनजर कचहरी के आसपास भारी पुलिस तैनात है। पुलिस ने बताया कि पीएसी के साथ कई थानों की फोर्स तैनात की गई है। एडीसीपी, एसीपी समेत नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे। कोर्ट के आदेश पर नगर निगम ये कार्रवाई कर रहा है। नगर निगम ने 211 चैंबरों को गिराने के लिए चिह्नित किया था। इससे पहले वकील हाई कोर्ट में नगर निगम के खिलाफ अपील लेकर पहुंचे थे, जिसे खारिज कर दिया गया था। मई से अगस्त के बीच दो (शेष पृष्ठ नौ पर)

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर दो कारों की टक्कर में दो की मौत

लखनऊ (आससे)। सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रविवार (25 अक्टूबर 2026) को भीषण सड़क हादसा हुआ है. पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार दो कारों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई. इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई. घटना में 7 लोग घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जानकारी के मुताबिक, आजमगढ़ से लखनऊ की ओर जा रही अर्टिगा कार में एक परिवार सवार था, वहीं,लखनऊ से गाजीपुर की ओर जा रही स्विफ्ट डिजायर कार अचानक रॉन्ग साइड में आ गई, इससे दोनों कारों की आमने-सामने टक्कर हो गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों में सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे में स्विफ्ट डिजायर कार सवार बिहार निवासी श्याम बिहारी सिंह (62) और अजय कुमार गुप्ता (40) की मौके पर ही मौत हो गई. इसी कार में सवार कन्हैया और अशोक कुमार यादव गंभीर रूप से घायल हो गए।

१२वां ब्रिक्स संसदीय मंच आजसे

नयी दिल्ली (आससे)। संसद भवन परिसर में 12वां ब्रिक्स संसदीय मंच सोमवार से शुरू होगा। दो दिवसीय इस सम्मेलन में जन-केंद्रित विकास के लिए संसदों को सशक्त बनाने पर चर्चा होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम में शामिल होंगे और विभिन्न देशों के संसदीय प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों से मुलाकात करेंगे। सम्मेलन से पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रूस की स्टेट ड्यूमा के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोडिन के नेतृत्व वाले संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों पक्षों ने वैश्विक मंचों पर सहयोग मजबूत करने, आतंकवाद से मुकाबले और अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। बिरला ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए रूस के समर्थन की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के नेतृत्व में भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी और मजबूत हुई है। उन्होंने संसदीय प्रतिनिधिमंडलों, विशेषकर युवा और महिला सांसदों के नियमित आदान-प्रदान को बढ़ावा देने पर भी बल दिया। बैठक में परमाणु ऊर्जा, उद्योग, व्यापार और निवेश के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। वोलोडिन ने द्विपक्षीय व्यापार की बाधाएं दूर करने और संयुक्त व्यापार उपक्रमों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता बताई।



३३.२८ लाख की धोखाधड़ी करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

अपराध संवाददाता

गोरखपुर, २५ अक्टूबर। खजनी थाना क्षेत्र निवसी व्यापारी से लगभग एक वर्ष पूर्व फोन करके खुद को लखनऊ की जेबी ट्रेडिंग कंपनी का मालिक बताकर गोरखपुर, कुशीनगर और जौनपुर में चल रहे कार्यों के लिए गिट्टी मोरंग की आवश्यकता बताकर साइड पर मॉल गिरवार लगभग ३३.२३ लाख रुपये हड़पने वाले तीन जालसाजों को आज खजनी पुलिस और एसटीएफ ने संयुक्त कार्रवाई कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से चार एंड्रॉयड और तीन कीपैड मोबाइल, ५० हजार रुपये नकद, कूटरचित आधार कार्ड, बैंक दस्तावेज और नंबर प्लेट छिपाने वाला इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि पुलिस को दिये तहरीर में पीड़ित ने लिखा है कि उनके पास फोन करके उक्त तीनों स्थानों पर बिल्डिंग मैटेरियल की आपूर्ति करने को कहा गया,जिसपर वह कॉलर की बातों में आकर आरोपियों द्वारा बताए गए स्थानों पर गिट्टी और मोरंग की आपूर्ति कर दी। इसके बाद जब भुगतान की मांग की गई तो आरोपियों ने अपने मोबाइल फोन बंद कर लिए। संपर्क नहीं हो पाने और रुपये नहीं मिलने पर वादी को धोखाधड़ी की जानकारी हुई। पुलिस ने बताया कि मिली तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मु०अ०सं० १५१/२०२५ धारा ३(५), ६१(२), ३१८(४), ३३६(३), ३३८, ३३९, ३४०(२) भा०न्या०सं० दर्ज कर मामले की जांच शुरु की गई। दौरान विवेचना प्रकाश में आया कि योगेश डांगर पुत्र रविन्द्र डांगर निवासी डी ३६ प्रथम तल विजय बिहार फेज- २ सेक्टर ४ रोहिनी रिठाला नार्थ वेस्ट दिल्ली, हिमांशु पुत्र प्रवीण कुमार निवासी बख्तावरपुर थाना अलीपुर नार्थ वेस्ट दिल्ली और विकास पुत्र रमेश निवासी रोहिरी सेक्टर ३१ थाना सहबाड डेरी नार्थ वेस्ट दिल्ली ने गोरखपुर, कुशीनगर व जौनपुर में चल रहे कार्यों के लिए में बिल्डिंग मैटेरियल्स के सामान की आवश्यकता के संबंध में अवगत कराया गया। वादी को विश्वास में लिया गया जिसपर वह उक्त स्थान पर सामान गिरा दिये किन्तु पैसा मांगने पर अभियुक्तों ने अपना मोबाइल बंद कर लिया। आज जरिये मुखबिर मिली सूचना पर उक्त मुकदमें में वांछित फरार चल रहे तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करके उन्हें न्यायालय भेजा गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।



❖ दिल्ली के निवासी हैं जालसाज, बिल्डिंग मैटेरियल के नाम पर की थी धोखाधड़ी

बागपत, एनईआर और मेरठ के पहलवानों ने मैट पर बिखेरा जलवा

गोरखपुर, २५ अक्टूबर। शहीद रवीन्द्र सिंह एवं भारत भीम स्व. जनार्दन सिंह की स्मृति में सहजनवां के मुरारी इंटर कॉलेज में चल रही सीनियर स्टेट कुश्ती चैंपियनशिप-2026 के दूसरे दिन भी विभिन्न भार वर्गों में पहलवानों के बीच जोर आजमाईश हुई। सटीक दांव-पेच, तकनीकी कौशल, फुर्ती के दम पर बागपत,एनईआर और मेरठ पहलवानों ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पटखनी देकर जीत हासिल की और विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया।पुरुषों के 130 किलो भार वर्ग के ग्रीको रोमन स्टाइल में बागपत के उत्तम राना ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। हापुड़ के शक्ति सिंह ने रजत पदक और नंदिनीनगर के अनुज कुमार और बुलंदशहर के रजत तोमर ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक हासिल किया। 97 किलोभार वर्ग के ग्रीको रोमन स्टाइल में बागपत के विशेष चौहान ने स्वर्ण पदक हासिल किया। एनईआर के विरेश कुंडू ने रजत, मेरठ के निशांत कुमार और बुलंदशहर के निशांत ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक हासिल किया। 87 किलो भार वर्ग में मेरठ के मानव शर्मा ने स्वर्ण, संतकबीरनगर के शिवम यादव ने रजत और नंदिनीनगर के मोंटी और महाराजगंज के अभिषेक कुमार यादव ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक हासिल किया। 82 किलो भार वर्ग में एनईआर के भागवत सिंह ने स्वर्ण पदक हासिल कर बाजी मारी। मुजफ्फरनगर के निशांत मलिक ने रजत, यूपी पुलिस के दयानंद और अयोध्या के विक्रांत सिंह ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक हासिल किया। दूसरे दिन की प्रतियोगिता का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय ग्राम विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप विधायक गोंडा सदर प्रतीक भूषण ने पहलवानों से परिचय हासिल कर किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि कुश्ती हमारी समृद्ध भारतीय परंपरा और गौरवशाली खेल संस्कृति का अभिन्न अंग है। ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर प्रदान करते हैं। गोंडा के विधायक प्रतीक भूषण ने कहा कि युवाओं को खेल भावना, अनुशासन और परिश्रम के साथ आगे बढ़ते हुए देश और प्रदेश का नाम रोशन करना चाहिए। प्रतियोगिता के आयोजक एवं उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष आदित्य सिंह आगू ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय पहलवान पन्नेलाल यादव, अंतरराष्ट्रीय पहलवान राकेश सिंह, सहजनवां के पूर्व विधायक यशपाल रावत, पूर्व मंत्री एम सिंह,पूर्व राज्य मंत्री विभ्राट चंद कौशिक, पूर्व प्रमुख अजीत शाही, पूर्व प्रमुख सुधीर सिंह,दिलीप यादव प्रमुख पिपरौली,रामनाथ यादव,पहलवान साधु यादव,राजेश सिंह बरवल ,जयराम सिंह अनिल सिंह समेत कई लोग उपस्थित रहे।



❖ सीनियर स्टेट कुश्ती प्रतियोगिता में दूसरे दिन भी हुए रोमांचक मुकाबले

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम ASHUTOSH KUMAR SINGH से बदल कर ASHUTOSH SINGH रख लिया है, अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। **आशुतोष सिंह** पुत्र सुग्रीव सिंह, ग्राम पकरी बांगर, पोस्ट कुसम्ही, जिला कुशीनगर, 274305.

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम DHANNJAY GIRI से बदलकर DHANANJAY GIRI रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **DHANANJAY GIRI** पुत्र सूर्यमणि गिरी निवासी शिवपुर मठिया, पगरा, लक्ष्मीगंज, जिला कुशीनगर 274306

सूचना-मैं **अच्युता नन्द तिवारी** पुत्र रामशरण तिवारी ग्राम बाछेपार, पोस्ट व थाना बड़हलगंज, तहसील गोला, जनपद गोरखपुर, मैने अपना नाम ACHHUDA NAND TIWARI से बदलकर ACHYUTA NAND TIWARI रख लिया है। अब मुझे अच्युता नन्द तिवारी के नाम से जाना व पहचाना जाए।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मैंने नाम नरेश कुमार पाल से बदलकर नरेश पाल रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाए। **नरेश पाल** पुत्र राज कुमार पाल निवासी बहुली टोला, लार, जिला देवरिया 274502

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम MOHAMMAD SHAREEF से बदलकर MOHAMMAD SHARIF रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाय। **MOHAMMAD SHARIF** S/O MOHAMMAD MUSTAQEEM निवासी ग्राम महला, पोस्ट पसाई, थाना बखिरा, जिला – सन्तकबीरनगर 272152

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम MANOJ के स्थान पर MANOJ YADAV रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **MANOJ YADAV** पुत्र BARMHA निवासी ग्राम बैरिया पोस्ट हरपुर तिवारी, थाना श्यामदेउरवा, जिला महराजगंज 273301

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम SABRA KHATOON से बदलकर SABIRA KHATOON रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाय। **SABIRA KHATOON** W/O MOHAMMAD SHARIF निवासी ग्राम महला, पोस्ट पसाई, थाना बखिरा, जिला – सन्तकबीरनगर 272152

आवश्यकता है

देवता देवी महिला महाविद्यालय बघौचघाट, अहिरौली, देवरिया में **गृहविज्ञान** विषय में **प्रवक्ता- एक पद,** यू0 जी0सी0 नई दिल्ली, उ0प्र0 शासन एवं दी0 द030 गो0 विश्वविद्यालय गोरखपुर, परिनियमावली के अनुसार योग्य अभ्यर्थी को निर्धारित वेतनमान। इच्छुक अर्ह अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशन के 21 दिनों के अन्दर अपना स्वलिखित आवेदन पत्र समस्त शैक्षणिक अंकपत्र एवं प्रमाण-पत्रों की स्वहस्तारित छायाप्रति तथा फोटो महाविद्यालय कार्यालय में प्रेषित करें।

प्रबन्धक (नीलेश्वर राय)
9554840871

घोषणा

न्यायालय-सिविल जज (सी.डि.), सिद्धार्थनगर
मूल वाद सं.-444 सन् 2026ई.
सावित्री बनाम सरकार उत्तर प्रदेश आदि

सावित्री उम्र करीब 37 वर्ष स्वर्गीय सुरेश निवासी ग्राम-मजिगवा, तप्पा-नादेपार, परगना व तहसील नौगढ़, जनपद-सिद्धार्थनगर, हाल मुकाम पत्नी रमेश, नि. ग्रा. दहियाड़, तप्पा-सिरवत, परगना-नौगढ़, तहसील-शोहरतगढ़, जिला-सिद्धार्थनगर।

बनाम

1. जयपाल पुत्र स्वर्गीय सुरेश निवासी ग्राम-मजिगवा, तप्पा-नादेपार, परगना व तहसील नौगढ़, जनपद-सिद्धार्थनगर के सम्बन्ध में सिविल डेथ उद्घोषणा का वाद संस्थित किया है। यदि उक्त व्यक्ति के बावत कोई हितबद्ध व्यक्ति हो तो उक्त वाद में स्वयं या अपने अधिक्ता के माध्यम से दिनांक 27-11-2026 को 10.00 बजे सुनवाई के समय आपत्ति प्रस्तुत करें।

अतएव यह उद्घोषणा निकाली जा रही है कि उक्त उद्घोषणा वाद में जयपाल पुत्र स्वर्गीय सुरेश निवासी ग्राम-मजिगवा, तप्पा-नादेपार, परगना व तहसील नौगढ़, जनपद-सिद्धार्थनग का सिविल डेथ घोषित कर दिया जायेगा।

आज सन् 2026 के मास 10 के दिवस 23 को दिनांकित।

ह. मुंसरिम
मोहर न्यायालय

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम SATYAM से बदलकर SATYAM YADAV रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाय। **SATYAM YADAV** S/O KAMLESH KUMAR निवासी ग्राम जमुनिया, पोस्ट पीपरपाती तिवारी, जिला – महराजगंज 273302

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम SHIVANSH से बदलकर SHIVANSH YADAV रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाय। **SHIVANSH YADAV** S/O KAMLESH KUMAR निवासी ग्राम जमुनिया, पोस्ट पीपरपाती तिवारी, जिला – महराजगंज 273302

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा माध्यमिक शिक्षा परिषद उ प्र बोर्ड द्वारा निर्गत संस्थागत हाईस्कूल उत्तीर्ण परीक्षा बर्ष 1999 अनुक्रमांक 1271502 एवं इंटरमीडिएट संस्थागत उत्तीर्ण परीक्षा बर्ष 2002 अनुक्रमांक 0528816 का अंकपत्र एवं सह मूलप्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **श्रवण कुमार सिंह** पुत्र राममनी सिंह, ग्राम–दुबौली, पोस्ट–झरकटा, जनपद–गोरखपुर (उ.प्र.) पिन कोड नंबर 273409

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम GULAM WARIS से बदलकर GULAM WARIS GULAM SARWAR IDRISI रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाय। **GULAM WARIS GULAM SARWAR IDRISI** S/O GULAM SERWER निवासी ग्राम परसा माफी, पोस्ट देवकली, थाना बखिरा, जिला – सन्तकबीरनगर 272152

अदालती नोटिस

न्यायालय-अपर नगर मजिस्ट्रेट/सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी
मण्डल: गोरखपुर, जनपद-गोरखपुर, तहसील-सदर
वाद सं.-176/88/106/2001-2002
कम्प्यूटरीकृत वाद सं.-D201805310000140
राघव प्रसाद बनाम राममिलन
अन्तर्गत धारा-229(ख), अधिनियमः-
उ.प्र.ज.वि.भू.व्य. अधिनियम-1950

बनाम-1. राममिलन, 2. लालचन्द पुत्रगण बाढ़ू यादव **प्रतिवादीगण प्रथम पक्ष,** 3. कमलाकान्त पुत्र गौरीशंकर (मृतक), 3/1. अशोक कुमार, 3/2. विनोद कुमार पुत्रगण स्व. कमलाकान्त, 4. धीरज कुमार पुत्र सुरेश नाबालिग उम्र 7 वर्ष (संरक्षिका श्रीमती माधुरी देवी पत्नी सुरेश (माता) **प्रतिवादीगण द्वितीय पक्ष,** 5. प्रियाकान्त, 6. चन्द्रकान्त पुत्रगण हरिहर निवासीगण ग्राम-भौवापार, तप्पा हवेली परगना भौवापार, तहसील सदर, जिला-गोरखपुर **प्रतिवादीगण तृतीय पक्ष,** 7. स्टेट गवर्नमेंट आफ यू.पी. बजरिये कलेक्टर महोदय जिला-गोरखपुर, 8. ग्रामसभा मौजा टोटहा मुस्तकिल (भौवापार), तप्पा हवेली, परगना-भौवापार, तहसील सदर, जनपद-गोरखपुर बजरिये प्रधान श्रीमती मीरा देवी सा.मौ.-भौवापार, तप्पा हवेली, परगना-भौवापार, तहसील सदर, जिला-गोरखपुर।

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक वाद दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 26 माह 10 सन् 2026ई. बवक्त 10.00 बजे दिन में असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो जवाब ऐसे सवालात कर दे सके, हाजिर होवे और जवाबदेही दावा की करे और हरगाह वही तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जवाबदेही के ताईद इस्तेमाल करना चाहते हों, उसी रोज पेश कीजिए। और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूआ और फैसला होगा।

बदस्तत मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज तारीख 22-10-2026 को जारी किया गया।

ह. अपर नगर मजिस्ट्रेट/
सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी,
गोरखपुर

भूसी रखने के विवाद में हमलावरों ने चार को किया लहूलुहान

गोरखपुर, २५ अक्टूबर। बांसगांव थाना क्षेत्र के गोहली बसंत गांव में रविवार की सुबह धान की भूसी रखने को लेकर हुए विवाद में लाठी, डंडा, फावड़ा लेकर घर में घुसकर हमलावरों ने एक महिला समेत तीन लोगों को मार पीटकर न केवल लहूलुहान कर दिया, बल्कि महिला के साथ अश्लील हरकत कर भाग गये। घायलों का उपचार चल रहा है। बांसगांव प्रतिनिधि के अनुसार बांसगांव पुलिस ने पीड़ित पवन यादव पुत्र रामानंद यादव की तहरीर पर गांव के ही रमेश यादव, दिनेश यादव, बैजनाथ यादव, गौरव यादव पुत्रगण जयनाथ यादव के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

मोबाइल पर बात करने से मना करने पर किशोरी ने घर छोड़ा

गोरखपुर, २५ अक्टूबर। गुलरिहा थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में महिला द्वारा अपनी नाबालिग बेटी को किसी युवक से मोबाइल पर बात करने से मना पर उसके घर छोड़ने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने मामले में पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही युवक पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। हमारे भटहट बाजार प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को दिये तहरीर में पीड़िता ने लिखा है कि २२ अक्टूबर की रात लगभग ११४:३० बजे उनकी १४ वर्षीय बेटी किसी से फोन पर बात कर रही थी। शक होने पर मोबाइल मांगने लगी तब लड़की ने देने से इंकार कर दिया,जिसे लेकर मां बेटी में मोबाइल को लेकर छीना-झपटी भी हुई लेकिन किशोरी ने फिर भी मोबाइल नहीं दी। रात लगभग एक बजे उन्हें पता चला कि उनकी नाबालिग बेटी घर में रही है। उन्होंने इधर उधर काफी तलाश की लेकिन उसका पता नहीं चला। महिला के अनुसार उन्हें शक है कि उनकी बेटी मदरहवा निवासी अर्जुन के साथ कहीं चली गई। बहरहाल लड़की के मां की तहरीर पर पुलिस अर्जुन के खिलाफ धारा १३७ (२) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर जांच तलाश शुरू कर दी है।

कालेज पढ़ने गई छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में गायब- गुलरिहा थाना क्षेत्र में घर से कालेज पढ़ने गई छात्रा के संदिग्ध परिस्थितियों में गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। छात्रा के पिता के अनुसार उनकी २३ वर्षीय बेटी पड़ोसी गांव स्थित डिग्री कालेज में पढ़ाई करती है, प्रतिदिन की तरह ही वह २३ अक्टूबर को सुबह ९ बजे कालेज में पढ़ने गयी थी, लेकिन देरशाम तक वह लौट कर घर वापस नहीं आयी। इधर उधर काफी तलाश किया गया है लेकिन उसका पता नहीं चला। पिता की तहरीर पर पुलिस अज्ञात के खिलाफ धारा ८७ बीएनएस के तहत केस दर्ज कर जांच तलाश शुरू कर दी है।

जायसवाल विकास समिति ने आयोजित की विभिन्न प्रतियोगिता

गोरखपुर, २५ अक्टूबर। जायसवाल विकास समिति गोरखपुर के तत्वावधान में महिलाओं का डांडिया, मिक्स अनाज को अलग करना, मेहंदी, सुई-धागा तथा खेलो जीतो प्रतियोगिता,कार्यक्रम आजीवन सदस्य व भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री रागिनी जायसवाल व कर्मठ आजीवन सदस्य श्रीमती सिंधु जायसवाल के निर्देशन में आयोजित हुआ। जिसका संचालन मीना गुप्ता और सुनीता जायसवाल ने किया।

समारोह व प्रतियोगिता का उद्घाटन समिति के संरक्षक सुरेश चन्द्र जायसवाल, केन्द्रीय अध्यक्ष बृजेन्द्र स्वरूप जायसवाल, वरिष्ठ आजीवन सदस्या उषा किरन, शगुन मैरिज हाउस की मालकिन बरखा जायसवाल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर आजीवन सदस्य कंचन जायसवाल व मीना गुप्ता ने स्वागत स्वरुप मनभावक गीत प्रस्तुत किये। प्रतियोगिता में मिक्स मिक्स अनाज को अलग करने का संचालन सरिता जायसवाल, सुई धागा प्रतियोगिता का ललिता जायसवाल व पुष्प जयसवाल, मेहंदी प्रतियोगिता का प्रोफेसर किरन जायसवाल व वंदना जायसवाल, डांडिया प्रतियोगिता का कंचन जायसवाल और शालिनी जायसवाल तथा खेलो जीतो प्रतियोगिता का वंदना जायसवाल द्वारा कराया गया। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी मंशा जायसवाल को समिति के संरक्षक से सुरेश चन्द्र जायसवाल, आराधना जायसवाल को केन्द्रीय अध्यक्ष बृजेन्द्र जायसवाल और रूचि जायसवाल बरखा जायसवाल ने पुरस्कार प्रदान किया। तत्पश्चात सहभोज के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर केन्द्रीय अध्यक्ष बृजेन्द्र स्वरूप व सुरेश चन्द्र जायसवाल ने कार्यक्रम की सफलता के लिए महिलाओ के योगदान को सराहते हुए कहा कि हर मनुष्य में जन्म से ही अनेक प्रतिभाएं छिपी होती हैं, जो एक सही मंच पाकर निखरती हैं। कार्यक्रम बालिस्टर प्रसाद गुप्ता, संजय जायसवाल की देखरेख मे सम्पन्न हुआ।



सूचना-सर्वसाधारण को सूचित करना है कि मैंने अपना नाम SATENDRA SHINI से बदलकर SATYENDRA SAINI रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाए। **SATYENDRA SAINI** पुत्र SHASHI KANT SAINI निवासी ग्राम नगवा खास, एकौना, जिला देवरिया

कार्यालय अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड-महराजगंज

पत्रांक-734/ग्रा.अ.वि./निविदा/2026-27 दिनांक 21-10-2026

अल्पकालीन मैनुअल निविदा सूचना 2026-27

महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड-महराजगंज द्वारा ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में विभिन्न श्रेणियों 'ए', 'बी','सी' एवं 'डी' में पंजीकृत एवं अर्ह ठेकेदारों से मैनुअल विधि के माध्यम से प्रतिशत दर पर मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

क्र0 सं0	ब्लाक	योजना का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण होने की अवधि	अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	जिलाधिकारी का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
	डा0बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति विकास योजनान्तर्गत समाज सुधारकों, महापुरुषों, सामाजिक न्याय के प्रणेतागण तथा सांस्कृतिक विभूतियों की मूर्तियों की सुरक्षा, सुदृढ़ीकरण तथा सौन्दर्यीकरण का कार्य।									
1	घुघली	–	डा0 भीमराव अम्बेडकर (प्रतिमा) सोहरौना राजा	9.99	0.20	856.00	45 दिन	विकास भवन महराजगंज	नहर रोड दाउदपुर गोरखपुर	कलेक्ट्रेट महराजगंज
2	परतावल	–	डा0 भीमराव अम्बेडकर (प्रतिमा) बांसपार कोठी	9.97	0.20	856.00	45 दिन	विकास भवन महराजगंज	नहर रोड दाउदपुर गोरखपुर	कलेक्ट्रेट महराजगंज
3	घुघली	–	डा0 भीमराव अम्बेडकर (प्रतिमा) अहिरौली	8.68	0.17	856.00	45 दिन	विकास भवन महराजगंज	नहर रोड दाउदपुर गोरखपुर	कलेक्ट्रेट महराजगंज
4	घुघली	–	डा0 भीमराव अम्बेडकर (प्रतिमा) रामपुर बल्डिहा	10.00	0.20	856.00	45 दिन	विकास भवन महराजगंज	नहर रोड दाउदपुर गोरखपुर	कलेक्ट्रेट महराजगंज
5	मिठौरा	–	डा0 भीमराव अम्बेडकर (प्रतिमा) पिपरा कल्याण	9.53	0.19	856.00	45 दिन	विकास भवन महराजगंज	नहर रोड दाउदपुर गोरखपुर	कलेक्ट्रेट महराजगंज
6	न.पा.सदर	–	डा0 भीमराव अम्बेडकर (प्रतिमा) अम्बेडकरनगर वार्ड 1	9.53	0.19	856.00	45 दिन	विकास भवन महराजगंज	नहर रोड दाउदपुर गोरखपुर	कलेक्ट्रेट महराजगंज
7	निचलौल	–	डा0 भीमराव अम्बेडकर (प्रतिमा) बड़हरा बरगाही	9.36	0.19	856.00	45 दिन	विकास भवन महराजगंज	नहर रोड दाउदपुर गोरखपुर	कलेक्ट्रेट महराजगंज
8	निचलौल	–	डा0 भीमराव अम्बेडकर (प्रतिमा) सोहट	9.94	0.20	856.00	45 दिन	विकास भवन महराजगंज	नहर रोड दाउदपुर गोरखपुर	कलेक्ट्रेट महराजगंज
9	निचलौल	–	डा0 भीमराव अम्बेडकर (प्रतिमा) लक्ष्मीपुर खुर्द	9.95	0.20	856.00	45 दिन	विकास भवन महराजगंज	नहर रोड दाउदपुर गोरखपुर	कलेक्ट्रेट महराजगंज
10	निचलौल	–	डा0 भीमराव अम्बेडकर (प्रतिमा) डोमा खास	9.53	0.19	856.00	45 दिन	विकास भवन महराजगंज	नहर रोड दाउदपुर गोरखपुर	कलेक्ट्रेट महराजगंज
11	निचलौल	–	डा0 भीमराव अम्बेडकर (प्रतिमा) बेलवां	10.00	0.20	856.00	45 दिन	विकास भवन महराजगंज	नहर रोड दाउदपुर गोरखपुर	कलेक्ट्रेट महराजगंज
12	निचलौल	–	डा0 भीमराव अम्बेडकर (प्रतिमा) बजही	9.93	0.20	856.00	45 दिन	विकास भवन महराजगंज	नहर रोड दाउदपुर गोरखपुर	कलेक्ट्रेट महराजगंज
13	निचलौल	–	डा0 भीमराव अम्बेडकर (प्रतिमा) गिरहिया	9.53	0.19	856.00	45 दिन	विकास भवन महराजगंज	नहर रोड दाउदपुर गोरखपुर	कलेक्ट्रेट महराजगंज
14	नौतनवा	–	डा0 भीमराव अम्बेडकर (प्रतिमा) गनेशपुर	9.98	0.20	856.00	45 दिन	विकास भवन महराजगंज	नहर रोड दाउदपुर गोरखपुर	कलेक्ट्रेट महराजगंज
15	नौतनवा	–	डा0 भीमराव अम्बेडकर (प्रतिमा) मधुबनी	9.99	0.20	856.00	45 दिन	विकास भवन महराजगंज	नहर रोड दाउदपुर गोरखपुर	कलेक्ट्रेट महराजगंज

1. निविदा सूचना में अंकित कार्यालयों (कालम सं0- 9, 10 व 11) में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता/विक्रय की तिथि - दिनांक 28.10.2026 से 03.11.2026 तक प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक।
2. निविदा डालने की तिथि, समय व स्थान - दिनांक 04.11.2026 को अपरान्ह 1.00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जनपद-महराजगंज।
3. निविदा खोलने की तिथि, समय व स्थान - दिनांक 04.11.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जनपद-महराजगंज।
4. निविदा से सम्बंधित अधिक जानकारी के लिए कृपया नियोक्ता कार्यालय अर्थात अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड-महराजगंज से सम्पर्क करें।

(प्रवीण कुमार भारती)
अधिशासी अभियंता
ग्रामीण अभियंत्रण विभाग
प्रखण्ड-महराजगंज

उ.प्र.-259417/दिनांक 24-10-2026 इमेल-upinformataion@nic.in

कार्यालय अधीक्षण अभियंता गोरखपुर वृत्त, लो.नि.वि., गोरखपुर

पत्रांक-8259/135 सी.-गोरखपुर वृत्त/2026 दिनांक 17-10-2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के "ए" श्रेणी के पात्र मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0, गोरखपुर के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	सिविल कार्य की लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	गोरखपुर	जनपद गोरखपुर में निर्माणाधीन अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पहुँच मार्ग हेतु 8 लेन एवं पेरीफेरी हेतु 04 लेन में मार्ग का नव निर्माण कार्य (लम्बाई 1.850 किमी0)।	5650.00	56.50	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714	15 माह	ए

बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दि0 05.11.2026 से 13.11.2026 तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 13.11.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 13.11.2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 13.11.2026 को 12:00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(अरविन्द सिंह)
अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि.
गोरखपुर

(अशोक कुमार वर्मा)
अधीक्षण अभियंता
गोरखपुर वृत्त, लो.नि.वि.
गोरखपुर

उ.प्र. 259263/दिनांक 24-10-2026 इमेल-upinformation@nic.in

जमीनी विवाद में दबंगों ने देवरानी जेठानी को मारपीट कर किया घायल

अपराध संवाददाता

गोरखपुर, २५ अक्टूबर। गुलरिहा थाना क्षेत्र के सिंगोरवा बरगदही गांव में जमीनी विवाद को लेकर दबंगों द्वारा दो महिलाओं को मारपीट करके घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। दोनों महिलाएं देवरानी जेठानी है। घटना २३ अक्टूबर की बताई जा रही है,जिसमें शनिवार को पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने देरशाम २४ नामजद सहित २५ हमलावरों के लिखाफ मुकदमा दर्ज किया है। भटहट प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को दिये तहरीर में सिंगोरवा बरगदही गांव निवासी मनोज की पत्नी कंचन और बलिराम की पत्नी प्रीति ने पुलिस को दिये तहरीर में लिखा है कि वह जेठानी देवरानी है, उनके पति काम के सिलसिले में बाहर करते हैं, उनके पट्टीदार रामा पुत्र सीताराम से जमीन को लेकर विवाद है, जबकि झगड़े की भूमि का बटवारा हो चुका है। आरोप है कि २३ अक्टूबर को सुबह लगभग ७:१५ बजे उक्त विवादित जमीन को लेकर रामा, उनकी पत्नी सुमन, झीनक, जगदीश पुत्र मोनू, अंजली, अनिल सहित परिवार के २४ लोग व एक अज्ञात ने घर में घुसकर घर में रखे सामान इधर उधर फेंक दिया और हम दोनों महिलाओं को मारापीटा जिससे उन्हें कई जगह चोट आई है। पुलिस ने मिली तहरीर के आधार पर मु०अ०सं० ८८२२०२६ धारा १९१(२), ३३३, ११५(२), ३५१(३) भा०न्या०सं० दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरु कर दिया है।

❖ गुलरिहा क्षेत्र की घटना,पीड़िता की तहरीर पर २४ नामज़द सहित २५ पर मुकदमा

अखिलेश चन्द द्वारा ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड लाहिड़ी बिल्डिंग बैंकरोड, गोरखपुर से मुद्रित एवं ज्ञानमण्डल लिमिटेड लाहिड़ी बिल्डिंग बैंक रोड गोरखपुर से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय व्यवस्थापक : अखिलेश चन्द

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
प्रयागराज : ३, लीडर रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं.-३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड

पंजीयन संख्या-आर.एन. ३८७१०/८१
दूरभाष : २२०१८७६
फैक्स : २३३१२१२
e-mail-aj_gorakhpur@yahoo.com
ajgorakhpur@gmail.com

पी.आर.बी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद गोरखपुर न्यायालय के अधीन होगा।

पाठकों से

'**आज**' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वतः जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा '**आज**' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबंधक

टीकाकरण के 12 घंटे बाद नाक से ब्लड आया, मौत

गोरखपुर, २५ अक्टूबर। भटहट ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत घोड़ादेउर में 54 दिन के अक्षांश को टिकाकरण के 12 घंटे बाद नाक से ब्लीडिंग होने पर परिजन सीएचसी ले गए। वहां के चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताते हुए बीआरडी रेफर कर दिए। वहां के चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पीड़ित पिता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। भटहट प्रतिनिधि के अनुसार घोड़ादेउर निवासी राम वशिष्ठ पुत्र राधेश्याम गौड़ मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज शिकायत में लिखा है कि 23 अक्टूबर को एएनएम द्वारा टीकाकरण का कार्य किया जा रहा था। हम अपने बच्चे आयांश जिसकी उम्र महज 54 दिन था, को टीका लगवाने एएनएम सेंटर ले गए थे। जहां बच्चे को तीन टीका लगा था। उसके 12 घंटे बाद बच्चे के नाक से दो बार ब्लड आया। उसके बाद बच्चे को सामु दायिक स्वास्थ्य केंद्र भटहट ले गए। जहां से उसकी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहां बच्चे की मृत्यु हो गया। जिससे हम मैं काफी मानसिक रूप से पीड़ित हुं।



❖ पीड़ित पिता ने मुख्यमंत्री पोर्टल शिकायत कर जांच की मांग की

पीड़ित पिता ने गंभीरता पूर्वक जांच करने की मांग की है। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डा. अविनाश कुमार ने बताया कि 23 अक्टूबर को नियमित टिकाकरण सत्र पर छह बच्चों को टीका लगा था किसी कोई समस्या नहीं हुआ। मृत्य का कारण टिकाकरण नहीं हो सकता है।

विष्णु मंदिर में शुरू हुआ धार्मिक अनुष्ठान, निकली कलश यात्रा

गोरखपुर, २५ अक्टूबर। मानस उत्थान समिति द्वारा श्री विष्णु मंदिर असुरन में आज से विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हुए। प्रात: वैदिक मंत्रों के बीच हनुमंत आह्वान व हनुमत ध्वज स्थापना हुई। मुख्य यज्ञाचार्य पंडित सुंदर श्याम त्रिपाठी व यज्ञाचार्य गण पं सोनू शर्मा, पंडित राकेश शुक्ल, पंडित रामधर द्विवेदी व पंडित लोक नारायण शास्त्री ने पूजन कराया। मुख्य यजमान शरदेंदु पाण्डेय सपत्नीक रहे। इसके बाद कलश यात्रा का शुभारंभ डॉ. धर्मेंद्र सिंह विधान परिषद सदस्य, डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव महापौर नगर निगम गोरखपुर, वरिष्ठ भाजपा नेता संत राज यादव, व समिति के अध्यक्ष राधेश्याम श्रीवास्तव ने ध्वज दिखा कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा में सबसे पहले बैंड बाजा, चार घोड़े पर श्री राम चारों भाई सवार थे, उसके बाद यजमान गण, फिर दो पंक्तियों में पीली साड़ी पहने स्त्रियाँ कलश लेकर चल रही थी अंत में एक रथ पर शंकर जी सहित माता पार्वती, गणेश जी व कार्तिकेय जी बैठे थे। कलश यात्रा श्री विष्णु मंदिर से विशाल शामियाना हाउस होते हुए



श्री गीता वाटिका मंदिर दर्शन करने के पश्चात असुरन चौराहा होते हुए विष्णु मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में रास्ते में श्रद्धालु पुष्प वर्षा कर रहे थे और कई स्थानों पर जलपान की ही व्यवस्था किए थे। रास्ते में श्रद्धालु जय घोष करते हुए आगे बढ़ रहे थे। सारे कलश यज्ञशाला के चारों तरफ स्थापित किए गए। मुख्य कलश यज्ञशाला के बीच वैदिक मंत्रों साथ स्थापित किया गया। मीडिया प्रभारी बृजेश मणि मिश्र ने बताया कि कल प्रात: 9 बजे यज्ञ हवन किया जाएगा। प्रात: 8.30 बजे से सप्त दिवसीय श्री हरिनाम अखंड संकीर्तन तथा पुराण का परायण का शुभारंभ होगा। शाम 4.30 बजे से कथा व्यास पंडित हनुमतेश मिश्र द्वारा श्री राम कथा का शुभारंभ होगा और रात्रि 8.30 बजे से रामलीला का मंचन किया जाएगा, कल रामलीला में नारद मोह का मंचन होगा। इस अवसर पर गिरीश चंद्र वर्मा संरक्षक, राजीव रंजन अग्रवाल, डॉ सत्य पांडे पूर्व महापौर, बृजेश मणि मिश्र,दयानंद शर्मा, विशाल चौरसिया, प्रवीण श्रीवास्तव, नीरज कुमार,शिशिर वर्मा, डी एन यादव, मीरा दुबे, मीनाक्षी सिंह, प्रीति शाही, अजीत राज, राजकुमार मौर्या का विशेष सहयोग रहा।

ब्लड डोनेशन कैम्प में 15 लोगों ने किया रक्तदान

गोरखपुर, २५ अक्टूबर। सैंथवार मल्ल ब्लड डोनर्स क्लब के तत्वाधान में फातिमा हॉस्पिटल गोरखपुर में



ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। ब्लड डोनेशन कैम्प का शुभारंभ ई शशि प्रताप सिंह (ब्लॉक प्रमुख,पाली) ने किया,उन्होंने अपने संबोधन में समाज में ब्लड डोनेशन के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर देते हुए युवाओं को आगे आकर नियमित रूप से ब्लड डोनेट करने का आह्वान किया। आज के कैंप में संजय सिंह, रोहिताश्व सिंह, जयगोपाल सिंह, धीरज प्रताप मल्ल, अनादि कु सिंह, अभिमन्यु सिंह, अखिलेश कु सिंह, सिद्धांत वर्धन सिंह, संदीप सिंह, प्रशांत कु सिंह, कमलेश पांडेय, सतीश कु सिंह, दीपक सिंह, सहित 15 लोगों ने रक्तदान किया। कैम्प के अंत में ब्लड डोनर्स क्लब के संयोजक प्रभात सौरभ सिंह समस्त रक्तदाताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

रावण का वध होते ही गूंजा श्रीराम का जयघोष

गोरखपुर, २५ अक्टूबर। धर्मशाला बाजार की रामलीला में अहिरावण वध और रावण वध का सुन्दर मंचन किया गया। आज के कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजेश कुमार सिंह चेयरमैन, सभापति दी एन.ई.एण्ड ई.सी. रेलवे इम्प्लाइज मल्टी स्टेट प्राइमरी को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के द्वारा प्रभु श्री राम की आरती उतार कर किया गया। समिति के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर तथा अंग वस्त्र पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम चन्द्र के आदर्श एवं उनके कर्तव्य निष्ठता से प्रेरणा लेकर हम सभी को उन आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। महानंद गिरि के नेतृत्व में आदर्श रामलीला मंडली अयोध्या धाम के कलाकारों ने जब रावण का भाई कुम्भकरण और पुत्र मेघनाथ युद्ध में मारे जाते हैं तब रावण स्वंय युद्ध भूमि में श्री राम से युद्ध लड़ने के लिए आता है और श्री राम तथा रावण के बीच घोर युद्ध होता है। श्री राम रावण को मारने का बहुत प्रयास करते हैं किन्तु रावण नहीं मरता है,तब विभीषण श्री राम से कहते हैं कि



प्रभु आप रावण के नाभि में बाण चलाएं तभी रावण का वध होगा,तब श्री राम ने विभीषण के कहे अनुसार रावण की नाभि में बाण चलाया और रावण हे राम-हे-राम कहते हुए धरती पर गिर पड़ता है और उसका अन्त हो जाता है। इसी क्रम में श्री राम रावण के विशालकाय पुतले में अग्निबाण चलाते हैं और आकर्षक आतिशबाजी के साथ रावण का पुतला धू-धू कर जल उठता है। बुराई पर अच्छाई की विजय होती है। इसी के साथ जय श्री राम के उद्घोष के बीच पूरा मैदान गुंजायमान हो जाता है। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारीगण शिवशंकर दूबे, सत्यनारायण प्रसाद गुप्त, दुर्गेश कोरी, शशांक शेखर त्रिपाठी, सच्चिदानन्द पाण्डेय, रवि प्रकाश मिश्र, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, राजन चौरसिया, शिवशंकर गुप्ता, विजय तिलक कोरी, दुर्गेश गुप्ता, सचिन गुप्ता, विनोद दूबे, राकेश गुप्ता, सत्येंद्र सिंह सहित समस्त सदस्य एवं भारी संख्या में उपस्थित दर्शकों ने रामलीला के मंचन और मेले का आनंद उठाया। मीडिया प्रभारी राजन चौरसिया ने बताया कि सोमवार 2 नवम्बर को भरत मिलाप हेतु श्री राम की शोभा यात्रा मध्य रात्रि के पश्चात नखास चौक स्थित छब्बालाल मंदिर से चलकर बक्शीपुर,आर्य नगर,हजारीपुर मार्ग से धर्मशाला बाजार भरत मिलाप चौक पर पहुंचेगी जहां मंगलवर प्रात: 5 बजे भरत मिलाप का कार्यक्रम संपन्न होगा।

चप्पे -चप्पे पर रही पुलिस फिर भी लगा रहा जाम

अपराध संवाददाता

गोरखपुर, २५ अक्टूबर। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-२०२६ आज निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। उक्त परीक्षा की दोनों पालियों के दौरान सिविल पुलिस और ट्रैफिक पुलिस के जवान चप्पे चप्पे पर तैनात रहे। परीक्षा आरम्भ के समय सबकुछ सामान्य रहा लेकिन देरशाम परीक्षा समाप्त होने के बाद अचानक सड़कों पर आये यात्री दबाव ने व्यवस्थों को धवस्त कर दिया। स्टेशन रोड पर जाने वाले लगभग सभी मार्ग पर वाहनों की कतारे लगी रही। सबसे ज्यादा समस्या रेलवे बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन मार्ग पर देखा गया। हालांकि भीड़ और वाहनों को नियंत्रित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस के साथ थाना पुलिस के जवान चौकी इंचार्ज के साथ मुस्तैद रहकर लोगों की राह आसान बनाते रहे। ज्ञातव्य है कि जनपद में २५ व ३० अक्टूबर और ०१ नवंबर को छह पालियों में पीईटी-२०२६ की परीक्षा आयोजित होनी है। जिसके लिए जिले के ५२ परीक्षा केंद्र बनाये गये है। परीक्षार्थियों को कोई समस्स ना हो इसकी के शनिवार को शाम जिलाधिकारी दीपक मीणा और एसएसपी डॉ. कौस्तुभ ने परीक्षार्थियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखकर रेलवे स्टेशन परिसर, बस स्टैंड तथा नगर निगम के रैन बसेरों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने को कहा था।

एक नई आशा संस्था ने धूमधाम से मनाया डांडिया उत्सव

गोरखपुर, २५ अक्टूबर। सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था 'एक नई आशा' द्वारा आज भव्य एवं उल्लासपूर्ण डांडिया उत्सव का आयोजन किया गया। रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों, भक्ति-



संगीत और डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण मां दुर्गा की आराधना और उत्सव के रंग में सराबोर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु पूजन से हुआ। संस्था की संस्थापक सीमा छापड़िया ने विधि-विधान से गुरु पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके पश्चात मां दुर्गा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा संस्था के सभी सदस्यों ने श्रद्धापूर्वक पुष्प अर्पित कर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। इसके बाद डांडिया उत्सव का रंगारंग आगाज हुआ। मधुर भक्ति एवं डांडिया गीतों की धुन पर संस्था की सदस्यों ने उत्साहपूर्वक डांडिया एवं गरबा प्रस्तुत किया। इसी के साथ डांडिया पासिंग गेम भी हुआ। कार्यक्रम में आपसी प्रेम, सौहार्द और भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली। संस्था की अध्यक्ष डॉ. निशि अग्रवाल ने कहा कि एक नई आशा संस्था सामाजिक सरोकारों के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, परंपराओं और त्योहारों को सामूहिक रूप से मनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। ऐसे आयोजनों से सदस्यों के बीच आत्मीयता बढ़ती है और हमारी सांस्कृतिक विरासत नई पीढ़ी तक पहुंचती है। कार्यक्रम का संचालन ऋतु जालान एवं नम्रता गोयनका ने किया। इस अवसर पर संस्था की संस्थापक सीमा छापड़िया, आशीष छापड़िया, अध्यक्ष डॉ. निशि अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष अनूप बंका, अरविंद अग्रवाल, उषा मस्करा, सुनयना बंका, राधा सराफ, तन्वी अग्रवाल सहित संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

आर.पी.एस.एफ. को पराजित कर उत्तर रेलवे फाइनल में

गोरखपुर, २५ अक्टूबर। रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे के तत्त्वावधान में सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम, गोरखपुर में चल रही 33वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल बास्केटबॉल प्रतियोगिता-2026 के



तीसरे दिन आज खेले गये पहले सेमीफाइनल मैच के एकतरफा मुकाबले में उत्तर रेलवे ने रेलवे सुरक्षा विशेष बल (आर.पी.एस.एफ.) को 60-36 अंकों से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। उत्तर रेलवे के करमजीत सिंह, अनिल कुमार, राजेश दहिया एवं सुनिल महला ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। रेलवे सुरक्षा विशेष बल (आर.पी.एस.एफ.) के सौरभ सिंह, विवेक, पवन एवं बिट्टू का प्रदर्शन सराहनीय रहा। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी, क्षेत्रीय रेलों के सदस्यगण, बास्केटबॉल संघ गोरखपुर के सदस्यगण एवं पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ (नरसा) के पदाधिकारी तथा भारी संख्या में बास्केटबॉल प्रेमी उत्साहपूर्वक मैच का आनन्द ले रहे थे। देर सायं तक दूसरा सेमीफाइनल मैच पूर्वोत्तर रेलवे एवं दक्षिण रेलवे के मध्य खेला जा रहा था। कल 26 अक्टूबर, को प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला जायेगा।

एमपी कॉलेज के क्रीड़ाध्यक्ष अभय प्रताप सिंह मंडलीय उपसचिव पद पर नामित

गोरखपुर, २५ अक्टूबर। गोरखपुर मंडल में आयोजित माध्यमिक विद्यालयीय मंडल,राज्यस्तरीय तथा



राष्ट्रीय खेलो की तैयारी एवं सकुशल संपन्न कराने, विद्यालयों में खेलों को बढ़ावा देने हेतु संयुक्त शिक्षा निदेशक, सप्तम मंडल, गोरखपुर के द्वारा महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज, गोरखपुर के क्रीड़ाध्यक्ष अभय प्रताप सिंह को मंडलीय उपसचिव डूके पद पर नामित किया गया। इस वर्ष मंडल गोरखपुर में बास्केटबॉल,कुश्ती, ताइक्वांडो एवं कबड्डी की राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित हो चुकी है। साथ ही 17 वर्षीय बालक/ बालिका की राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता दिसंबर माह में आयोजित होनी है। राज्य स्तरीय चारों प्रतियोगिताओं में श्री सिंह ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाया। विद्यालय की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य डॉ अरुण कुमार सिंह तथा विद्यालय परिवार के समस्त अध्यापक एवं कर्मचारियों ने शुभकामनाएं प्रदान की।

एम्स में अधीक्षण अभियंता की नियुक्ति पर सवाल, योग्यता से अनुभव तक विवाद

गोरखपुर, २५ अक्टूबर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), गोरखपुर में नियुक्तियों की पारदर्शिता एक बार फिर सवालों के घेरे में है। इस बार एम्स के इंजीनियरिंग विभाग में तैनात अधीक्षण अभियंता लेफ्टिनेंट कर्नल मनीषा तिवारी की नियुक्ति को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। बस्ती निवासी निखिल मौर्य ने स्वास्थ्य मंत्रालय से लेकर एम्स की कार्यकारी निदेशक तक को कई पत्र भेजकर नियुक्ति में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और अनिवार्य दस्तावेजों की उपलब्धता पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने नियुक्ति प्रक्रिया की जांच कराने और कथित अनियमितताएं प्रमाणित होने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एम्स प्रतिनिधि के अनुसार निखिल मौर्य का दावा है कि उन्होंने सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत प्राप्त सूचनाओं और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर नियुक्ति को चुनौती दी है। उनका आरोप है कि मामले में कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक अपेक्षित कार्रवाई सामने नहीं आई है। हालांकि, नियुक्ति में अनियमितता के आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि और संबंधित अधिकारियों का पक्ष सामने आना बाकी है। एम्स गोरखपुर ने अधीक्षण अभियंता पद पर नियुक्ति के लिए सितंबर 2023 में विज्ञापन जारी किया था। चयन

♦ निखिल मौर्य ने स्वास्थ्य मंत्रालय और कार्यकारी निदेशक को भेजे कई पत्र, डिग्री, अनुभव और जरूरी दस्तावेजों पर उठाए सवाल का भी दावा

प्रक्रिया के बाद डिफेंस सेटेलाइट कंट्रोल सेंटर में सेकेंड-इन-कमांड के पद पर कार्यरत लेफ्टिनेंट कर्नल मनीषा तिवारी को प्रतिनियुक्ति पर तैनात किया गया। निखिल मौर्य का आरोप है कि इस पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव संबंधी शर्तों के संदर्भ में नियुक्ति की जांच आवश्यक है। उनके मुताबिक, संबंधित भर्ती नियमों में मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल या सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री की पात्रता का प्रावधान है, जबकि मनीषा तिवारी की डिग्री इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बताई गई है। एम्स गोरखपुर में पूर्व में भी नियुक्तियों और पात्रता को लेकर विवाद सामने आते रहे हैं। संस्थान की पूर्व कार्यकारी निदेशक प्रो. सुरेखा किशोर और पूर्व कार्यकारी निदेशक प्रो. जीके पाल के कार्यकाल से जुड़े नियुक्ति विवादों का मामला चर्चा में रहा। इसके अलावा, अनुभव संबंधी पात्रता को लेकर अन्य पदों पर हुई नियुक्तियों और अधिकारियों की सेवाएं समाप्त किए जाने के मामले भी सामने आए हैं। ऐसे मामलों के बीच अधीक्षण अभियंता की नियुक्ति पर उठे सवालों ने संस्थान की भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर बहस फिर तेज कर दी है। हालांकि, पूर्व के मामलों और वर्तमान नियुक्ति विवाद के तथ्यों को अलग-अलग आधार पर देखना जरूरी है। एम्स गोरखपुर के मीडिया प्रभारी डॉ. अरूप मोहंती से शिकायतकर्ता निखिल मौर्य की ओर से लगाए गए आरोपों के संबंध में मोहंती को व्हाट्सएप के जरिए उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन खबर लिखे जाने तक उनकी ओर से कोई जवाब नहीं मिला।

पुरुष मित्र के घर में युवती ने की खुदकुशी

गोरखपुर, २५ अक्टूबर। गुलरिहा थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति के घर में देवरिया की युवती के खुदकुशी का मामला प्रकाश में आया है। जिस व्यक्ति के घर में

♦ प्रेमी पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज

खुदकुशी की घटना हुई वह मृतका के पुरुष मित्र का बताया जा रहा है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची मृतका की मां ने युवती के पुरुष मित्र पर जबरन शादी का दबाव बना कर आत्महत्या के लिए मजबुर करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने मिली तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा १०८ भा०न्या०सं० के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरु कर दिया है। हमारे भटहट बाजार प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार जनपद देवरिया के भलुआनी थाना क्षेत्र निवासी विधवा महिला ने पुलिस को दिये तहरीर में लिखा है कि वह अपनी बड़ी बेटी के साथ गुलरिया थाना क्षेत्र निवासी बहन के घर रहती है। तीन वर्ष पूर्व उनकी बेटी की मुलाकात सेमरा नंबर एक निवासी नितिन सिंह से शुरु हुई थी। इसके बाद बेटी का नितिन के घर आना-जाना लगा रहता था। नितिन मेरी पुत्री पर शादी का दबाव बनाता रहता था। शादी के लिए उसे प्रताड़ित करने लगा। यह सारी बातें बेटी मुझसे बताती थी। २२ अक्टूबर को पुत्री ने सुबह दस बजे नितिन के घर गयी थी, शाम तक वापस नहीं लौटी। हम लोग निखिल के घर पहुंचे तो पता चला कि बेटी ने उसके घर में आत्महत्या कर लिया है। पीड़िता का आरोप है कि नितिन द्वारा जबरन शादी का दबाव बना कर मेरी पुत्री को आत्महत्या के लिए मजबुर किया गया है।

गोरखपुर क्लब में भव्यता और श्रद्धा के साथ श्याम महोत्सव का शुभारंभ

गोरखपुर, २५ अक्टूबर। श्री श्याम गुणगान समिति, गोरखपुर के तत्वावधान में रविवार को गोरखपुर क्लब में भव्य श्याम महोत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण में किया गया। भगवान श्री खाटू श्याम जी की महिमा को समर्पित इस आयोजन में भक्ति, आस्था और आध्यात्मिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। बाबा श्याम के जयकारों से पूरा परिसर गुंजायमान रहा और श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए। महोत्सव में देश के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे भजन गायकों ने अपनी सुमधुर एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बीकानेर, राजस्थान से प्रवेश शर्मा, जयपुर, राजस्थान से संजय पारीक, दिल्ली से हरीश शर्मा, हरि महेंद्र पाल सिंह रोमी तथा आयुष सोमानी ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से बाबा श्याम की महिमा, कृपा, करुणा और भक्तों के प्रति उनके असीम प्रेम का भावपूर्ण गुणगान किया। भजन संध्या के दौरान हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा और तीन बाण



धारी, खाटू के बिहारी जैसे लोकप्रिय श्याम भक्ति भावों ने श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और आस्था का संचार किया। भजनों में बाबा के प्रति समर्पण, विश्वास और प्रेम की अभिव्यक्ति ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। श्रद्धालु भक्ति संगीत पर झूमते हुए बाबा के जयकारे लगाते नजर आए। पूरा आयोजन मानो श्याम प्रेम की अविरल धारा में प्रवाहित हो रहा था। भगवान श्री खाटू श्याम जी को कलियुग में हारे हुए लोगों का सहारा और भक्तों के विश्वास का प्रतीक माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि सच्चे मन से बाबा का स्मरण करने वाले भक्तों को कठिन परिस्थितियों में धैर्य, आशा और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। बाबा श्याम की महिमा का यही भाव महोत्सव की भजन प्रस्तुतियों में दिखाई दिया। श्रद्धालुओं ने बाबा के चरणों में शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि, समाज में शांति, जनकल्याण और सभी के मंगलमय जीवन की कामना की।

❖ भजन गायकों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां, बाबा श्याम की भक्ति में भावविभोर हुए श्रद्धालु

भक्ति और ज्ञान को चरम पर पहुंचाता है श्रीमद् भागवत पुराण

गोरखपुर, २५ अक्टूबर। भक्ति, ज्ञान और वैराग्य को चरम सीमा पर पहुंचाने का नाम श्रीमद् भागवत पुराण है, जब मनुष्य का कई जन्मों का पुण्य उदय होता है तब ऐसा शुभ अवसर आता है कि मनुष्य का जीवन धन्य हो जाता है। बांसगांव प्रतिनिधि के अनुसार बांसगांव विकास खंड के ग्राम जिगिना भियांव में चल रहे नौ दिवसीय संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन कथा व्यास दामोदर दास महाराज व्यक्त किया। उन्होने कहा कि संत महापुरुषों का हृदय नवनीत मक्खन के सामान होता है। नारद जी ने भक्त के दु:ख को दूर करने और धुंधकारी को प्रेत योनि से मुक्त कराने के लिए साक्षात भगवत मूर्ति श्रीमद् भागवत पुराण कथा का रसपान कराया था। कथा के समापन पर मुख्य यजमान श्याम प्रसाद त्रिपाठी उनकी पत्नी किरन त्रिपाठी ने व्यास पीठ की आरती कर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान भवेश मिश्र सतीश चंद्र मिश्र, रामलौट मिश्र, बिभूति मिश्र, सुरेंद्र मिश्र, दुर्विजय मिश्र, रामदरश मिश्र, वंशीधर मिश्र, कृष्ण चंद्र मिश्र सचिता नन्द मिश्र, सर्वदा नन्द मिश्र, उमेश गुप्ता, योगेंद्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

परिवारों को संस्कार, विश्वास और प्रेम के सूत्र में बांधना जरूरी

गोरखपुर, २५ अक्टूबर। नगर के एक लॉज में लक्ष्मी नारायण गुप्ता के आयोजन में चार दिवसीय शिव पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। 24 अक्टूबर से शुरू हुई कथा का समापन 27 अक्टूबर को होगा। कथा व्यास डॉ. राममिलन ने परिवारों में बढ़ते बिखराव पर चिंता जताते हुए कहा कि परिवारों को संस्कार, विश्वास और आपसी प्रेम के सूत्र में बांधना जरूरी है। बड़हलगंज प्रतिनिधि के अनुसार उन्होंने कहा कि शिव पुराण कथा के माध्यम से घर-घर सनातन संस्कृति पहुंचाने और परिवारों को मंगलमय बनाने का प्रयास किया जा रहा है। आज छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवारों में दूरियां बढ़ रही हैं। पति-पत्नी के बीच अलगाव, भाइयों के बीच मनमुटाव और आपसी बातचीत बंद होने जैसी स्थितियां समाज के लिए चिंताजनक हैं। राष्ट्र और धर्म को मजबूत बनाए रखने के लिए परिवारों का संगठित रहना आवश्यक है।



❖ चार दिवसीय शिव पुराण कथा में परिवारों की एकजुटता और सनातन संस्कृति पर दिया जोर

माता सती के प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि संशय व्यक्ति के पतन का कारण बन सकता है। माता सती को भगवान श्रीराम की दिव्यता पर संदेह हुआ था। भगवान शिव के समझाने के बाद भी उनके मन का संशय दूर नहीं हुआ। इस प्रसंग से सीख मिलती है कि परिवार में माता-पिता, भाई-बहन और अन्य सदस्यों के बीचडुडु विश्वास बनाए रखना चाहिए।

विरासत गलियारे के सौंदर्यीकरण कार्यों का नगर आयुक्त एवं जीडीए उपाध्यक्ष ने किया संयुक्त निरीक्षण

गोरखपुर, २५ अक्टूबर। नगर निगम गोरखपुर एवं गोरखपुर विकास प्राधिकरण द्वारा विरासत गलियारे में स्थित समस्त मकानों एवं दुकानों के बाहरी हिस्सों को एक



समान रंग में रंगने का कार्य कराया जा रहा है। इसी क्रम में नगर आयुक्त एवं उपाध्यक्ष, गोरखपुर विकास प्राधिकरण द्वारा संयुक्त रूप से कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पांडेयहाता पुलिस चौकी से घंटाघर, रेती चौक, नखास चौक, आर्यनगर चौक एवं जटाशंकर चौराहा होते हुए धर्मशाला ओवरब्रिज तक लगभग 3.5 किलोमीटर लंबे विरासत गलियारे का पैदल भ्रमण किया गया। इस अवसर पर पेंटिंग कार्य में निर्धारित रंग से ही पेंट कराने एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही नगर निगम एवं विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्यों की नियमित निगरानी करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम गोरखपुर एवं गोरखपुर विकास प्राधिकरण के संबंधित अधिकारी, अभियंतागण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

युवाओं के सशक्त नेतृत्व से साकार होगा विकसित भारत 2047 का संकल्प-डॉ. सत्येंद्र सिन्हा

गोरखपुर, २५ अक्टूबर। भारतीय जनता पार्टी गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री डॉ. सत्येंद्र सिन्हा ने कहा कि युवा ही देश का भविष्य हैं। युवाओं के सशक्त नेतृत्व, राष्ट्र के प्रति समर्पण और

❖ भाजयुमो के 'युवा संवाद-मन की बात' कार्यक्रम में युवाओं ने लिया संकल्प

सकारात्मक सोच से ही राष्ट्रवाद की भावना सुदृढ़ होगी तथा भारत विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। डॉ. सत्येंद्र सिन्हा रविवार को गोरखपुर के पादरी बाजार स्थित क्लाउड 7 में भारतीय जनता युवा मोर्चा महानगर, गोरखपुर द्वारा आयोजित 'युवा संवाद-मन की बात' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा, गोरखपुर क्षेत्र, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में प्रदेश के सभी जिलों के मुख्यालयों पर आयोजित किए जा रहे इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रवाद, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र निर्माण के कार्यों से जोड़ना है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित युवाओं को राष्ट्रवाद के प्रति समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प दिलाया गया तथा शपथ ग्रहण कराई गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अम्बिकेश धर दुबे ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने और केंद्र सरकार के विकसित भारत के लक्ष्य को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष सत्यार्थ मिश्रा, कार्यक्रम संयोजक एवं महानगर उपाध्यक्ष आकाश श्रीवास्तव, महानगर मंत्री आनंद अग्रहरि, मंडल अध्यक्ष शिशिर वर्मा, पूर्व पार्षद सुनील सिंह, कर्मवीर सिंह, मनीष त्रिपाठी सहित सैकड़ों युवा उपस्थित रहे।

विनायक सिंह यादव बने सीनियर रैपिड शतरंज के विजेता

गोरखपुर, २५ अक्टूबर। गोरखपुर जिला शतरंज संघ से संबद्ध ब्रेन चेस एकेडमी के तत्वावधान में एक दिवसीय सीनियर ओपेन रैपिड शतरंज टूर्नामेण्ट का आयोजन रविवार को एसएस



एकेडमी में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में कुल 27 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया जिसमें 9 फीडे रेटेड खिलाड़ी शामिल रहे। 15 प्लस 10 सेकेण्ड इंक्रीमेंट के टाइम कंट्रोल में खेले गए पांच चक्रों के मैच में चार मैचों में जीत दर्ज कर और एक मैच ड्रा खेलकर 4.5 अंक अर्जित कर विनायक सिंह यादव ने चैम्पियन का खिताब अपने नाम कर लिया। वहीं उपविजेता का खिताब टाइब्रेक के आधार पर आदित्या कुमार गुप्ता को मिला। इन्होंने पांच चक्रों के मैच में 4 अंक अर्जित किए। चार अंक बनाकर तीसरे स्थान पर हर्षित सेठी, चौथे स्थान पर विष्णु देव यादव और पांचवे स्थान पर प्रांजल जयसवाल रहे। 3.5 अंक बनाकर शिवांश श्रीवास्तव छठवें स्थान पर रहे। वहीं 3 अंक बनाकर आर्यन कुमार सातवें, वीर हिरवानी आठवें, निर्मय सिन्हा नौवे और प्रगति धनराज दसवें स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में बेस्ट पुरस्कार के क्रम में बेस्ट अनरेटेड का खिताब अर्श गर्ग को, बेस्ट गर्ल्स खिताब नाव्या वर्मा और बेस्ट अनरेटेड का खिताब आर्यांश को दिया गया। सभी विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि दिग्विजय नाथ पीजी कॉलेज के हेड ऑफ डिपार्मेंट फिजिक्स डॉ. नितेश शुक्ला और विशिष्ट अतिथि जिला शतरंज संघ के उपाध्यक्ष कनक हरि अग्रवाल ने नकद राशि, शील्ड और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के चीफ आर्बीटर एसएनए नितेश श्रीवास्तव रहे।

❖ बेस्ट अनरेटेड का खिताब अर्श गर्ग और बेस्ट गर्ल्स का खिताब नाव्या वर्मा ने जीता

मंहगी खाद देने पर भड़के किसान, लेने से मना किया

गोरखपुर, २५अक्टूबर। गगहा क्षेत्र के गरयाकोल में रविवार को सहुआकोल साधन सहकारी समिति के सचिव द्वारा जबरदस्ती महंगी खाद देने पर किसान भड़क गये और सचिव पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए खाद लेने से मना कर दिया। साधन सहकारी समिति सहुआकोल से जुड़े किसान खेत की बुआई के लिए दस दिन से चक्कर लगा रहे थे। रविवार को सचिव सुरेंद्र शाही गरयकोल के किसानों को बुलाकर आधार कार्ड लिया और 2200 रूपये की दर से प्रति बोरी यनपीके खाद बुक करने लगे। हाटा बाजार प्रतिनिधि के अनुसार मंहगी खाद को लेकर किसान भडक गये और सचिव पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए लौट गये। किसानों का कहना है कि सचिव डीएपी की जगह मंहगे दर की यनपीके लेने का दबाव बना रहे है। गरयाकोल के किसान रामचिंत यादव, गिरीश यादव, राकेश चौधरी, शक्ति विजय सिंह, जयहिंद यादव, रामनरेश यादव, सुमेर यादव ने सचिव पर अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सचिव सहुआकोल साधन सहकारी समिति से खाद वितरित न करके सात किमी दूर हाटा बाजार से वितरित करते है जिसका लाभ वास्तविक किसानों को नहीं मिलता है। सचिव सुरेंद्र शाही का कहना है कि यनपीके और डीएपी दोनों खाद वितरित करने को भेजा गया है। किसान लेने से मना कर रहें है तो क्या हम यनपीके खाद का अंचार डालेंगे।

लाइफ इंश्योरेंस में अब एकमुश्त रकम के साथ नियमित आमदनी का विकल्प-बंधन लाइफ

जीवन बीमा अब नॉमिनीज़ को केवल एक बार में बड़ी रकम देने के पुराने तरीके से आगे बढ़ रहा है। बंधन लाइफ के अनुसार, नए उत्पादों में सुविधाजनक और व्यवस्थित भुगतान विकल्प उपलब्ध हैं, जो परिवारों को अपनी तत्काल वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ भविष्य के लिए नियमित आय का एक स्थिर स्रोत बनाए रखने में मदद कर सकते हैं। पॉलिसीधारक के लिए, खासकर उन लोगों के लिए जिन्हें चिंता होती है कि उनके नॉमिनीज़ बड़ी रकम को संभाल पाएंगे या नहीं, एकमुश्त राशि के साथ नियमित और गारंटीकृत आय का विकल्प अधिक भरोसा और मानसिक शांति दे सकता है। इससे परिवार के सदस्यों को जरूरत के समय पैसा मिल सकता है और आने वाले वर्षों में भी उन्हें लगातार वित्तीय सहायता मिलती रह सकती है। सतीश्वर बी., एमडी एवं सीईओ, बंधन लाइफ, ने कहा, वास्तविक वित्तीय सुरक्षा केवल इस बात पर निर्भर नहीं करती कि आप अपने पीछे कितनी राशि छोड़कर जाते हैं, बल्कि यह भी जरूरी है कि आपके न रहने पर आपके प्रियजन उस पैसे का सही तरीके से उपयोग कर सकें। एक साथ बड़ी रकम मिलना किसी व्यक्ति के लिए मुश्किल हो सकता है।

दैनिक मंडी समीक्षा

नयी दिल्ली। दाल मिलों की मांग बढ़ने से दलहनों में अरहर व उड़द केभाव 100/150 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। मांग बढ़ने से ज्वार केभाव भी 200 रुपये प्रति क्विंटल तेज हो गए। माल्ट वालों की लिवाली बढ़ने से जौ की कीमतों में 25 रुपये की तेजी रही। जबकिउठाव न होने से कबली चने केभाव 300 रुपये प्रति क्विंटल घट गए। सप्लाई कमजोर होने तथा मांग बढ़ने से खाद्य तेलों में सरसों व बिनौला तेल के भाव 50/100 रुपये प्रति क्विंटल तेज हो गए। आपूर्ति कमजोर होने से अखाद्य तेलों में मजबूती का रुख रहा। त्योहारी मांग निकलने तथा आवक कमजोर होने से गुड़ व शक्कर में मजबूती का रुख रहा। किराना जिंसों में मांग बढ़ने से काली मिर्च व बड़ी इलायची के भाव 5/30 रुपये प्रति किलो तेज हो गए। जबकि उठाव न होने से मगजतरबूज के भाव 15 रुपये प्रति किलो तथा हल्दी केभाव 400 रुपये प्रति क्विंटल घट आ गए।

अनाज-दाल

माल्ट वालों की मांग बढ़ने तथा स्टाक्सिटों की बिक्वाली कमजोर होने से जौ के भाव 25 रुपये बढ़कर 3050/3100 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। हाजिर में माल की कमी केकारण ज्वार 200 रुपये बढ़कर पीली 3200/3400 रुपये तथा सफेद 4100/4300 रुपये प्रति क्विंटल के उच्च स्तर पर पहुंच गई। दाल मिलों की मांग बढ़ने तथा आयातकों की बिक्वाली कमजोर होने से रंगूनी उड़द एसक्यू 100 रुपये बढ़कर 10150/10200 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। सीमित बिक्वाली केकारण देसी उड़द केभाव भी 9100/9600 रुपये प्रति क्विंटल पर मजबूत रहे। दाल मिलों की मांग से रंगूनी अरहर 150 रुपये बढ़कर 9900/9950 रुपये तथा देसी केभाव 100 रुपये बढ़कर 10400/10500 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। इसकेसमर्थन में अरहर दाल 100 रुपये बढ़कर 13100/13900 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। जबकि ऊंचे भाव पर ग्राहकी कमजोर होने से राजस्थानी चना 50/75 रुपये घटकर 7300/7325 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। चना दाल भी मांग कमजोर होने से 150/200 रुपये घटकर 8350/8750 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। कबली चना भी उठाव न होने से 300 रुपये घटकर महाराष्ट्र केभाव 8300/8500 रुपये प्रति क्विंटल रह गए।

तेल-तिलहन

राजस्थानी सरसों की बिजाई केरकबे में कमी आने केकारण स्टाक्सिटों की बिक्वाली घटने व तेल मिलों की मांग



बढ़ने से सरसों केभाव 100 रुपये बढ़कर 8950/9000 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। सरसों में तेजी का रुख होने केकारण तेल मिलों की बिक्वाली सुस्त पडने से सरसों तेल भी 100 रुपये बढ़कर 17850 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। रिफाइंड वालों की मांग से बिनौला तेल भी 50 रुपये बढ़कर 14900 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। जबकि ऊंचे भाव पर ग्राहकी का समर्थन न मिलने से तिल तेल 400 रुपये मुलायम होकर 20100 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। औद्योगिक मांग निकलने तथा स्टाक्सिटों की बिक्वाली कमजोर होने से अरंडी तेल के भाव 16800/16900 रुपये प्रति क्विंटल पर मजबूत रहे।

गुड़-चीनी

उत्तर प्रदेश की मंडियों से आवकका दबाव न बढ़ने तथा त्योहारी मांग निकलने से गुड़ पेड़ी के भाव 4900/5000 रुपये तथा ढैया केभाव 5200/5300 रुपये प्रति क्विंटल पर मजबूत रहे। सीमित बिक्वाली के कारण खांडसारी के भाव भी 6000/6100 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। महाराष्ट्र के तेज समाचार आने तथा ग्राहकी निकलने व यूपी की मिलों द्वारा बिक्वाली कम किए जाने से हाजिर चीनी केभाव 5600/5900 रुपये प्रति क्विंटल पर मजबूत रहे।

किराना-मेवे

ग्राहकी निकलने तथा स्टाक्सिटों की बिक्वाली कमजोर होने से बड़ी इलायची 30 रुपये बढकर 1600/1650 रुपये तथा काली मिर्च केभाव 5 रुपये तेज होकर 820/870 रुपये प्रति किलो हो गए। जबकिमांग कमजोर होने से मखाना 15 रुपये घटकर 630/635 रुपये प्रति किलो पर आ गया। मुनाफा वसूली आने से हल्दी 400 रुपये घटकर ईरोड गट्ठा 23300/23400 रुपये तथा सेलम फली केभाव 24200/29600 रुपये प्रति क्विंटल रह गए। त्योहारी सीजन होने केकारण मांग बढ़ने तथा आयातकों की बिक्वाली कमजोर होने से बादाम गिरी कैलिफोर्निया केभाव 1060/1130 रुपये तथा पिस्ता पेशावरी केभाव 4000/4100 रुपये प्रति किलो पर टिके रहे। बिक्वाली कमजोर होने से अंजीर के भाव 21800/53000 रुपये प्रति 40 किलो पर मजबूत रहे।

सर्राफा

वैश्विकबाजारों में मंदे समाचार आने से सोने केभाव 100 रुपये प्रति 10 ग्राम नीचे आ गए। उठाव न होने से चांदी में भी कारोबार कमजोर रहा। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मांग कमजोर होने से सोना 20 डॉलर घटकर 3995 डॉलर प्रति ओंस रह जाने तथा उठाव न होने से सोना 100 रुपये मुलायम होकर किलोबार 144900 रुपये तथा स्टैंडर्ड 145600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। विदेशों में चांदी केभाव भी 10 सेंट घटकर 5390 सेंट प्रति ओंस रह जाने व औद्योगिक मांग कमजोर होने से चांदी हाजिर केभाव 202000 रुपये प्रति किलो पर सुस्त रही। मांग कमजोर होने से चांदी सिक्के केभाव भी 100 रुपये घटकर 2200/2300 रुपये प्रति नग रह गए।

पूर्वांचल में उपलब्ध होंगे सीयूएमआई के सभी कटिंग एवं ग्राइंडिंग उत्पाद

वाराणसी, वाराणसी में आयोजित एक विशेष डीलर मीट के दौरान सीयूएमआई के उत्पादों को पूर्वांचल के बाजार में और अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। डिस्ट्रीब्यूशन एवं लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में 75 वर्षों से अधिक का अनुभव रखने वाले एच् के.डी ग्रुप को पूर्वांचल क्षेत्र के लिए सीयूएमआई का अधिकृत वितरक नियुक्त किया गया। इस पहल से क्षेत्र में सीयूएमआई के उत्पादों की उपलब्धता और वितरण नेटवर्क को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर दोनों कंपनियों के प्रतिनिधि, व्यापारिक सहयोगी और मीडिया के सदस्य उपस्थित रहे। यह पहल सीयूएमआई की उत्पाद एवं तकनीकी विशेषज्ञता को एच् के.डी ग्रुप के स्थापित वितरण नेटवर्क और क्षेत्रीय बाजार की समझ से जोड़ती है। इसका उद्देश्य पूर्वी उत्तर प्रदेश के डीलरों, खुदरा विक्रेताओं, कारीगरों, निर्माण क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों और अन्य उपभोक्ताओं तक सीयूएमआई के कटिंग एवं ग्राइंडिंग उत्पादों की पहुंच को मजबूत करना है। कार्बोरंडम यूनिवर्सल लिमिटेड मुरुगप्पा समूह का हिस्सा है और एब्रेसिव्स, टूल्स एवं कटिंग व्हील्स के क्षेत्र में एक स्थापित भारतीय कंपनी है।

दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की पुरुष हॉकी टीम बीएचयू में प्रतियोगिता हेतु रवाना

गोरखपुर,२५अक्टूबर। दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर की पुरुष हॉकी टीम दिनांक 26 अक्टूबर को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी के लिए प्रस्थान करेगी। इस टीम को वहां देश के विभिन्न जोन की टीम से मुकाबला करना है । इस टीम ने दो राउंड ट्रायल के बाद यह मक़ाम हासिल किया है। ज्ञात हो कि इस टीम ने अपनी मेहनत और लगन से यह मक़ाम हासिल किया है और कई वर्षों के बाद हॉकी की टीम तैयार हो पाई है। निदेशक प्रो आमोद कुमार राय एवं सचिव प्रो राजवीर सिंह ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। टीम का नेतृत्व एवं प्रबंधन डॉ. मनीष कुमार राय, सहायक आचार्य, विधि विभाग, टीम मैनेजर के रूप में करेंगे। उनके साथ डॉ. रीता मिश्रा, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं महिला रेलवे हॉकी टीम की कोच, भी टीम के साथ रहेंगी। डॉ. रीता मिश्रा पूर्व में



पूर्वोत्तर रेलवे (NE Railway) की महिला हॉकी टीम की कोच के रूप में भी अपनी सेवाएँ दे चुकी हैं। विश्वविद्यालय की पुरुष हॉकी टीम का यह दौरा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने, खिलाड़ियों के कौशल विकास तथा विश्वविद्यालय में खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। आगे महिला टीम भी विश्विद्यालय के मैदान में लगातार प्रयास कर रही हैं। उनके ट्रायल के बाद उन्हें यह पुन: अवसर प्रदान किया गया है। प्रो विजय चहल जी उनकी टीम के लिए लगातार व्यवस्था आदि बनाने में प्रयासरत हैं। प्रो आमोद कुमार राय ने बताया है कि टीम के साथ अनुभवी खेल प्रशिक्षक एवं प्रबंधन का मार्गदर्शन खिलाड़ियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के अवसर प्रदान करना है।

'यादों को फिर से मुस्कुराने दो' का लोकार्पण, साहित्य से दूर होती युवा पीढ़ी पर पद्मश्री तिवारी ने जताई चिंता

गोरखपुर, 25 अक्टूबर। स्मृतियाँ केवल अतीत की प्रतिध्वनियाँ नहीं, बल्कि वर्तमान की संवेदनाओं और भविष्य की आकांक्षाओं को जोड़ने वाली जीवन की अक्षय निधि हैं। जब यही स्मृतियाँ सृजनशील चेतना का स्पर्श पाकर कविता में ढलती हैं, तब वे व्यक्तिगत अनुभूतियों की सीमाएँ लाँघकर व्यापक मानवीय सरोकारों की अभिव्यक्ति बन जाती हैं। साहित्य की इसी संवेदनात्मक और सर्जनात्मक भूमिका पर रविवार को गोरखपुर के बैंक रोड स्थित होटल विवेक उत्सव लॉन में गंभीर विमर्श हुआ। अवसर था वरिष्ठ कवयित्री एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, गोरखपुर की पूर्व अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा गुप्ता के काव्य संग्रह 'यादों को फिर से मुस्कुराने दो' के लोकार्पण का।

मुख्य अतिथि साहित्य अकादेमी के पूर्व अध्यक्ष एवं पद्मश्री सम्मान से अलंकृत प्रख्यात साहित्यकार प्रो. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी ने सृजनशीलता और श्रमसाधना के अंतर्संबंधों को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रतिभा एक प्रतिशत और कठिन परिश्रम 99 प्रतिशत होता है। उन्होंने वर्तमान युवा पीढ़ी के साहित्य से विमुख होने पर चिंता व्यक्त की। उनका कहना था कि युवा लोकभावनाओं और विचारों की दुनिया से दूर होकर तात्कालिकता की ओर अग्रसर हो रहे हैं। साहित्य से बढ़ती यह दूरी चिंतनीय है। उनके संबोधन में निरंतर अध्ययन, गहन चिंतन और कठिन साधना के माध्यम से रचनात्मक चेतना को समृद्ध करने की आवश्यकता विशेष रूप से उभरकर सामने आई। माँ सरस्वती की वंदना से आरंभ हुए समारोह की अध्यक्षता सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु के पूर्व कुलपति प्रो. सुरेन्द्र दुबे ने की। उन्होंने कविता की मानवीय संवेदनशीलता और सांस्कृतिक चेतना को रेखांकित करते हुए कहा, जो कविता लिखता है, वह अराजक नहीं हो सकता। कविता मनुष्य के भीतर संवेदनशील दृष्टि और मानवीय सरोकारों को विकसित करने वाली सर्जनात्मक अभिव्यक्ति है। भारतीय सांस्कृतिक परंपरा की महत्ता पर विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि जब हम अपनी परंपरा के सान्निध्य में आते हैं और उससे परिचित होते हैं, तभी हमें समय की वास्तविक कीमत का बोध होता है। उन्होंने डॉ. प्रतिभा गुप्ता को उनके काव्य संग्रह के प्रकाशन पर बधाई दी और उनके साहित्यिक प्रयास की सराहना की।विशिष्ट वक्ता एवं गोरखपुर विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार राय ने चिकित्सा और साहित्य के अंतर्संबंधों का गहन दार्शनिक विवेचन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि कविता मनुष्य के अंत:करण और संवेदनाओं की दुनिया है। किसी चिकित्सक के भीतर कवि की उपस्थिति विशेष रूप से सराहनीय है। भारतीय ज्ञान परंपरा में कवि और वैद्य के संबंधों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि चिकित्सक जिस सूक्ष्मता से शरीर के अंग-प्रत्यंग और उसकी जटिलताओं का अध्ययन करता है, उसी गहराई से कवि शब्दों, भाषा और मानवीय अनुभूतियों के अंतरंग संसार में प्रवेश करता है। प्रो. राय ने कहा कि चिकित्सक शरीर को निरोग बनाने का प्रयास करता है, जबकि कवि मनुष्य के मन और अंत:करण को परिष्कृत करता है। जब कोई चिकित्सक साहित्य-सृजन भी करता है, तब वह दोहरी मानवीय जिम्मेदारी निभाता है। एक ओर वह शारीरिक व्याधियों के निवारण में योगदान देता है, तो दूसरी ओर



❖ डॉ. प्रतिभा गुप्ता के काव्य संग्रह पर साहित्यकारों ने किया विमर्श,विश्वनाथ प्रसाद तिवारी बोले-सृजन में एक प्रतिशत प्रतिभा और 99 प्रतिशत कठिन परिश्रम की भूमिका ❖कविता लिखने वाला अराजक नहीं हो सकता -प्रो. सुरेन्द्र दुबे ❖चिकित्सक शरीर को निरोग करता है, कवि अंत:करण को परिष्कृत करता है -प्रो. अनिल राय

करती हैं और भविष्य के लिए एक सुंदर संसार का स्वप्न भी देखती हैं। उन्होंने कहा कि कवयित्री ने अपनी भूमिका में स्मृतियों को सृजनात्मक धरातल पर पुन: प्रस्तुत करने की बात कही है, किंतु संग्रह में अतीत के साथ वर्तमान की अनुभूतियाँ और भविष्य की आकांक्षाएँ भी विद्यमान हैं। कवि का स्वप्न केवल स्मृतियों की पुनरावृत्ति नहीं, बल्कि एक अधिक मानवीय और संवेदनशील संसार की परिकल्पना भी होता है। प्रो. राय ने अपने संबोधन में मंच पर उपस्थित अपने दो गुरुओं के प्रति गहरी श्रद्धा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि समारोह में स्मृति चिह्न से सम्मानित किया जाना प्रसन्नता का विषय है, किंतु अपने गुरुओं के साथ एक ही मंच पर बैठने का अवसर उनके लिए उससे भी बड़ा सम्मान है। गोरखपुर के महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा कि लेख को काव्य में प्रस्तुत करना अत्यंत कठिन कार्य है। विचारों और अनुभूतियों को काव्यात्मक अभिव्यक्ति देने के लिए विशेष सर्जनात्मक क्षमता तथा संवेदनशीलता की आवश्यकता होती है। उन्होंने डॉ. प्रतिभा गुप्ता के साहित्यिक प्रयास की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में बी.आर.डी. मेडिकल कॉलेज की पूर्व प्रोफेसर डॉ. राधा जीना भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।डॉ. प्रतिभा गुप्ता का व्यक्तित्व चिकित्सा सेवा और साहित्यिक साधना के सुंदर समन्वय का परिचायक है। चिकित्सा जैसे उत्तरदायित्वपूर्ण कार्यक्षेत्र में रहते हुए साहित्य के प्रति उनकी रचनात्मक अभिरुचि मानवीय संवेदनाओं की व्यापकता को अभिव्यक्त करती है। उनका काव्य संग्रह 'यादों को फिर से मुस्कुराने दो' स्मृतियों के माध्यम से जीवन की अनुभूतियों, आत्मीय संबंधों और समय के साथ मनुष्य के संवेदनात्मक जुड़ाव की ओर ध्यान आकर्षित करता है। संग्रह पर हुए साहित्यिक विमर्श में अतीत, वर्तमान और भविष्य के अंतर्संबंधों को विशेष महत्व मिला। समारोह में चिकित्सा, साहित्य, शिक्षा, व्यवसाय एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे। इनमें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, गोरखपुर के पूर्व अध्यक्ष डॉ. आर. पी. शुक्ल, डॉ. अश्विनी अग्रवाल, डॉ. अमित मित्तल, डॉ. प्रदीप गुप्ता, डॉ. एस. सी. वैश्य, डॉ. विमल मोदी, डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. पी. सी. शाही, डॉ. मधुबाला, डॉ. अंजू श्रीवास्तव, डॉ. नवनीत जयपुरियार, डॉ शिव शंकर शाही, डॉ. सुगंधा भारती, डॉ. आर. के. पांडेय, डॉ. अनुभूति दूबे, डॉ. बबिता शुक्ला, डॉ. ए. के. चतुर्वेदी, डॉ. सत्या पांडेय तथा डॉ. दीसी चतुर्वेदी, महेश गर्ग, सीए अनुपम गुप्ता, अचिन्त्य लहरी, मान्धाता सिंह, अंकित मिश्र,रीना त्रिपाठी,आशुतोष मिश्र, विनोद पांडेय, रामपाल सिंह, नवीन पांडेय, अमरनाथ जयसवाल, रामसमुझ संवरा एवं सुधांशु चंद्र वर्मा सहित अनेक साहित्यप्रेमियों, चिकित्सकों, शिक्षाविदों तथा गणमान्य नागरिकों ने समारोह में सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं रंगकर्मी डॉ. अमृता सरकारी जयपुरिया ने किया। समारोह के अंत में डॉ. क्यूरी गुप्ता व डॉ तन्वी गुप्ता ने आभार ज्ञापन करते हुए मुख्य अतिथि, अध्यक्ष, विशिष्ट वक्ता, सभी गणमान्य अतिथियों, चिकित्सकों, साहित्यकारों, आयोजन से जुड़े सहयोगियों तथा मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ सर्जन डॉ एपी गुप्ता ने कहा साहित्यिक और सांस्कृतिक परंपराओं से समृद्ध गोरखपुर की धरती पर आयोजित इस समारोह ने एक बार फिर रेखांकित किया कि कविता केवल व्यक्तिगत भावनाओं की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं, सांस्कृतिक स्मृतियों और भविष्य की सर्जनात्मक संभावनाओं की संवाहक भी है। 'यादों को फिर से मुस्कुराने दो' के लोकार्पण ने साहित्य की इसी जीवनदायिनी चेतना को विमर्श के केंद्र में स्थापित किया।

राष्ट्रीय विद्यालय प्रबंधक संघ का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न, 500 प्रबंधकों ने ली पद व गोपनीयता की शपथ







❖ टाउन हॉल में आयोजित हुआ भव्य प्रबंधक सम्मान समारोह ❖राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम व सांसद शशांक मणि रहे मुख्य अतिथि ❖कम संसाधनों में भी शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ कर रहे प्रबंधक-सांसद

देवरिया। राष्ट्रीय विद्यालय प्रबंधक संघ (जनपद इकाई, देवरिया) की ओर से शहर के टाउन हॉल स्थित ऑडिटोरियम में भव्य शपथ ग्रहण एवं प्रबंधक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे शुरू हुए इस समारोह में जनपदभर से आए करीब 500 प्रबंधकों को पद, कर्तव्य एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रकाश पांडे ने की, जबकि मंच संचालन अंजली यादव ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ग्राम विकास राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि प्रबंधकों का यह आयोजन अत्यंत प्रशंसनीय है। यह बौद्धिक समागम %विकसित देवरिया% की सशक्त नेतृत्व क्षमता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने विश्वास जताया कि समाज और राजनीति के हर क्षेत्र में प्रबंधकों की सक्रिय भागीदारी से आम जनमानस को सीधा लाभ मिलेगा। मुख्य अतिथि एवं सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि देश के भविष्य बच्चों को बेहतर शिक्षा व संस्कार देने में विद्यालय प्रबंधकों की भूमिका अतुलनीय है। प्रबंधक सीमित संसाधनों के बावजूद अपने निजी प्रयासों से शिक्षण व्यवस्था को दुरुस्त रखते हैं और युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर देश के विकास में सरकार के सच्चे भागीदार बनते हैं। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर विधायक शलभमणि त्रिपाठी, रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया, नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह, प्रदेश अध्यक्ष गोस्वामी गौरव भारती, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, महामंत्री महापुरुष खान तथा विनीत मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रदेश संगठन मंत्री विजय पटेल ने सुभाष यादव, अनिल गुप्ता, मयंक श्रीवास्तव, श्याम सुंदर यादव, ओमप्रकाश सिंह, हेमंत सिंह, प्रमोद यादव, अविनाश गुप्ता, जावेद खान, परवेज खान सहित सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

दरवाजे पर सो रहे युवक की हत्या

❖ 14 वर्षीय किशोर आरोपी गिरफ्तार, हथियार बरामद

खुखुन्दू (देवरिया) थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां घर के दरवाजे पर सो रहे एक युवक की हत्या कर दी गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया है।मृतक की पहचान 25 वर्षीय संदीप राजभर के रूप में हुई है। संदीप अहमदाबाद में एक ठेकेदार के पास रहकर पेंटिंग का कार्य करता था। हालांकि, पिछले कुछ महीनों से उसकी तबीयत ठीक नहीं चल रही थी, जिसके कारण वह घर पर ही रह रहा था। परिजनों के अनुसार, करीब 4 महीने पहले वह एक पेड़ से गिर गया था, जिसके चलते उसकी कमर में गंभीर चोट आ गई थी।मृतक की पत्नी मुस्कान ने बताया कि उनकी किसी से भी पहले से कोई दुश्मनी या आपसी रंजिश नहीं थी। हमेशा की तरह उनके पति रात में खाना खाने के बाद घर के दरवाजे पर सोने गए थे। किसी को इस अनहोनी की भनक तक नहीं थी।घटना की सूचना मिलते ही एसएचओ खुखुन्दू, बीवी राजभर पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थिति का जायजा लेते हुए शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसएचओ ने बताया कि इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी राज राजभर (उम्र लगभग 14 वर्ष, जो 9वीं कक्षा का छात्र है) को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के पिता अहमदाबाद में ही एक प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया है तथा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त चाकू के साथ गिरफ्तार



देवरिया। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गौरीबाजार थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध चाकू भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) आनंद कुमार पाण्डेय के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर राजेश कुमार चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। क्या था मामला? ग्राम लवकनी निवासी वादिनी ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि 22 अक्टूबर को उनका पुत्र अरविंद चौहान आटा चक्की पर आटा लेने गया था। वहां पहले से घात लगाकर बैठे आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से उस पर धारदार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस सूचना पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की थी। मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तारी? मुकदमे में वांछित अभियुक्तों की तलाश में जुटी पुलिस टीम को बीती रात मुखबिर से सूचना मिली। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पहलवान बाबा मंदिर के पास घेराबंदी कर 19 वर्षीय अभियुक्त रवि किशन (पुत्र शारदा, निवासी लवकनी, थाना गौरीबाजार) को धर दबोचा। तलाशी के दौरान उसके पास से घटना में प्रयुक्त एक अवैध चाकू बरामद हुआ।पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय, उपनिरीक्षक चंद्रशेखर सिंह तथा हेड कांस्टेबल मुन्नीलाल चौहान शामिल रहे।

सम्राट हेमचंद्र विक्रमादित्य का आज मनेगा विजय दिवस



सलेमपुर (देवरिया)। नगर की युवा रौनियार समिति की ओर से चक्रवर्ती सम्राट महाराजा हेमचंद्र विक्रमादित्य के विजय दिवस के उपलक्ष्य में 26 अक्टूबर सोमवार भव्य आयोजन किया गया है। कार्यक्रम शाम पांच बजे से हरैया स्थित क्रिस्टल मैरेज लॉन में होगा। यह स्थल निबंधन कार्यालय के निकट है।समिति ने कार्यक्रम में समाज के लोगों से शामिल होने की अपील की है। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अनिल कुमार रौनियार, डॉ. एलके गुप्ता (रौनियार) और आनंद गुप्ता रौनियार को आमंत्रित किया गया है। युवा रौनियार समिति के कर्मवीर रौनियार ने बताया कि आयोजन के उपरांत सहभोज कार्यक्रम भी है।

पीईटी परीक्षा की तैयारियों का एसपी ने लिया जायजा



❖ एनपीएस, जनता इंटर कॉलेज और एसएसबीएल इंटर कॉलेज का किया निरीक्षण

देवरिया। आगामी प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा प्रबंधों और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी ने एनपीएस स्कूल, जनता इंटर कॉलेज (सोनुघाट) और एसएसबीएल इंटर कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्रों के प्रवेश व निकास द्वारों, अभ्यर्थियों की आवाजाही तथा सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस बल की व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने मातहतों को निर्देशित किया कि केंद्रों पर कड़ा पहरा रहे और किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को भीतर प्रवेश न करने दिया जाए। जाम न लगे, सुचारु रहे यातायात? निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने विशेष जोर देते हुए कहा कि परीक्षा शुरू होने तथा समाप्त होने के समय केंद्रों के आसपास जाम की स्थिति नहीं बननी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रमुख मार्गों और परीक्षा केंद्रों के द्वारों पर अनावश्यक वाहन खड़े न होने दें। वाहनों की सुव्यवस्थित पार्किंग कराई जाए ताकि अभ्यर्थियों के साथ-साथ आम राहगीरों को भी किसी तरह की असुविधा न हो। शालीन व्यवहार और सतर्कता के निर्देश? पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को पूरी सतर्कता बरतने के साथ-साथ अभ्यर्थियों के साथ शालीन व्यवहार करने और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें उचित मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए। इसके अलावा केंद्र व्यवस्थापकों से निरंतर समन्वय बनाए रखने और आसपास संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने की हिदायत दी।

1200 मतदाताओं के मानक पर मतदेय स्थलों के संभाजन का प्रस्ताव, राजनीतिक दलों के साथ हुई बैठक



देवरिया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत 1200 मतदाताओं के मानक के आधार पर मतदेय स्थलों के संभाजन की अंतिम सूची के प्रस्ताव को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्यीय राजनीतिक दलों के अध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों को प्रस्ताव की जानकारी दी गई। बैठक के दौरान मतदेय स्थलों के संभाजन से संबंधित प्रस्ताव पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की गई। अधिकारियों ने निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार निर्धारित मानक और प्रस्ताव की जानकारी साझा की। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) समेत निर्वाचन से जुड़े संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

रामकोला धाम में मनोज तिवारी ने अखंड धूनी पर टेका मत्था



❖ भगवानानंद महाराज की प्रेरणा से शुरू हुई थी स्वर साधना -मनोज तिवारी

लक्ष्मीगंज, कुशीनगर। रामकोला धाम स्थित सनातन विश्व दर्शन मंदिर में शनिवार की रात आध्यात्मिक आस्था और संगीत का अनूठा संगम देखने को मिला। परमहंस परमानंद महाराज के प्राकट्योत्सव पर आयोजित भजन संध्या में भोजपुरी गायक एवं सांसद मनोज तिवारी ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उनके भजनों पर भक्त देर रात तक झूमते रहे।कार्यक्रम में पहुंचे सांसद मनोज तिवारी ने मंदिर परिसर में अखंड धूनी पर मत्था टेककर संतों का आशीर्वाद लिया। मंदिर के व्यवस्थापक रंगनाथ महाराज, सांसद विजय कुमार दुबे और विधायक विनय प्रकाश गोंड ने माला पहनाकर तथा शाल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया।भजन संध्या में मनोज तिवारी ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। उनके साथ नंदन-चंदन राय, सृष्टि दुबे, अंजली शुक्ला, शैलेश भाई और पवन परदेसी ने भी भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया।अपने संबोधन में मनोज तिवारी ने कहा कि करीब 35 वर्ष पहले भगवानानंद महाराज से मिली प्रेरणा ने उन्हें स्वर साधना के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी थी। उन्होंने इस आध्यात्मिक परंपरा से अपने जुड़ाव को साझा करते हुए आयोजन के प्रति श्रद्धा व्यक्त की।

इस अवसर पर पूर्व विधायक मदन गोविंद राव, भाजपा नेता राधेश्याम दीक्षित, अधिवक्ता संजीव सिंह, मनोज गोविंद, लल्लन बाबू, अजय गोविंद राव, शिशु बाबू, सत्यपाल गोविंद राव, आशुतोष गोविंद उर्फ गोलू बाबू, रामकोला थानाध्यक्ष स्वतंत्र सिंह, उपनिरीक्षक रणजीत सिंह, उपनिरीक्षक सुशील कुमार, सभासद दिलीप बैश, आलोक गुप्ता, मैनुद्दीन खान, दीपक गोविंद राव, आदित्य पांडेय, निखिल गोविंद राव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

तकनीक के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा भारत-सांसद शशांक मणि



देवरिया। सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने रविवार को सोमनाथ शक्ति केंद्र (बूथ संख्या 221) पर कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' का 139वां संस्करण सुना। इस दौरान सांसद ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए देश तकनीक के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने %मन की बात% को जन-संवाद और देश की उत्कृष्ट उपलब्धियों को सामने लाने का सशक्त माध्यम बताया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री कृष्णनाथ राय, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दुदही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन सम्पन्न



दुदही (कुशीनगर)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, दुदही खंड की ओर से शनिवार, 24 अक्टूबर 2026 को पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अनुशासित कदमताल के साथ संपन्न हुए इस पथ संचलन में राष्ट्रभक्ति, संगठनात्मक एकता और सामाजिक समरसता का संदेश देखने को मिला।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पडरौना जिले के जिला प्रचारक अभय भाई साहब उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए संघ के विचारों, राष्ट्रसेवा, सामाजिक दायित्वों और संगठन के महत्व पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर खंड संचालक अमर अग्रवाल, खंड कार्यवाह जितेंद्र, खंड शारीरिक प्रमुख जय श्रीराम , खंड व्यवस्था प्रमुख धीर , सह खंड कार्यवाह संजय तथा व्यापार मंडल अध्यक्ष रामकुमार की उपस्थिति रही। फाजिलनगर विधायक सुरेंद्र कुशवाहा भी कार्यक्रम में शामिल हुए।इसके अतिरिक्त विश्व हिंदू परिषद के जिला कोषाध्यक्ष पारस जायसवाल , बजरंग दल के नगर संयोजक राजन ब्याहुत, सभासद प्रतिनिधि राजन जायसवाल, सभासद शंभू जायसवाल, पुजारी , बिक्कु , विपुल , विनय पांडेय , नितेश गुप्ता धर्मेंद्र मध्देशिया , भाजपा मंडल उपाध्यक्ष संजय राय, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंजेश , रामप्रताप आयुष श्रीवास्तव, दीपक शर्मा तथा पवन मध्देशिया सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम में सैकड़ों स्वयंसेवकों की सहभागिता ने आयोजन को विशेष बना दिया। पूरे कार्यक्रम में अनुशासन, एकजुटता और संगठन के प्रति समर्पण की भावना प्रमुख रूप से दिखाई दी।

लिटिल फ्लावर स्कूल में बच्चों ने रोमांचक जादू का लुत्फ उठाया

सेवरही,कुशीनगर।नगर पंचायत सेवरही स्थित स्व0आर पी शाही मेमोरियल लिटिल फ्लावर चिल्ड्रेन जूनियर हाईस्कूल परिसर में मशहूर जादूगर ने बच्चों कों जादू दिखाया,जिससे वे हैरान रह गये।जादूगर ने बच्चों का मनोरंजन करने के साथ ही उनमें जिज्ञासा और वैज्ञानिक सोच बढ़ाने का संदेश दिया।उन्होंने कहा कि जादू के पिछे का विज्ञान समझना चाहिए।पुरा स्कूल परिसर तालियों और बच्चों के उत्साह से गुंज उठा।स्कूल के प्रबन्ध निदेशक रणबीर प्रताप शाही ने इस पहल की तारीफ की।उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के ज्ञान और सोचने की क्षमता बढ़ाते हैं।उन्होंने कहा कि जादू एक कला है न कि अन्धविश्वास।जादू का मुख्य उद्देश्य बच्चों का मनोरंजन करना है।जादू विज्ञान और हाथ कि सफाई का मिश्रण है। उक्त कार्यक्रम में संतोष पटेल, अरविंद यादव,देवेन्द्र मिश्र, आर पी उपाध्यक्ष, आशुतोष तिवारी ,आदित्य मद्धेशिया ,कामीनी श्रीवास्तव ,साजिया,राधिका मद्धेशिया, रागिनी गुप्ता, रिंकू बाला श्रीवास्तव, रेनू चौरसिया, किरन गुप्ता, काजल श्रीवास्तव,रेनू वर्मा, रुपाली शर्मा ,प्रिया जायसवाल, माया वर्मा, सरिता जायसवाल ,साक्षी जायसवाल, आदि के साथ साथ बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं शामिल रही।

नि:शुल्क बस सेवा शुरू, स्वास्थ्य शिविर में उमड़े ग्रामीण



देवरिया। जिले के बरहज विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और सुलभ आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भाजपा नेता एवं समाजसेवी संजय तिवारी की पहल पर पैना गांव से देवरिया तक नि:शुल्क बस सेवा की शुरुआत की गई है। इस बस सेवा से स्वास्थ्य शिविर में पहुंचने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को बड़ी राहत मिली है।आयोजित विशाल स्वास्थ्य शिविर में पैना सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे पहुंचे। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान ब्लड प्रेशर, शुगर, थायराइड और आंखों की जांच समेत विभिन्न चिकित्सकीय परामर्श दिए गए। चिकित्सकों की सलाह पर जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां और नजर के चश्मे भी वितरित किए गए। इस अवसर पर समाजसेवी व भाजपा नेता संजय तिवारी ने शिविर में आई महिलाओं को साड़ियां भेंट कर सम्मानित किया। इस जनकल्याणकारी अभियान में उनके पिता एवं पूर्व विधायक सुरेश तिवारी के मार्गदर्शन और प्रयासों की भी अहम भूमिका रही। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भागलपुर से देवरिया के लिए भी नि:शुल्क बस सेवा संचालित की जा चुकी है। अब पैना से दूसरी बस सेवा शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह है और उन्हें इलाज के लिए जिला मुख्यालय तक आने-जाने में सीधी सुविधा मिल रही है। स्थानीय लोगों ने इस सेवा और स्वास्थ्य शिविर की मुक्तकंठ से सराहना की है।

पी.डी.ए.के समर्थन से प्रदेश में अगली सरकार अखिलेश यादव की बनेगी-परवेज आलम



पथरदेवा(देवरिया)।पूर्व मंत्री स्व.शाकिर अली के सुपुत्र विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा के पूर्व प्रत्याशी परवेज आलम ने कहा कि पी.डी.ए.के समर्थन से आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की सरकार बनेगी।

सपा के वरिष्ठ नेता परवेज आलम आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा के अन्तर्गत दर्जनों ग्राम पंचायतों,चौराहों पर अपने समर्थकों के साथ ही सपा के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र का भ्रमण किया और जगह-जगह चौराहे पर उपस्थित जनता को सम्बोधित करते हुए उपरोक्त उद्गार व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर वर्षों से मैं पी.डी.ए.कार्यक्रम को पूरे विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा के अन्तर्गत करने का कार्य किया जिसमें सपा कार्यकर्ताओं के साथ ही पी.डी.ए.के लोग हर कार्यक्रम में भारी भीड़ के साथ उपस्थित रहे। परवेज आलम के साथ डा.मुहम्मद इस्लाम,रब्बूद्दीन अंसारी,रामअधार यादव,दीर्घराज चौरसिया,शिवा जी राव,अशोक शर्मा, रामाशीष माथुर,मंजूर हसन,बलिन्दर कुशवाहा, राम निवास पटेल,रामानन्द यादव ,हरेन्द्र यादव,ईशा अंसारी, श्रीमती प्रभा भारती सदस्य जिला पंचायत,अदालत कुशवाहा, इस्तियाक अहमद, महन्थ यादव ,हरिलाल यादव, रामध्यान यादव, सिराजुद्दीन खान, हीरालाल कन्नौजिया, अछैबर यादव, जगरनाथ शर्मा, डा.श्रीराम कुशवाहा, दिनेश यादव, ओम प्रकाश गुप्ता, मैनेजर सिंह,राजा सिंह, रामअवध कुशवाहा, अब्दुल जब्बार सिद्दीकी ,मेराज अंसारी,आजाद अंसारी ,अनिरूद्ध यादव, अशोक यादव, वशिष्ठ यादव,पान मुहम्मद अंसारी, बाबूचन्द यादव, रामप्रवेश सिंह, मुहम्मद फत्तेह,रामदरश सिंह ,रणजीत गुप्ता, राजू गुप्ता ,रामईश्वर,अजय यादव ,मुमताज अहमद ,बचैयी गौड़,रवीन्दर गौड़,किशोर गुप्ता,जवाहिर मास्टर,मेराज अंसारी समाजवादी पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे।

ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन



❖ खेलकूद से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है - सभाकुंवर कुशवाहा

भाटपार रानी देवरिया। स्थानीय विकास खंड के ग्राम पकड़ी बाबू के राम मनोहर लोहिया इंटर कॉलेज में ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, अनुशासन, प्रतिस्पर्धा और आपसी सहयोग की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक सभा कुंवर कुशवाहा एवं मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज के प्रबंधक तथा भाजपा जिला उपाध्यक्ष राघवेन्द्र वीर विक्रम सिंह की उपस्थिति विशेष चर्चा का विषय रही। अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलकूद को शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया।क्षेत्रीय विधायक सभा कुंवर कुशवाहा ने कहा, खेलकूद बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। इससे बच्चों में शारीरिक मजबूती के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजन से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।भाजपा जिला उपाध्यक्ष राघवेन्द्र वीर विक्रम सिंह ने कहा, बाल क्रीड़ा प्रतियोगिताएं बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का बेहतर मंच हैं। खेलों के माध्यम से बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, परिश्रम और लक्ष्य प्राप्त करने की भावना विकसित होती है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को पहचान मिलती है।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रधानाचार्य शक्ति प्रताप सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, विपुल कुमार तिवारी, राजेश कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, हरिकेश कुशवाहा,अजय कुमार सिंह,गौरव पांडेय,अमित शाही, सुदामा प्रसाद सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

सुभाषित *वाणी मनुष्यकी सबसे अच्छी मित्र है। इससे व्यक्ति संसारको अपना मित्र बना सकता है। अतः वाणीको नियंत्रित और मर्यादित रखें।* ❐ ***चाणक्य नीति***

सियासी फितरत

जम्मू कश्मीरके पूर्व मुख्य मंत्री और नेशनल कांफ्रेंसके अध्यक्ष फारूक अब्दुल्लाने शनिवारको बारामूलामें पार्टी कार्यकर्ताओंको सम्बोधित करते हुए जो बयान दिया है, वह न केवल विवादास्पद और देशकी मर्यादाके प्रतिकूल है अपितु यह उनकी विकृत मानसिकताका भी परिचायक है। फारूक का कहना है कि अन्तरराष्ट्रीय मंचोंपर कश्मीर मूद्देको बरकरार रखकर पाकिस्तानने कश्मीरियोंको बचाया है। उन्होंने यह भी कहा कि कश्मीरियोंको लेकर भारत सरकारकी मंशा सही नहीं है। इसीलिए सरकार जम्मू-कश्मीरके मुद्देपर खामोश है, क्योंकि उसपर दुनियाका दबाव है। फारूक अब्दुल्लाका यह प्रलाप कोई नयी बात नहीं है। ऐसे विवादास्पद बयान वह अनेक बार देते रहे हैं। यह फारूक अब्दुल्लाकी सियासी फितरत है जिससे कि वह सुर्खियोंमें बने रहें। भारत सरकारकी मंशापर सवाल उठाना और अपने राजनीतिक हितोंके लिए शत्रु देशका महिमामंडन करना कहीं से भी उचित और मर्यादित नहीं है। जब पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी भारतमें घुसकर निर्दोष लोगोंकी हत्या करते हैं तब शायद फारूक अब्दुल्लाकी आखें बन्द रहती हैं। फारूक अब्दुल्ला कई जिम्मेदार पदोंपर रह चुके हैं उनसे ऐसे गैर जिम्मेदाराना बयानकी उम्मीद नहीं की जा सकती है। शत्रु देशका महिमामंडन करना शायद उनके लिए राजनीतिक संजीवनी हो सकती है लेकिन यह राष्ट्रभक्ति कदापि नहीं है। फारूक अब्दुल्ला ने पाकिस्तानको कश्मीरियोंके हितोंकी रक्षा करने वाली शक्तिके रूपमें प्रस्तुत करनेका दुस्साहस किया है, जो अक्षम्य है। पाकिस्तान और भारतके बीच कश्मीरको लेकर सात दशकोंसे अधिक पुराना विवाद है। पाकिस्तानकी ओर से अन्तरराष्ट्रीय मंचोंसे कश्मीरका मुद्दा उठाया जाना नयी बात नहीं है। संयुक्त राष्ट्रके अनुसार भी १९४७ के बाद कश्मीर पाकिस्तान विवादका विषय बना हुआ है और कई बार संघर्ष भी हुए हैं। फारूक अब्दुल्ला की पाकिस्तान सम्बन्धी टिप्पणीको केन्द्र सरकारके विरुद्ध राजनीतिक दबाव बनानेकी रणनीतिके रूपमें भी देखा जा सकता है लेकिन राजनीतिक रणनीतिके लिए ऐसी भाषाका चुनना प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। इस बयानका सबसे अधिक प्रभाव जम्मू-कश्मीरकी स्थानीय राजनीतिपर पड़ सकता है। फारूकके बयानकी निन्दाकी जा रही है। इससे लोग आक्रोशित भी हैं। कई राजनीतिक और सामाजिक संघटन फारूकके बयानको देशद्रोहकी श्रेणीमें रख रहे हैं। जो भी हो, फारूकका बयान पूरी तरह से निन्दनीय है और इसके लिए उन्हें देश से क्षमा मांगनी चाहिए।

भाऊ का प्रत्यर्पण जरूरी

भारतके मोस्ट वांटेड भगोड़ोंमें शामिल हरियाणाके गैंगस्टर हिमांशु भाऊको उसके साथी नीरज फरीदपुरियाको अमेरिकी खुफिया एजेंसी एफबीआई ने अमेरिकाके लास वेगास शहरसे गिरफ्तार कर लिया है। इन दोनोंको लास वेगासके बाहर नेवादाके हेंडरसन स्थित डिटेंशनमें आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन एजेंसी (आइसीई) की हिरासतमें रखा गया है। भाऊके खिलाफ भारतमें हत्या, रंगदारी, आर्म्स एक्ट और यूएपीएके तहत करीब ५० से अधिक संगीन मामले दर्ज हैं जिसका एक लीगल डोजियर तैयार किया जा रहा है, जिसे सीबीआई अमेरिकी विदेश विभाग और फेडरल कोर्टके सामने पेश करेगी ताकि उसका प्रत्यर्पण कराया जा सके। उम्मीद है कि शीघ्र ही अधिकारियोंकी एक टीम उसे भारत लानेके लिए अमेरिका जा सकती है। दूसरी ओर हिमांशु भाऊ ने अगस्त २०२२ में उत्तर प्रदेशके बरेलीसे कुनाल सिंहके नामपर फर्जी पासपोर्ट बनवाया था और इसीके सहारे अमेरिकामें दाखिल हुआ था। भारत सरकार अमेरिकी इमिग्रेशन कोर्टमें उसके निष्कासनके लिए इसीको आधार बना रही है। लेकिन अगर मामला भारत-यूएस प्रत्यर्पण संधि (१९९७) के तहत जाता है तो तो भाऊका बचना असम्भव हो जायगा क्योंकि प्रत्यर्पण नियमके तहत हत्या और जबरन वसूली भारत और अमेरिका दोनों ही देशोंमें गम्भीर अपराध है। लम्बे समय से वैश्विक एजेंसियोंकी रडारपर चल रहे हिमांशु भाऊको हरियाणा एसटीएफकी सूचनापर अमेरिकी कमांडोने लास वेगासके उसके ठिकाने से उसके करीबी मददगार नीरज फरीदपुरियाके साथ दबोच लिया। भाऊ को १७ साल की उम्रमें एक हत्याके प्रयासके आरोपमें हिरासतमें लिया गया था लेकिन वह २०२० में हिसारके बाल सुधार गृहसे फरार हो गया था, तब से वह विदेशमें बैठकर दिल्ली-एनसीआर समेत कई राज्योंमें संगीन वारदातोंको अंजाम दिलाता रहा। भाऊ की तरह ऐसे कई अपराधी हैं जो विदेशोंमें बैठकर भारतमें अपने नेटवर्कका संचालन कर रहे हैं। खास बात यह है कि कुछ देश विरोधी शक्तियां भी इनके सम्पर्क में हैं जो इनसे मदद ले भी रही हैं और कर भी रही हैं। देशकी स्थिरता और शांति व्यवस्था बनाये रखनेके लिए इनकी नकेल कसना जरूरी है।

लोक संवाद

वायु प्रदूषण

महोदय,-दिल्लीमें वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) एक ही दिनमें १७९ से बढ़कर २४४ (खराब) होते ही प्रशासनने सराहनीय तत्परता दिखाते हुए ग्रेडेड रिस्पॉन्स ऐक्शन प्लानका पहला चरण (ग्रैप) लागू कर दिया है। एक्यूआई स्तरसे संबंधित चार चरणों वाली इस योजनाके पहले चरणमें कोयला और लकड़ी जलाने (रेस्तरां और खुले भोजनालयोंमें इस्तेमाल होने वाले तंदूर सहित) और कुछ विशेष परिस्थितियोंको छोड़कर डीजल जेनरेटरके उपयोगपर प्रतिबंध लगाया गया है। यह कदम दिल्लीकी शीतकालीन प्रदूषण नियंत्रण योजनासे लगभग एक सप्ताह पहले उठाया गया है। इसके तहत वैध प्रदूषण-नियंत्रण प्रमाणपत्र न होनेपर वाहनोंको पेट्रोल पंपोंसे ईंधन देनेपर रोक होगी, भारत उत्सर्जन मानकोंको पूरा न करने वाले बाहरी वाहनोंके प्रवेशपर प्रतिबंध होगा, ५० फीसदी कर्मचारियोंके लिए घरसे कामको अनिवार्य करना होगा, निजी वाहनोंके इस्तेमालको हतोत्साहित करनेके लिए पार्किंग शुल्क दोगुना कर दिया जायगा और निर्माण कार्योंपर भी पाबंदी लगायी जायगी। ये नियम फरवरीके अंततक लागू रहेंगे। ये प्रारंभिक कदम, दुनियाभरमें कुख्यात शहरके शीतकालीन प्रदूषणको नियंत्रित करनेके सराहनीय प्रयास हैं। हालांकि धानकी पराली जलानेकी शुरुआत, हवाकी गतिमें अचानक गिरावट, दिल्ली सरकारकी निगरानी क्षमता और दीवालीके दौरान भारी आतिशबाजीकी संभावनाको देखते हुए अभी यह बताना जल्दबाजी होगी कि ये कदम कितने कारगर रहेंगे। आतिशबाजीपर प्रतिबंध नहीं लगाया जाना समझसे परे है। नागरिकोंको आने वाली सर्दियोंमें स्वच्छ हवा मिले, यह सुनिश्चित करनेमें ये केवल कुछ चुनौतियां हैं। कारगर होनेके लिए प्रवर्तनका दायरा कहीं अधिक व्यापक होना चाहिए, जो दिल्ली सरकारके अधिकार क्षेत्रसे परे है। दिल्ली विशाल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रका हिस्सा है, जिसमें हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थानके जिले शामिल हैं। इन राज्योंके अधिकांश शहर भारतमें शहरी प्रदूषणका मुख्य स्रोत हैं। दिल्लीकी शीतकालीन प्रदूषण नियंत्रण कार्य योजनाके प्रभावी होनेके लिए, इन क्षेत्रोंके प्रशासनोंको पारस्परिक योजनाएं लागू करनी होंगी। पुराने वाहनों और निर्माणपर मानक प्रतिबंध पिछली सर्दियोंमें ज्यादा असरदार साबित नहीं हुए हैं और योजनामें तालमेलका कोई प्रमाण नहीं है। केन्द्रीय आवास और शहरी मामलोंके मंत्रालयके अधीन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड प्रदूषण नियंत्रण योजनाओंके समन्वयमें उपयोगी भूमिका निभा सकता है। लेकिन इससे भी समस्याका आंशिक समाधान ही होगा। एक्यूआई रैंकिंगके नवीनतम आंकड़ोंसे पता चलता है कि दिल्ली दुनियाके २० सबसे प्रदूषित शहरोंमें शामिल १३ भारतीय शहरोंमेंसे एक नहीं है। इनमें बुलंदशहर, पाली, मथुरा, मुजफ्फरनगर, रोहतक, कोटा, हापुड़, बीकानेर, बरेली और हिसार शामिल हैं। अन्यमें मुंबई, अगरतला और बुरहानपुर (मध्य प्रदेश) उत्तरी गंगा क्षेत्रसे बाहर हैं। इनमेंसे कई प्रदूषण फैलाने वाले शहर पराली जलाने वाले क्षेत्रोंके निकट स्थित हैं। रबी फसलके मौसमसे पहले किसान अपने खेतोंको साफ करनेके लिए आग लगाते हैं, उससे निकलने वाले घने धुएंसे कोई भी उत्तरी शहर अछूता नहीं है। अबतक हरियाणा और पंजाब, जो पराली जलानेकी समस्याका केन्द्र हैं, वहांकी सरकारें इस समस्याका कोई ठोस समाधान नहीं दे पायी हैं। इस समस्यामें केन्द्र सरकारका हस्तक्षेप जरूरी है, क्योंकि यह दीर्घकालिक केन्द्रीय कृषि नीतियोंका परिणाम है। इसलिए निष्कर्ष यह है कि उत्तर भारतीय शहरी प्रशासनोंके साथ-साथ ग्रामीण जिलोंको शामिल करने वाली समन्वित कार्य योजनाके बिना, शहरवार प्रदूषण-कार्य योजनाएं काफी हदतक अप्रभावी साबित होंगी। केन्द्र सरकारके लिए अब ठोस कदम उठाना राजनीतिका सवाल नहीं, बल्कि बढ़ते जन-स्वास्थ्य संकटसे निबटनेका मामला है। **-आर.पी. सिंह, वाया ईमेल।**

यूरोपमें छात्रोंका खुला मोर्चा

पिछले हफ्ते फ्रांसमें विरोध-प्रदर्शन हिंसक हो गये तब फ्रांसके धुर दक्षिणपंथी गुटोंने तुरंत नस्लवादी भाषाका इस्तेमाल करते हुए इस हिंसाके लिए मुस्लिम युवाओंको दोषी ठहराया। जुलाईमें जब सैकड़ों प्रवासियोंने मोरक्कोसे स्पेनमें घुसनेकी कोशिश की तो स्पेनके दक्षिणपंथियोंने इसे मोरक्को द्वारा किया गया सुनियोजित हमला बताया।

❐ **पुष्परंजन**

पिछले हफ्ते फ्रांसमें विरोध प्रदर्शनके हिंसक होनेको पड़ोसी देश मोरक्कोसे स्पेनके क्षेत्र स्यूटाको आके हवाले कर दिया। तब स्पेनके धुर दक्षिणपंथियोंने इसे मोरक्कोवासियों द्वारा किया गया सुनियोजित हमला करार दिया। लेकिन फिलहाल पूरे यूरोपमें जो कुछ हो रहा है, उसका ठीकरा मुसलमानों और वामपंथियोंपर फोड़ा जा रहा है। हालांकि यह उम्मीद की जा सकती है कि धुर दक्षिणपंथी गुट संकटोंका फायदा उठाकर इस्लाम-विरोधी भावनाएं भड़कायेंगे। अब बात यहींतक सीमित नहीं रह गयी है। पिछले हफ्ते जब फ्रांसमें छात्रोंका विरोध प्रदर्शन जोर पकड़ रहा था, तब यूरोपीय संसदने चुपचाप एक प्रस्ताव पारित किया। यह प्रस्ताव इस्लामिस्ट एंट्रीज्म (इस्लामी घुसपैठ) और मुस्लिम ब्रदरहुड नेटवर्कके प्रभावका मुकाबला करनेके लिए एक ईयू रणनीतिकी आवश्यकतापर केंद्रित था। इसे संसदके सबसे बड़े समूहए सेंटर-राइट यूरोपियन पीपल्स पार्टी (ईपीपी) ने पेश किया था। यूरोपीय आयोगकी अध्यक्ष उर्सुला फॉन देयर लॉयन भी इसी समूहसे आती हैं। यह प्रस्ताव ३८१ वोटोंके समर्थनसे पारित हुआए जबकि १६७ वोट इसके खिलाफ पड़े। ब्रसेल्स स्थित यूरोपीय संसदके १५ सदस्य इस मतदानसे दूर रहे। चार अन्य समूहोंने भी लगभग सर्वसम्मतिसे ईपीपीका समर्थन किया। इनमें पैट्रियट्स फॉर यूरोप और यूरोप ऑफ सॉवरेन नेशंस (दोनों धुर दक्षिणपंथी समूह), उदारवादी रिन्यू यूरोप तथा यूरोपियन कंजर्वेटिव्स एंड रिफॉर्मिस्ट्स शामिल हैं। सोशल डेमोक्रेट्स, वामपंथी और ग्रीन्सके सांसदोंने ज्यादातर इसके खिलाफ वोट दिया, लेकिन वे इसे रोक नहीं पाये।



पिछले हफ्ते जब फ्रांसमें छात्रोंका विरोध-प्रदर्शन जोर पकड़ रहा था, तब यूरोपीय संसदने चुपचाप एक प्रस्ताव पारित किया। यह प्रस्ताव इस्लामिस्ट एंट्रीज्म और मुस्लिम ब्रदरहुड नेटवर्कके प्रभावका मुकाबला करनेके लिए एक ईयू रणनीतिकी आवश्यकतापर केंद्रित था। इसे संसदके सबसे बड़े समूह ईपीपीने पेश किया था। यह प्रस्ताव ३८१ वोटोंके समर्थनसे पारित हुआ, जबकि १६७ वोट इसके खिलाफ पड़े। ब्रुसेल्स स्थित यूरोपीय संसदके १५ सदस्य इस मतदानसे दूर रहे। ज्यादातर सांसदोंने इसके खिलाफ वोट दिया, लेकिन वे इसे रोक नहीं पाये।

यह प्रस्ताव फ्रांसीसी सरकारकी राजनीतिक इस्लामवादपर आयी एक बेहद विवादास्पद रिपोर्टपर आधारित है। इसमें इस्लामिस्ट एंट्रीज्मको प्रभाव जमाने, धीरे-धीरे ढांचा तैयार करने, संस्थाओंके भीतर पैठ बनाने और विचारधाराको वैधता दिलानेकी एक राजनीतिक रणनीतिके रूपमें परिभाषित किया गया है। इसमें दावा किया गया है कि इस्लामी प्रभाव कई तरहके संघटनों और फाउंडेशनोंके जरिये काम करता है। इनमें सांस्कृतिक, शैक्षिक, धार्मिक, धर्मार्थ, विश्वविद्यालयए युवा, भेदभाव-विरोधी और सामाजिक कार्योंसे जुड़े ढांचे शामिल हैं। यूरोपमें लगभग ४५ से ६२ मिलियन मुसलमान रहते हैं। ये इस महाद्वीपकी कुल आबादीका लगभग ७.६ फीसदी हिस्सा हैं। इनमेंसे सबसे बड़ी संख्या रूस, फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम और इटलीमें रहती है। प्यू रिसर्च सेंटरके अनुसार रूसमें अधिकतम १७ फीसदी मुसलमान हैं, जिनमें तातार और चेचेन जैसे मूल निवासी शामिल हैं। फ्रांसमें करीब ६८ लाख मुसलमान हैं, जो कुल आबादीका अधिकतम दस प्रतिशत बताये जाते हैं। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूटके अनुसार, जर्मनीकी कुल आबादीमें लगभग सात फीसदी मुसलमान हैं। ब्रिटेनमें ४० लाख मुसलमान हैं, जो कुल आबादीका लगभग छह प्रतिशत हैं। इटलीमें अधिकतम ४० लाख मुसलमान हैं, जो कुल आबादीका लगभग छहसे सात फीसदी हैं। भारतके मुकाबले ये संख्याएं कुछ भी नहीं हैं। फिर भी यूरोप डरा हुआ है। और यह डर दक्षिणपंथी ताकतोंको मजबूत करता है।

इस प्रस्तावको लागू करना यूरोपीय संघके सदस्य देशोंके लिए अनिवार्य नहीं है। लेकिन यूरोपीय राजनीतिमें इसे दर्ज कराना था और यह मकसद पूरा हो गया। मुस्लिम ब्रदरहुड और उससे जुड़े लोगों या संस्थाओंको आतंकवादी सूचीमें डालनेकी मांगके पूरे यूरोपमें लागू होनेकी संभावना कम है, क्योंकि इस आंदोलनने राजनीतिक हथियारके रूपमें हिंसाका त्याग कर दिया है। फिर भी, यह प्रस्ताव एक ऐसे वैचारिक ढांचेको वैधता देता है, जिसके मुस्लिम समुदायोंके लिए गम्भीर परिणाम हो सकते हैं। आने वाले दिनोंमें इसकी नकल भारतमें भी हो सकती है, इससे इनकार नहीं किया जा सकता।

यह प्रस्ताव उन मुस्लिम संस्थानों और संघटनोंको संदेहके घेरेमें लाता है, जो सरकारसे स्वतंत्र होकर काम करते हैं। यह मुस्लिम नागरिक समाजकी भागीदारीको एक तरहकी घुसपैठके रूपमें पेश करता है। प्रस्तावमें ब्रसेल्स स्थित यूरोपियन नेटवर्क अगेंस्ट रेसिज्म सहित कई संघटनोंका नाम लिया गया है, जिनपर इस तरहके इस्लामिस्ट व्यवहारको बढ़ावा देनेका आरोप है। प्रस्तावमें मांग की गयी है कि इन संघटनोंको मिलने वाली ईयू फंडिंग रोक दी जाय। बाहरी ताकतें इसका आसानीसे दुरुपयोग कर सकती हैं और ऐसा हो भी चुका है। उदाहरणके लिए संयुक्त अरब अमीरातने यूरोप और अन्य जगहोंपर व्यक्तियों और संघटनोंको मुस्लिम ब्रदरहुडसे संबद्ध बताकर बदनाम करनेके लिए एक व्यापक अभियान चलाया है। दिलचस्प बात यह है कि प्रस्ताव पेश किये जानेसे कुछ महीने पहले, अमीरातके एक राजदूतने यूरोपीय संसदमें आयोजित मुस्लिम ब्रदरहुड: यूरोपके लिए एक वास्तविक खतरा शीर्षक वाले सम्मेलनमें भाग लिया था। यानी इसकी भूमिका पहलेसे ही तैयार कर ली गयी थी।

प्रतीकात्मक रूपसे, यह प्रस्ताव यूरोपकी दक्षिणपंथी मुस्लिमविरोधी ताकतोंके लिए एक बड़ी जीत है। यह प्रस्ताव यह भी दर्शाता है कि यूरोपीय इस्लामोफोबिया किस तरह विकसित हुआ है। अब डर इस बातका नहीं है कि आप्रवासी अजनबी हैं और एकीकृत नहीं हो पा रहे हैं, बल्कि उन मुसलमानोंसे है, जो अपने लिए बोलने और अपने नागरिक अधिकारोंकी रक्षा करनेमें सक्षम हैं। मध्यम दक्षिणपंथी ताकतोंके लिए यह इस्लामोफोबिक ढांचा राजनीतिक लाभ लेकर आता है। इसके जरियेवे न केवल मुस्लिमविरोधी भय फैलाकर चुनावी लाभ उठा सकती हैं, बल्कि उन वामपंथियोंपर भी प्रहार कर सकती हैं, जो नस्लवाद को अस्वीकार करते हैं और मुस्लिम समुदायोंके पक्षमें खड़े होते हैं। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि फ्रांसके राजनीतिक परिदृश्यमें इस्लामो-वामपंथ (फ्रांसीसीमें इस्लामो-गोशिज्म) के विचारको बढ़ावा दिया जा रहा है। वामपंथी पार्टी ला फ्रांस इंसौमिस (फ्रांस अनबाउंड) के ज्यां-ल्यूक मेलेंशों हाशियेपर पड़े समुदायोंके बीच विशेष रूपसे लोकप्रिय हैं और राष्ट्रपति पदके प्रबल दावेदार हैं। अब उनपर 'दंगाइयों' को उकसानेका आरोप लगाया जा रहा है, जिनके बारेमें संकेत दिया जा रहा है कि वे मुसलमान हैं। वामपंथियों और मुसलमानोंपर यह दोहरा हमला पुराने 'यहूदी-बोल्शेविक' साजिश सिद्धांत की याद दिलाता है, जिसमें यहूदियोंपर पश्चिमी सभ्यताको नष्ट करनेके उद्देश्यसे साम्यवाद फैलानेका आरोप लगाया गया था। आज 'इस्लामो-वामपंथ' रूढ़िवादियों, उदारवादियों और धुर दक्षिणपंथियोंके लिए 'बलिका बकरा' बन गया है। उनका मकसद मुसलमानोंके बिना एक किलेबंद यूरोप बनाना प्रतीत होता है।

सस्ता डाटा पड़ रहा है महंगा

डाटाके गलत इस्तेमालकी समस्याको कम करनेके लिए ट्राई कड़े कदम उठा सकता है। टेलीकॉम कम्पनियोंको निर्देश दे सकता है कि वे हर दिन एक या दो जीबी डाटा देनेके बजाय, महीनेमें दोसे पांच जीबीतक सीमित डाटा दें।


❐ **प्रोफेसर अश्विनी महाजन**

भारत दुनियामें सबसे सस्ता डाटा उपलब्ध कराने वाले देशोंमें शामिल है। भारतमें प्रति जीबी डाटाकी कीमत मात्र पांचसे छह रुपये ही है। २०१४ में यह कीमत २६९ रुपयेसे ३०८ रुपये प्रति जीबी थी। यानी पिछले १२ वर्षोंमें डाटाकी कीमत ९७ प्रतिशत घटी है। यदि वाई-फाई डाटाकी बात करें तो कई सार्वजनिक स्थानमें तो यह मुफ्त उपलब्ध होता है। निजी तौरपर भी यह घरों और व्यावसायिक स्थलोंपर विभिन्न कम्पनियों द्वारा सालभरमें मात्र ५००० से १०,००० रुपये प्रति वर्षकी कीमतपर लगभग असीमित डाटा मिलता है। डाटाकी गतिके अनुसार कीमत तय होती है। गौरतलब है कि अभीतक देशमें ७.२२ लाख किलोमीटर अपटिकल फाइबर केबल बिछायी जा चुकी है। भारतमें टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर और इंटरनेट दुनियामें दूसरे स्थानपर है। इस विस्तारके कारण भारतमें स्मार्टफोन तीन तेजीसे बढ़ी है। इसके कारण भारतमें डिजिटल सेवाओं, ऑनलाइन कॉमर्स, डिजिटल पेमेंट और इंटरनेट आधारित प्लेटफार्मका चलन बढ़ा है। भारतमें ब्रॉडबैंड सौ करोड़तक पहुंच चुका है।

अन्य देशोंसे तुलना भारतमें डाटा अमेरिका, यूरोपीय देशों और जापान ही नहीं चीनसे भी कहीं सस्ता है। जहां अमेरिकामें यह ३.५ गुना ज्यादा ०.२० डालर प्रति जीबी है, चीनमें यह आधा डालर यानी ४७ रुपये प्रति जीबी है। दुनियाके अधिकांश देशोंमें मोबाइल डाटाकी कीमत भारतसे अधिक है। गौरतलब है कि सामर्थ्यके हिसाबसे तो भारतमें यह और भी अधिक अफॉर्डेबल है। जहां भारतकी प्रति व्यक्ति आय दुनियामें १४६वें स्थानपर आती है, मोबाइल डाटाकी कीमतमें किफायतमें भारतका स्थान सबसे ऊपरके देशोंमें होना यह बताता है कि भारतमें डाटा बहुत ही अफॉर्डेबल है। कितना उपयोग होता है डाटा। टेलीकॉम निर्माता नोकिया कम्पनीके अनुसार भारतमें प्रति व्यक्ति वार्षिक डेटा उपयोग २०२५ में ३१ जीबीतक पहुंच गया है, जो २०२४ में २७.५ जीबी ही था। डाटाका उपयोग पिछले पांच वर्षोंमें २१.७ प्रतिशत प्रतिवर्षकी दरसे बढ़ा है। केवल डाटा ही नहीं डाटाकी स्पीडमें भी खासा विकास हुआ है। आज भारतमें ५जी पैंठ २५ प्रतिशतसे अधिक है और मेट्रो शहरोंमें तो यह ५८ प्रतिशतसे अधिक है। कहां उपयोग होता है डाटा- महत्वपूर्ण बात यह है कि डाटाका प्रयोग कहां और कितना होता है। भारतमें २०२५ में ५० करोड़ सोशल मीडिया उपयोग करने वाले मोबाइल ग्राहक थे। न्यूज एजेंसी रॉयटरका कहना है कि भारतमें प्रतिदिन औसतन भारतीय ३.२ घंटे सिर्फ सोशल मीडिया एप्सपर ही खर्च करता है।

संदेश भेजने या प्राप्त करनेपर एक घंटा छह मिनट प्रतिदिन इस्तेमाल होते हैं, जो व्यैक्तिक और व्यवसाय संबंधी दोनों हो सकते हैं। बिजनेस और उपयोगिताके लिए मात्र ४२ मिनट ही इस्तेमाल होते है और अन्यपर ३५ मिनट। यानी कहा जा सकता है कि उत्पादकताकी दृष्टिसे मात्र ४२ मिनट और लगभग ९० मिनट मिश्रित कार्य निष्पादन जैसे, संचार, शिक्षा, नैविगेशन, बैंकिंग, शोपिंग आदिके लिए इस्तेमाल होता है। यानी कहा जा सकता है कि कुल पांच घंटे ४५ मिनटका समय औसतन मोबाइलपर खर्च होता है, जिसमेंसे लगभग ६० प्रतिशत तो सिर्फ सोशल मीडिया और शेष ४० प्रतिशत अन्य-अन्य कार्योंपर खर्च होता है। समझा जा सकता है कि कितनी बड़ी मात्रामें भारतके लोगों, जिनमेंसे अधिकांश युवा हैं, का समय अनुत्पादक गतिविधियोंके लिए इस्तेमाल होता है। ईवाईके अनुसार वर्ष २०२५ में भारतीयोंने १२३ करोड़ घंटे स्मार्टफोनपर इस्तेमाल किये, जो ५.८ घंटे प्रति दिन माना जा सकता है और इनमें ६० प्रतिशत तो सिर्फ सोषल मीडिया एप्सपर ही खर्च हुए।

पिछले १२ सालोंमें जैसे-जैसे डाटा सस्ता हुआ है, उससे भारतमें डाटाका उपयोग पहलेसे ज्यादा बढ़ गया है। मोबाइल कम्पनियां ग्राहकोंको आकर्षित करनेके लिए ऐसे प्लान लेकर आती है, जिससे डाटाका उपयोग और ज्यादा बढ़ जाता है। उदाहरणके लिए हम देखते हैं कि पूर्वमें जहां कॉलिंगके साथ डाटा सीमित रूपसे, एक जीबी या दो जीबी प्रति माह मिलता था, लोग डाटाका किफायती इस्तेमाल करते थे। लेकिन अब प्रतिदिन एक जीबी या दो जीबी डाटाके प्लान उपलब्ध है, जिसके कारण डाटाका ज्यादा उपयोग होता है। यहां समझना होगा कि डाटाका उपयोग बढ़नेके साथ ही साथ समयकी खपत भी बढ़ती है। हालमें ग्राहकोंको राहत देनेकी दृष्टिसे मोबाइल कम्पनियोंपर दबाव बढ़ा है कि जिसको जितनी आवश्यकता हो, उसी प्रकारका प्लान उसको उपलब्ध कराया जाये। टेलीकाम रेगुलेटरी अथॉरिटी आफ इंडिया (ट्राई) ने हालमें टेलीकॉम कम्पनियोंको निर्देश दिया है कि वे वॉयस कॉल और एसएमएसके साथ डाटाको अनिवार्य रूपसे बंडल करना बंद करें। उदाहरणके लिए, कम्पनियोंसे कहा गया है कि वे ऐसे प्लान भी दें जिनमें सिर्फ वॉयस और एसएमएसकी सुविधा हो और डाटा शामिल न हो। इस कदमसे उन ग्राहकोंका खर्च कम होगा, जिन्हें डाटाकी जरूरत नहीं होती और जो अपने मोबाइल फोनका इस्तेमाल सिर्फ कॉल करने या एसएमएस भेजनेके लिए करते हैं। हालांकि सस्ते डाटाके गलत इस्तेमालकी समस्याको कम करनेके लिए ट्राई एक और कदम उठा सकता है। वे टेलीकॉम कम्पनियोंको निर्देश दे सकते हैं कि वे हर दिन एक या दो जीबी डाटा देनेके बजाय, महीनेमें दोसे पांच जीबीतक सीमित डाटा दें, ताकि डाटाका इस्तेमाल किया जा सके। यही नहीं माता-पिता जिन्होंने अपनी बच्चोंको स्मार्टफोन इसलिए दिलाये हैं, ताकि वे अपनी शिक्षाकी आवश्यकताको पूर्ण कर सकें उनके लिए भी सीमित डाटाके प्लान ज्यादा उपयोगी हो सकते हैं। ऐसेमें बच्चे डाटाका मितव्ययतासे उपयोग करना सीखेंगे और समयका दुरुपयोग भी नहीं होगा और बच्चे मोबाइलसे ध्यान हटा कर खेलने और दूसरी रचनात्मक गतिविधिओंमें ध्यान लगायेंगे।



सद्गुरुकी कृपा

❐ **अवधविहारी शुक्ल**

इस वैज्ञानिक युगमें संचार तकनीकीके आत्मबोध अथवा भव बंधनसे मुक्ति हेतु सभी धर्मग्रंथों विशेषकर उपनिषदों, श्रीमद्भगवद्गीता, रामचरितमानस, गुरुवाणी तथा सभी प्रकरणमें भी सद्गुरुका सानिध्य माध्यमसे सभी सूचनाएं सुदूर क्षेत्रोंमें भी जनमानसको सुलभ हो गयी हैं। अब कोई भी व्यक्ति दूर शिक्षाके माध्यमसे मुद्रित सामग्री, इंटरनेट, ऑडियो विडियो आदि उपकरणोंके माध्यमसे किसी भी पाठ्यक्रमकी पढ़ाई कर सकता है। ऐसी स्थितिमें यह सहज प्रश्न है कि अध्यात्मके ज्ञानार्जन हेतु उसे गुरुके पास जानेकी क्या आवश्यकता है। विशेष रूपसे तब जब उसे विभिन्न धर्माचार्यों एवं धर्मगुरुओंके उपदेश विभिन्न चैनलोंपर सुननेको उपलब्ध है। इस प्रकरणमें निम्न बिन्दु विचारणीय हैं। (१) दूर संचार एवं दूर शिक्षाके माध्यमसे पढ़ाये जाने वाले विविध प्रयोगात्मक विषय जैसे-विज्ञान, कम्प्यूटर आदिकी सफलतापूर्वक पढ़ाई पूरा करनेके लिए छात्रोंको कुछ समयके लिए नियमित रूपसे शिक्षकके समक्ष अध्ययन करना पड़ता है। जब इस प्रकारकी अपरा विद्याके अध्ययन हेतु भी छात्रोंको गुरुके समक्ष जाना पड़ता है तो ब्रह्म विद्या (जो कि इन्द्रियातीत ज्ञान है) को उपलब्ध करने हेतु दूर शिक्षा प्रणाली सद्गुरुका विकल्प नहीं हो सकती। (२) हमें अपने स्वरूपका अज्ञान अनादि कालसे है और इसी कारण अनेक जन्मोंसे बन्धनमें पड़े हैं। प्रायः अधिकांश वक्ता एवं कथावाचक बुद्धिजीवियोंकी भांति केवल बौद्धिक बातें ही करते हैं। (३) अनादि कालसे अज्ञानमें डूबे व्यक्तिको ब्रह्म विद्याके सीखने हेतु गुरु एवं शास्त्र वचनोंमें अटूट श्रद्धाका होना परमावश्यक है। श्रद्धाका विकास गुरुके सानिध्यमें ही सम्भव है मात्र दूरदर्शनपर प्रवचन सुननेसे श्रद्धा नहीं हो सकती। सद्गुरुके सानिध्यके बाद दूरसंचारके माध्यमसे सद्गुरुके प्रवचनोंका श्रवण अवश्य लाभकारी सिद्ध होगा। (४) स्वरूप बोधसे इतर विविध प्रकारके ज्ञान वस्तुनिष्ठ प्रकृति वाले हैं क्योंकि वे अपनेसे इतर ज्ञान हैं जिसे बुद्धि एवं मनसे जाना जा सकता है जबकि स्वरूप बोध आत्मनिष्ठ प्रकृति वाला है जिसे न तो आप अपनी बुद्धि या मनसे जान सकते हैं और न अन्य कोई दूसरा आपके स्वरूप बोधकी स्थितिको जान सकता है। इस प्रकारके अद्वितीय ज्ञानको सद्गुरु आपके समक्ष उद्घाटित करते हैं। यह कार्य चैनलके माध्यमसे संभव नहीं है। (५) ब्रह्मवित ब्रह्मैव भवतिके अनुरूप सद्गुरुका आचरण एवं उनके जीवनकी विभिन्न गतिविधियां सच्चे साधकको गहराईसे छूती हैं जिससे उसके जीवनमें आमूल-चूल परिवर्तन आता है।

आसान हो फसल बीमाकी प्रक्रिया

❐ **अमन सिंह गौर**

मौसमका बदलता मिजाज अब केवल किसानोंकी चिन्ता नहीं रह गया है। इसका असर आम आदमीकी थाली, रोजगार, पानी और रोजमर्राके खर्चतक दिखाई देने लगा है। कभी बारिशकी कमी खेतोंको सुखा देती है तो कभी कुछ ही घंटोंकी बारिश शहरोंकी सड़कोंको डुबो दे रही है। कहीं गर्मी लोगोंका जीना मुश्किल कर देती है तो कहीं अचानक आयी बाढ़ घर और फसल दोनों छीन ले रही है। ऐसी स्थितियोंमें नुकसान होनेके बाद चिन्ता जताना और राहत पहुंचाना जरूरी है, लेकिन सवाल यह है कि जब खतरेका अनुमान पहलेसे लगाया जा सकता है तो उससे निबटनेकी तैयारी समय रहते क्यों नहीं होती। इस वर्षका मानसून इस चिन्ताको और गम्भीर बनाता है। भारत मौसम विज्ञान विभागके अनुसार, जूनसे सितंबर २०२६ के बीच देशमें ७५९.५ मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि सामान्य वर्षा ८६८.६ मिलीमीटर है। यानी बारिशमें करीब १२.६ प्रतिशतकी कमी रही। मौसम विभागने अक्तूबरमें भी देशभरमें सामान्यसे कम बारिशकी आशंका जतायी है। इसका असर रबीकी बुवाई, मिट्टीकी नमी और सिंचाईके लिए पानीकी उपलब्धतापर पड़ सकता है। कृषि मंत्रालयके अधिकारियोंने भी इस बार रबीकी फसलके लिए चुनौतीपूर्ण परिस्थितियोंकी आशंका जतायी है।

हालांकि मौसमकी मारका मतलब केवल बारिशकी कमी नहीं है। कई बार कम समयमें इतनी बारिश हो जाती है कि खेतोंमें खड़ी फसल बर्बाद हो जाती है। कहीं सूखेकी स्थिति बनती है तो कहीं जलभरावसे नुकसान होता है। समस्या यह है कि हम मौसमको अक्सर एक ऐसी घटना मानकर चलते हैं, जिसका सामना होनेपर ही कुछ किया जा सकता है। जबकि सचाई यह है कि मौसमका अनुमान लगाना सम्भव है और उसके संभावित प्रभावोंको कम करनेके लिए पहलेसे कदम भी उठाये जा सकते हैं। मौसम विभागकी चेतावनियां तभी उपयोगी हैं, जब उनके आधारपर जमीनपर तैयारी हो। यदि किसी क्षेत्रमें कम बारिशकी आशंका है तो किसानोंको समय रहते बताया जाना चाहिए कि कौन-सी फसल बोना उचित होगा, किस किस्मके बीजका इस्तेमाल करना चाहिए और पानीकी उपलब्धताके अनुसार खेती कैसे की जाय। केवल मोबाइलपर सन्देश भेज देना पर्याप्त नहीं है। गांवोंमें ऐसे किसान भी हैं जिनके पास जानकारी तो पहुंच जाती है लेकिन समयपर बीज, सिंचाई या कृषि सलाह उपलब्ध नहीं हो पाती। कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केन्द्रोंको इस अन्तरको दूर करना होगा।

जल संरक्षणके मामलेमें भी गम्भीरता दिखानेकी जरूरत है। बारिशके दिनोंमें पानी बहकर निकल जाता है और कुछ महीनों बाद गांवोंमें पेयजल तथा सिंचाईका संकट खड़ा हो जाता है। तालाबोंपर अतिक्रमण, उनकी खराब स्थिति और भूजलका लगातार दोहन इस समस्याको बढ़ाते हैं। यदि गांवोंके तालाबोंको समय रहते साफ कराया जाएए वर्षाजलको रोकनेकी व्यवस्था हो और खेतोंमें नमी बनाये रखनेके उपाय अपनाये जायं तो कम बारिशके समय कुछ राहत मिल सकती है। इसके लिए हर साल नयी घोषणा करनेके बजाय पुराने जलस्रोतोंको बचाने और उनकी देखरेखकी जिम्मेदारी तय करना ज्यादा जरूरी है। यह भी समझना होगा कि हर क्षेत्रकी जरूरत एक जैसी नहीं होती। जहां पानीकी कमी है, वहां कम पानीमें तैयार होने वाली फसलोंको बढ़ावा देना उपयोगी हो सकता है। लेकिन किसान केवल सलाहके आधारपर अपनी खेती नहीं बदल सकता। उसे बीज, बाजार और उचित दामका भरोसा भी चाहिए। यदि सरकार चाहती है कि किसान मौसमके अनुसार फसलका चुनाव करे तो उसे जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने होंगे। फसल बीमाकी प्रक्रिया आसान होनी चाहिए और नुकसान होनेपर मुआवजा समयसे मिलना चाहिए। किसानको संकटसे उबरनेके लिए अगली फसलतक कर्जके बोझमें दबे रहनेके लिए नहीं छोड़ा जा सकता। शहरोंमें भी तैयारीकी कमीका खामियाजा आम लोगोंको भुगतना पड़ता है। हर साल बारिशके दौरान जलभराव, यातायात बाधित होने और नालोंके उफननेकी शिकायतें सामने आती हैं। इसके बावजूद कई जगहोंपर नालोंकी सफाई और जलनिकासीकी व्यवस्था समयपर नहीं हो पाती। दूसरी ओर गर्मी बढ़नेपर पेयजल संकटसे निबटनेकी कोशिश शुरू होती है। नगर निकायोंको मौसम बदलनेसे पहले ही अपनी तैयारियां पूरी करनी चाहिए। जलभराव वाले इलाकोंकी पहचान, नालोंकी सफाई, पेयजलके वैकल्पिक इंतजाम और जरूरत पड़नेपर राहत पहुंचाने की योजना पहलेसे तैयार रहनी चाहिए। सरकारके अलग-अलग विभागोंके बीच बेहतर तालमेल भी जरूरी है। मौसम विभाग चेतावनी जारी करता है, कृषि विभाग किसानोंको सलाह देता है, सिंचाई विभाग पानीका प्रबंधन करता है और स्थानीय प्रशासन राहतकी व्यवस्था देखता है। लेकिन यदि इन विभागोंके बीच तालमेल नहीं होगा तो अच्छीसे अच्छी योजना भी अधूरी रह जायगी। जिला स्तरपर मौसमकी चेतावनीके आधारपर जिम्मेदारियां तय की जानी चाहिए। पंचायतों और स्थानीय निकायोंको भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए क्योंकि स्थानीय जरूरतों और समस्याओंकी जानकारी सबसे बेहतर उन्हें ही होती है। मौसमके हर बदलावको रोकना मनुष्यके हाथमें नहीं है लेकिन उससे होने वाले नुकसानको कम करना जरूर संभव है। इसके लिए केवल आपदाके समय सक्रिय होने वाली व्यवस्थासे काम नहीं चलेगा। तैयारी ऐसी होनी चाहिए, जो खतरेकी आशंकाके साथ ही शुरू हो जाय। योजनाओंकी सफलताका आकलन इस आधारपर होना चाहिए कि कितने लोगोंका नुकसान बचाया गया, कितना पानी सुरक्षित रखा गया और किसानोंको उचित समयपर मदद मिली या नहीं। मौसमकी मारको पूरी तरह टालना संभव नहीं लेकिन हर बार नुकसानके बाद ही जागना बुद्धिमत्ता नहीं है। प्रकृतिके संकेतोंको समय रहते समझना और उनके अनुसार तैयारी करना ही समझदारी है। संकट आनेपर राहत देना जरूरी है, लेकिन उससे पहले नुकसान रोकनेकी कोशिश करना उससे भी ज्यादा जरूरी है।

गाली-गलौज का विरोध करने पर चाकू से हमला कर युवक की हत्या

इटवा (सिद्धार्थनगर)। इटवा थाना क्षेत्र के ग्राम परसा बुजुर्ग गांव में शनिवार रात गाली-गलौज का विरोध करने पर हुए विवाद में 42 वर्षीय वंशीलाल की मौत हो गई। उसका एक भाई घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम परसा बुजुर्ग गांव निवासी वंशीलाल पुत्र मान सिंह शनिवार शाम अपने घर पर थे। इसी दौरान गांव के कुछ लोग वहां पहुंचे और कथित तौर पर शराब के नशे में गाली-गलौज करने लगे। वंशीलाल ने इसका विरोध किया तो दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया।

आरोप है कि इसी दौरान वंशीलाल पर चाकू से हमला कर दिया गया। उन्हें बचाने के लिए आगे आए उनके छोटे भाई कमलेश के साथ भी मारपीट की गई, जिससे वह घायल हो गए।

हमले में गंभीर रूप से घायल वंशीलाल को परिजन और ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), इटवा ले गए। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घटना की सूचना मिलने पर इटवा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश ने वीडियो बयान में बताया कि परसा गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। इस घटना में वंशीलाल गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी इटवा लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है और मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पशु आरोग्य मेले में पशुपालकों को मिली नि:शुल्क दवाएं

इटवा (सिद्धार्थनगर)। विकास खंड इटवा के ग्राम पंचायत भोपलापुर के राजस्व ग्राम पिपरी में रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में पशुपालकों को पशुओं के उपचार के लिए नि:शुल्क दवाएं वितरित की गईं। साथ ही पशुओं के स्वास्थ्य, देखभाल और बीमारियों से बचाव के संबंध में आवश्यक जानकारियां दी गईं। मेले के माध्यम से पशुपालकों को पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य और समय पर उपचार के प्रति जागरूक किया गया।



पशुपालन से जुड़े लोगों को पशुओं की देखभाल में सावधानी बरतने तथा बीमार होने पर उचित चिकित्सा सहायता लेने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के रूप में सांसद प्रतिनिधि अनूप पाण्डेय उपस्थित रहे। इसके अलावा अखिलेश कुमार पाण्डेय ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

पशु पालन विभाग सिद्धार्थनगर द्वारा आयोजित पशु आरोग्य मेले का उद्देश्य पशुपालकों को पशु चिकित्सा सुविधाओं से जोड़ना, पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद पशुपालकों को उपचार संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा।

इस अवसर पर जिला सचिव प्रधान संगठन महताब आलम, जेपी सिंह, अजय, पिंटू यादव, शफीकुल्लाह, जफरुल्लाह, राम सुरेश, जितेन्द्र यादव, राम सुमिरन यादव और कमलेश कुमार मौर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

संघ शताब्दी वर्ष के समारोप के मौके पर निकाला गया पथ संचलन

सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शोहरतगढ़ नगर व खंड कार्यकारिणी की ओर से विजयादशमी उत्सव व संघ शताब्दी वर्ष के समारोप के मौके पर रविवार की शाम नगर में विराट पथ संचलन निकाला गया। जिसका लोगों ने घंटा, घड़ियाल, गगनभेजी नारों से स्वागत किया। जगह- जगह माताओं, बहनों, व्यापारियों व युवाओं ने स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा की। यह पथ संचलन कार्यक्रम नगर के श्रीराम जानकी मंदिर से प्रारंभ हुआ।

संचलन प्रारंभ होने से पहले ध्वज लगाकर बौद्धिक दिया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक राजीव नयन ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि संघ की स्थापना करने वाले प्रथम सरसंघचालक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने ब्रिटानियां हुकूमत का दंश झेलते हुए देखा कि भारत माता की जय जयकार करने वालों का उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्हें जेल में डाला जा रहा है। ऐसे में एक संगठन की नींव रखनी होगी जिसके कार्यकर्ता अंतिम सांस तक भारत माता की जय बोल सके। इसके बाद डॉ. हेडगेवार ने विजयादशमी के दिन नागपुर में मोहिते के बाड़ा नामक स्थान पर संघ की नींव रखी। यह संगठन आज 101 वर्ष को हो चुका है। तमाम आपत्तियां, विपत्तियां, परेशानियां, उत्पीड़न झेलने के बाद भी संगठन हर दिन बढ़ता ही गया है। हमारी परंपरा अतिथि देवो भव की रही है। इसके बाद भी शक, हूण, पाषाण व फिरंगियों ने देश में हुकूमत किया। जब से संघ की स्थापना हुई और संगठन निरंतर आगे बढ़ता गया तब से देश की ओर तिरछी निगाह से देखने की किसी को हिम्मत नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि गारंटी के साथ कह सकते हैं कि जब तक ब्रहांड रहेगा, तब तक देश को कोई गुलाम नहीं बना सकता। गुलाम बनाने की मानसिकता रखने वाले लोगों से लड़ने के लिए संघ के स्वयंसेवक तैयार हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में किसी भी तरह की चोरी नहीं हुई है। विभाग प्रचारक ने स्वयंसेवकों का आवाह्न करते हुए कहा कि शोहरतगढ़ नगर भारत-नेपाल सीमा पर बसा है। यहां की गतिविधियों पर न सिर्फ निगाह रखने की जरूरत है, बल्कि उस पर चर्चा भी करने की आवश्यकता है। जरूरत पर उच्चाधिकारियों का भी सहयोग लें, ताकि भारत माता की सरजमी पर किसी की निगाह टेढ़ी होने से पहले एक्शन हो जाए। बौद्धिक समाप्त होने के बाद नगर में पथ संचलन निकाला गया। इस दौरान जिला संघचालक गोकुल गोयल, खंड संघचालक रामदास पांडेय, नगर संघचालक राजेश आर्या मंचासीन रहे।

श्रीराम जानकी मंदिर से पथ संचलन प्रारंभ हुआ। इसके बाद सीएचसी, गड़ाकुल तिरंगा तिराहा, वापस सीएचसी, नगर पंचायत कार्यालय, गोलघर, भारत माता चौक, सोनारी मोहल्ला, कृषक मंडप, शहीद बुधई स्मारक गली, मोती नेता तिराहा, नीबी दोहनी, वापस मोती नेता तिराहा, पुलिस पीकेट होकर राम जानकी मंदिर पहुंचकर समाप्त हुआ। मोती नेता तिराहे पर पूर्व चेयरमैन बबिता कसौधन व सौरभ गुप्ता के नेतृत्व में घंटा, घड़ियाल के साथ पुष्प वर्ष कर वृहद स्वागत हुआ। नीबी दोहनी में पूर्व प्रधान अभय प्रताप सिंह के सैकड़ों समर्थक भगवा गमछा धारण कर स्वंयसेवकों पर पुष्प वर्षा की।

विधायक विनय वर्मा, खंड पालक अभय सिंह, पंकज श्रीवास्तव, जिला प्रचारक राघवेंद्र, नगर प्रचारक शिवाकांत, जिला शारीरिक प्रमुख अभिषेक, सह जिला कार्यवाह मनोज, दुर्गेश अग्रहरि, सूरज निगम, आयुष निगम, हर्षित शर्मा, नितिन अग्रहरि, लक्ष्य अग्रहरि, राजेश कुमार, रत्नेश सोनी, प्रधान संघ जिलाध्यक्ष पवन मिश्रा, नौगढ़ नगर प्रचारक सौरभ, रवि अग्रवाल, सूर्य प्रकाश पांडेय, सुजीत अग्रहरि, चंद्रशेखर सिंह, दुर्गेश कसौधन, शिवशक्ति शर्मा, कृष्ण कुमार अग्रवाल, सक्षम कांदू आदि मौजूद रहें।

सपा नेता सरफराज भ्रमर सुपुर्द ए खाक

सिद्धार्थनगर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता जिला पंचायत अध्यक्ष व विधायक रहे स्वर्गीय मोहम्मद सईद भ्रमर के सबसे बड़े सुपुत्र सरफराज 'भ्रमर' का इलाज के दौरान जनपद मुख्यालय के निजी हास्पीटल में निधन हो गया।



उनके निधन से राजनीतिक गलियारों, परिवार और समर्थकों में शोक और गम की लहर दौड़ गई। सरफराज 'भ्रमर' समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता थे। वह पार्टी के संस्थापक सदस्य,पूर्व विधायक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मरहूम मोहम्मद सईद 'भ्रमर' के बड़े पुत्र थे। जिले की राजनीति में उनका और उनके परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

उनके निधन पर समर्थकों और शुभचिन्तकों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवार के प्रति संवेदनाएं जतायी। वहीं मरहूम सरफराज भ्रमर की नमाज -ए-जनाजा रविवार को सिद्धार्थनगर मुख्यालय के बेलसड़ में आता की गयी। जबकि उन्हें मुख्यालय के पार्क के करीब के कब्रिस्तान में सुपुर्द खाक किया गया।

थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय और मानव फाउंडेशन की पहल महुली थाने में विकसित होगा सुंदर पार्क

.संतकबीरनगर। पर्यावरण संरक्षण और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से मानव फाउंडेशन की पहल पर थाना महुली परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री संदीप कुमार मीना के निर्देशन में थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय के नेतृत्व में मानव फाउंडेशन के पदाधिकारियों, सामाजिक व्यक्तियों और थाना स्टाफ ने परिसर में पौधे लगाए तथा इसे हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान थाना परिसर के खाली स्थानों को व्यवस्थित कर वहां हरियाली विकसित करने और भविष्य में एक सुंदर, स्वच्छ एवं आकर्षक पार्क तैयार करने की योजना पर जोर दिया गया। इस पहल का उद्देश्य केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें विकसित करना भी है, ताकि थाने आने वाले आमजन को स्वच्छ और सुखद वातावरण मिल सके। मानव फाउंडेशन के अध्यक्ष अवनीश सिंह ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ, सुंदर और हरा-भरा बनाने के लिए समाज के लोगों को आगे आकर सहभागिता करनी चाहिए। प्रकृति का संरक्षण किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सभी का सामूहिक दायित्व है। छोटे-छोटे सामाजिक प्रयास मिलकर बड़े सकारात्मक बदलाव का आधार बन सकते हैं।थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय के नेतृत्व में थाना परिसर को व्यवस्थित और हरित बनाने की दिशा में यह पहल की गई। कार्यक्रम में इस बात पर जोर दिया गया कि पुलिस का दायित्व कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों और जनहित के कार्यों को भी प्रोत्साहित करना है। पौधों की नियमित देखभाल करने और भविष्य में परिसर को और अधिक हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर थाना स्टाफ एवं उपस्थित सामाजिक व्यक्तियों ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रतिबद्धता जताई।संदेश- जनसेवा केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि समाज और प्रकृति की सेवा भी है।

बाबा तामेश्वरनाथ धाम में दीपोत्सव व महाआरती 4 नवंबर को

संत कबीर नगर। बाबा तामेश्वरनाथ धाम में वार्षिकोत्सव के अवसर पर 4 नवंबर को शाम 6 बजे मां गंगा व भगवान शिव की भव्य महाआरती आयोजित होगी। श्रद्धालुओं से दीप लेकर पहुंचने और दीप प्रज्ज्वलित कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।आयोजक गोस्वामी शशांक भारती के अनुसार, 3 नवंबर से अखंड रामायण पाठ शुरू होगा।

जनस्नेह ही मेरी सबसे बड़ी पूँजी है- श्याम जायसवाल

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' एवं दीपावली व छठ महापर्व के पावन अवसर पर रविवार को भाजपा नेता व समाजसेवी श्याम जायसवाल ने मातृशक्ति के सम्मान में भव्य साड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। आपको बता दें कि श्याम जायसवाल द्वारा विधानसभा-302 शोहरतगढ़ के पंचायत भवन माधवपुर, प्राथमिक विद्यालय नदवलिया एवं आदर्श बाल विद्या मन्दिर पकड़ी बाजार में माताओं बहनों एवं पुत्रियों के सम्मान, स्नेह और आशीर्वाद को समर्पित भव्य साड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित माताओं, बहनों एवं पुत्रियों एवं क्षेत्रवासियों की भारी भीड़ ने उक्त कार्यक्रम के आयोजन को ऐतिहासिक और यादगार बना दिया। श्याम जायसवाल ने कहा कि यह अपार जनस्नेह ही मेरी सबसे बड़ी पूँजी और जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा है। मातृशक्ति का सम्मान ही समाज का सम्मान है।



उन्होंने कहा कि मेरा सदैव प्रयास रहेगा कि शोहरतगढ़ विधानसभा के प्रत्येक गाँव, प्रत्येक परिवार और प्रत्येक माता, बहन एवं पुत्रियों के सुख-दुख में एक बेटे, भाई और पिता के रूप में साथ खड़ा रहूँ। श्याम जायसवाल ने कहा कि उनके लिए राजनीति पद प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि अपने क्षेत्र के परिवारों से आत्मीय रिश्ता निभाने और जनसेवा के संकल्प को मजबूत करने का मार्ग है। आपका स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। श्याम जायसवाल ने विश्वास दिलाते हुए कहा कि शोहरतगढ़ की जनता के मान-सम्मान, क्षेत्र के विकास और हर परिवार की खुशहाली के लिए उनकी आवाज भी उठेगी व उनके कदम भी बढ़ेंगे और उनका संघर्ष भी निरन्तर जारी रहेगा। उन्होंने कहा न कोई दिखावे की राजनीति, न केवल चुनाव के समय का साथ है बल्कि उनका संकल्प है कि जन-जन से जुड़ाव और हर सुख-दुःख में सहभागिता। वहीं श्याम जायसवाल ने इस भव्य कार्यक्रम को सफल एवं गरिमामय बनाने में अपना अमूल्य योगदान देने वाले सभी सम्मानित शक्ति केन्द्र संयोजकगण, बूथ अध्यक्षों, ग्राम प्रधानों, पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं, सहयोगियों एवं उपस्थित समस्त जनता-जनार्दन का हृदय की गहराइयों से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष अरविन्द चौधरी, शक्ति केन्द्र संयोजक दिवाकर मिश्रा, मण्डल महामंत्री सुनील गुप्ता, बूथ अध्यक्ष हनुमान तिवारी, बूथ अध्यक्ष विकास मिश्रा, बूथ अध्यक्ष गौरीशंकर पाण्डेय, बूथ अध्यक्ष रामलाल चौरसिया, बूथ अध्यक्ष मिथिलेश, बूथ अध्यक्ष कन्हैया निषाद, बूथ अध्यक्ष पंकज पाण्डेय, प्रधान धर्मवीर, क्षेत्र पंचायत सदस्य विजय कुमार, प्रधान श्रवण जायसवाल, पूर्व प्रधान परशुराम जायसवाल, शक्ति केन्द्र संयोजक अजय यादव, समाजसेवी संजय पाण्डेय, पूर्व प्रधान राम सवारी, रामरतन प्रजापति, बूथ अध्यक्ष शीतल श्रीवास्तव, बूथ अध्यक्ष बाल गोविन्द तिवारी, बूथ अध्यक्ष अभिनव, विशाल दुबे, बूथ अध्यक्ष अम्बिका प्रसाद चौधरी, बूथ अध्यक्ष धर्मराज, शक्ति केन्द्र संयोजक विजय कुमार जायसवाल, बूथ अध्यक्ष प्रदीप जयसवाल, बूथ अध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा, बूथ अध्यक्ष शुभम अग्रहरी, बूथ अध्यक्ष विकास यादव सहित तमाम सम्मानित लोग उपस्थित रहें।

मन की बात कार्यक्रम से जनता को मिलती है प्रेरणा-डॉ. सतीश द्विवेदी

इटवा (सिद्धार्थनगर)। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को रविवार को नगर पंचायत बिस्कोहर अन्तर्गत ग्राम परसोहन में पूर्व मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों के साथ सुना। कार्यक्रम के उपरांत पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह संवाद कार्यक्रम देशवासियों के लिए ऊर्जा और प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत है, जो समाज के हर वर्ग को राष्ट्र निर्माण से जोड़ता है।



पूर्व मंत्री ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री द्वारा कार्यक्रम में साझा किए गए विचारों और प्रेरणाओं को अपने क्षेत्र के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाएं।

वोकल फॉर लोकल, स्वच्छता अभियान और युवा सहभागिता जैसे विषयों को जन-जन तक पहुंचाकर ही एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार किया जा सकता है।

इस अवसर पर सभासद प्रतिनिधि रवि सिंह, जिलामंत्री माया चैधरी, सभासद नृपेंद्र प्रताप सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष इटवा राघवेंद्र प्रताप सिंह, प्रधान परसोहन श्याम बिहारी श्रीवास्तव, राजमणि दूबे, खेमराज यादव, रामनरेश पासवान, त्रिवेणी यादव, पुजारी चैहान आदि उपस्थित रहे।

पदयात्रा 31 अक्टूबर को

संत कबीर नगर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 151वीं जयंती पर विशाल पदयात्रा का 31 अक्टूबर को आयोजन होगा। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर भव्य सामाजिक पदयात्रा का आयोजन होगा। जिसमें विभिन्न वर्गों के लोग शामिल होंगे। स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राएं भी तिरंगा लेकर पदयात्रा में सहभागिता करेंगे। समाजसेवी विकास चौधरी ने बताया कि यात्रा के जरिए लोगों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने अपना संपूर्ण जीवन देश की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। पदयात्रा के माध्यम से उनके आदर्शों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। विकास चौधरी ने सभी क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।

प्रेम विवाह कर हत्या के प्रयास में बंद फेरी विक्रेता ने कहा साहब, छुड़ा दीजिए

संतकबीरनगर। जनपद न्यायाधीश रणधीर सिंह के निर्देशन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव व न्यायिक अधिकारी अनन्या साह के पहल पर शुक्रवार को लीगल एड डिफेंस कार्उंसिल सिस्टम के चीफ अन्जय कुमार श्रीवास्तव के अध्यक्षता में जिला कारागार में बंदी समस्या समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान कारागार में निरुद्ध एक बंदी ने कहा कि साहब फेरी लगाकर कपड़ा बेचने का कार्य करता था। प्रेम विवाह के बाद उसके हत्या के प्रयास में निरुद्ध हूँ। उसने छुड़ाने की गुहार लगाया।लखीमपुर खीरी जनपद के मितौली थानाक्षेत्र के मितौली गाँव निवासी अमन उर्फ मुजीब ने कहा कि वह संतकबीरनगर जिले में फेरी लगाकर कपड़ा बेचने का कारोबार करता था। इसी दौरान उसने एक युवती से प्रेम विवाह कर लिया। उसके मायके जाने पर उसे उसकी हत्या करने के मामले में बखिरा थाने में मुकदमा दर्ज कराकर फंसा दिया गया है। युवती भी उसके खिलाफ बयान दे रही है। उसने कारागार से छुड़ाने को बात कही। इसी प्रकार दुधारा थानाक्षेत्र के देवापार गांव निवासी तौलन ने कहा कि उसका एक मित्र उसे मोटरसाइकिल देकर एक जगह ले जाने की बात कही। वह मोटरसाइकिल वहां लेकर गया और उसे बेलहर कला पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया। इसी प्रकार दर्जनों बंदियों ने अपनी समस्या रखी, जिसके नियमानुसार समाधान किए जाने की बात कही गई। इस दौरान डिप्टी डिफेंस कार्उंसिल संजीव कुमार पांडेय, असिस्टेंट डिफेंस कार्उंसिल प्रज्ञा श्रीवास्तव, डिप्टी जेलर मोतीलाल गुप्ता व जेल पीएलवी सुनील तथा विभिन्न बंदी मौजूद रहे।

स्वास्थ्य जन चौपाल में 27 लोगों का हुआ कैंसर का इलाज

संत कबीर नगर। महुली मंडल के छितही गांव में आयोजित जनचौपाल में ग्रामवासियों की समस्याएं सुनी गईं और विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए। चौपाल के दौरान गांव में 27 लोगों के कैंसर से पीड़ित है जिनमें से कई लोगों का इलाज मुख्यमंत्री राहत कोष से जारी है और शेष पीड़ितों को भी जल्द मुफ्त सहायता सुनिश्चित कराई जा रही है।इस गंभीर समस्या के स्थाई समाधान के लिए नलकूप विभाग को पानी व मिट्टी की जांच, तुरंत सैनिटाइजेशन और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को कैंसर फैलने के कारणों की विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।इस चौपाल में मंडल अध्यक्ष संतलाल मौर्य, मंडल महामंत्री मनमोहन चतुर्वेदी, शकील अहमद सिद्दीकी, इरशाद अहमद, दयाशंकर शर्मा, जयप्रकाश राजभर, सहीम प्रधान, सुहेल खान, जमशेद खान, मादे खान, डॉ. अतहर, मोहम्मद अहमद, हबीबुल रहमान, महताब खान अच्छन और सिराजुद्दीन सिद्दीकी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। ईश्वर से सभी बीमार परिजनों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना है।

पेट परीक्षा को लेकर अलर्ट रहे पुलिस अधीक्षक

संतकबीरनगर। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा पेट 2026 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने रविवार को जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पाण्डेय भी मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक ने मौलाना आजाद इंटर कॉलेज, एचआरपीजी कॉलेज एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षार्थियों के आवागमन तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा की। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सतर्कता भी परखी।एसपी ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि परीक्षा के दौरान पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी करें। परीक्षा केंद्रों के आसपास शांति व्यवस्था बनाए रखें और परीक्षार्थियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें। उन्होंने परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोकने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए वस्तुनिष्ठ परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए।

ब्रह्मनंद यादव हत्याकांड में नौवां आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने ब्रह्मनंद यादव हत्याकांड में रविवार को एक और आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बृजेश यादव निवासी भगठान (गोसाईपुर) को भुवरिया रोड स्थित पायलपार गेट के पास से पकड़ा। उसकी निशानदेही पर एक डंडा भी बरामद किया गया है। इस मामले में पहले आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इसके साथ ही गिरफ्तार आरोपियों की संख्या नौ हो गई है।पुलिस के अनुसार, 22 सितंबर 2026 को रमाकांत यादव ने तहरीर देकर बताया था कि उनके भाई ब्रह्मनंद यादव बुलेट मोटरसाइकिल से गिठनी बाजार जा रहे थे। रास्ते में राकेश यादव के घर के सामने आरोपियों ने उनकी मोटरसाइकिल रोक ली और आंखों में पिसी लाल मिर्च डाल दी। इसके बाद लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल ब्रह्मनंद को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।पुलिस की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, पूछताछ में आरोपी ने पुरानी रंजिश और प्रधानी चुनाव को लेकर विवाद की बात बताई। पुलिस के अनुसार, आरोपियों पर ब्रह्मनंद यादव की हत्या करने और आगामी प्रधानी चुनाव में रमाकांत यादव को हराने की योजना बनाने का आरोप है।

घटना में लोहे की गैंती से वार किए जाने की बात भी पुलिस ने बताई है।पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में हुई कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश दुबे और उनकी टीम शामिल रही। पुलिस ने बताया कि मामले में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज है और पूर्व में गिरफ्तार आठ आरोपी जिला कारागार में निरुद्ध हैं। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

अ.जि.सू.अधिकारी, पत्रकार के निधन पर शोक

मेंहदावल, संतकबीर नगर। उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन (उपजा) संतकबीर नगर इकाई की मासिक बैठक में पत्रकार स्वर्गीय गिरीश चंद्र गुप्ता एंव पूर्व अपर जिला सूचना अधिकारी लालजी शुक्ला के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।उक्त संगठन के जिलाध्यक्ष मोहम्मद सईद पठान ने कहा कि स्वर्गीय लालजी शुक्ला मिलनसार और समन्वय बनाकर चलने वाले व्यक्तित्व के धनी थे। सेवानिवृत्ति के बाद भी जिले के कई पत्रकार साथी उनसे जुड़े हुए थे। उनके निधन की सूचना से गहरा दुःख पहुंचा है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।संगठन के महामंत्री आशु सिंह ने पत्रकार स्वर्गीय गिरीश चंद्र गुप्ता के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वह सज्जन और मिलनसार व्यक्ति थे।



पत्रकारिता के क्षेत्र में उनकी सक्रिय भूमिका सराहनीय रही। उनके असमय निधन से पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

इससे पूर्व उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन (उपजा) संतकबीर नगर इकाई को पूरी तरह से संगठित तथा सक्रिय रहने का विचार संगठन के जिला मासिक बैठक एवं श्रद्धांजलि सभा में संस्था के संरक्षक डॉक्टर देवेंद्र कुमार गौतम, मैनुल आबदीन, अमृत पांडेय, रामभजन वर्मा, पवन कुमार, कमलेश और संतोष साहनी सहित अनेक पत्रकार मौजूद रहे। सभी ने दिवंगतों के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

जिलाधिकारी ने पैदल भ्रमण कर दुर्गा पूजा मेला क्षेत्र का लिया जायजा

बस्ती। दुर्गा पूजा मेला एवं मूर्ति विसर्जन को सकुशल, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना ने शनिवार को कंपनी बाग से गांधी नगर तक पैदल भ्रमण कर मेला क्षेत्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा, आवागमन तथा सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मेला क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्योहार के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए तथा यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखी जाए। साथ ही सुरक्षा, साफ-सफाई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर



विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि मेला आयोजन के दौरान आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।इसके उपरांत जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना मूर्ति विसर्जन के दृष्टिगत अमहट घाट स्थल पर पहुंचीं और वहां की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने विसर्जन स्थल पर सुरक्षा प्रबंधों, श्रद्धालुओं की सुविधा तथा आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मूर्ति विसर्जन के दौरान सभी निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित कराया जाए। घाट पर पर्याप्त सतर्कता बरती जाए तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक इंतजाम पहले से तैयार रखे जाएं।जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्गा पूजा मेला एवं मूर्ति विसर्जन के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी सुनिश्चित करें।

निरीक्षण के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी कीर्ति प्रकाश भारती, उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार तथा क्षेत्राधिकारी पुलिस सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रवर्तन दलों के साथ फील्ड का किया भ्रमण

बस्ती। शासन द्वारा प्रारंभिक पात्रता परीक्षा को सकुशल संपन्न कराए जाने और परीक्षार्थियों को सुगम परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से जनपद बस्ती के प्रवर्तन दलों के साथ फील्ड का भ्रमण किया गया और परीक्षार्थियों के आवागमन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो, इसके लिए टैक्सी स्टैंड, रेलवे स्टेशन और रोडवेज बस अड्डे पर चालकों और परिचालकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के अनुपालन के लिए जागरूक किया गया। ऑटो, टेम्पो, टैक्सी और ई-रिक्शा चालकों को परीक्षार्थियों से निर्धारित किराया दर के अनुसार ही किराया लिए जाने के निर्देश दिए गए।इसी क्रम में रोडवेज बस अड्डे पर भी जाकर वस्तुस्थिति का अवलोकन किया गया। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, बस्ती के अनुसार बस अड्डे पर परीक्षार्थियों के आवागमन हेतु पर्याप्त संख्या में बसें उपलब्ध है। सहायक क्षेत्रीय



प्रबंधक की उपस्थिति में रोडवेज बस चालकों और परिचालकों को परीक्षार्थियों के साथ मधुर व्यवहार करने तथा सुरक्षित आवागमन के भी निर्देश दिये गए।भ्रमण के दौरान फरीदउद्दीन, संभागीय परिवहन अधिकारी, धर्मेंद्र कुमार सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (सड़क सुरक्षा), श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, परिवहन निगम तथा शिव कुमार मिश्रा, यात्रीकर अधिकारी तथा प्रवर्तन कर्मी उपस्थित रहे।

मातम में बदलीं शादी की खुशियां

दुबौलिया,हर्रैया(बस्ती)। घर में छोटी बेटी की शादी की तैयारियां चल रही थीं इसी बीच दांत निकलवाने गई बड़ी बेटी की मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही चीख-पुकार मच गई। परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। शाम को युवती के शव को दफन कर दिया गया। जानकारी के अनुसार दुबौलिया थाना क्षेत्र के सेमरा मुस्तहकम गांव निवासी किस्मतदीन की 22 वर्षीय बेटी सराफुन्निशा के दांत में दर्द था। शनिवार को वह अपने पिता के साथ

◆बेहोशी का इंजेक्शन लगाने के बाद बिगड़ी हालत, पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा शव तो मचा कोहराम



अंबेडकरनगर जिले के इलफातगंज शिवम डेंटल केयर सेंटर पर दांत निकलवाने गई थी। परिजनों के अनुसार शनिवार दोपहर करीब 12 बजे दांत निकालने से पहले चिकित्सक ने युवती की हाथ की नस में इंजेक्शन लगाया। इसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। आरोप है कि चिकित्सक युवती को अलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाकर वहां से चला गया। स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सकों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जब युवती का शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। छोटी बहन की शादी की तैयारियों में जुटे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। युवती की मौत की खबर सुनकर गांव और आसपास के लोग शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि घटना के संबंध में तहरीर देने के बावजूद इलफातगंज पुलिस ने अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है। वहीं, पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी। युवती की मौत से गांव में शोक का माहौल है। शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।

देवी प्रतिमाओं का विसर्जन 26 को: नगरपालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा ने किया तैयारियों का निरीक्षण

बस्ती। सोमवार 26 अक्टूबर को देवी प्रतिमाओं के मूर्ति विसर्जन को देखते हुए नगर पालिका परिषद की ओर से रविवार को अमहट घाट पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और घाट पर स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण बना रहे, इसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा ने अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देश दिया।

नगर पालिका परिषद बस्ती की अध्यक्ष श्रीमती नेहा वर्मा, अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता अंकुर वर्मा तथा अधिशासी अधिकारी अंगद गुप्ता की मौजूदगी में अमहट घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान विवेक श्रीवास्तव, दुर्गेश त्रिपाठी और शुभम यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।मूर्ति विसर्जन को व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे और पेयजल सहित



आवश्यक सुविधाओं पर जोर दिया जा रहा है। घाट पर स्वच्छता बनाए रखने के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि विसर्जन के दौरान लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।भाजपा नेता एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा ने कहा कि धार्मिक आस्था से जुड़े आयोजनों में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं, नागरिकों से आग्रह किया कि घाट पर स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और पूजा सामग्री व अन्य कचरा इधर-उधर न फैलाएं।अधिशासी अधिकारी अंगद गुप्ता ने कहा कि मूर्ति विसर्जन को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका की ओर से आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर ध्यान दिया गया है। साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे और पेयजल जैसी सुविधाएं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित कर्मचारियों के माध्यम से व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि विसर्जन के दौरान घाट पर स्वच्छता और व्यवस्था बनी रहे।

मन की बात से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्रहित में रचनात्मक कार्य करें-सुदामा

हर्रैया (बस्ती)। स्थानीय विधान सभा क्षेत्र के बडहरकला शक्ति केंद्र पर वरिष्ठ भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय सुदामा ने शक्ति केंद्र संयोजक एवं बूथ अध्यक्षों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 139वां एपिसोड सुना। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने मन की बात के 12 वर्ष पूर्ण होने पर इस यात्रा को देशवासियों के समर्पण, परिश्रम और सेवाभाव को समर्पित करते हुए इसे एक तीर्थयात्रा जैसा अनुभव बताया। प्रधानमंत्री ने पंजाब में पारंपरिक एवं जैविक कपास की खेती, बुनाई और हस्तशिल्प के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण तथा उत्तराखंड में नदियों के संरक्षण एवं पुनरुद्धार के स्थानीय प्रयासों की सराहना की। साथ ही, दीपावली के अवसर पर देशवासियों से वोकल फॉर लोकल का संकल्प अपनाने और स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने की अपील की। कार्यक्रम के उपरांत सुदामा ने कहा कि मन की बात की वास्तविक सार्थकता तभी है, जब देश के विभिन्न हिस्सों में हो रहे प्रेरणादायी कार्यों से सीख लेकर हम अपने क्षेत्र में भी समाज और राष्ट्रहित में रचनात्मक एवं सृजनात्मक पहल करें। प्रधानमंत्री द्वारा देश के दूर-दराज के क्षेत्रों में जनसहभागिता से हो रहे सकारात्मक कार्यों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करना प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणादायी है। श्री पाण्डेय ने नदियों एवं जलाशयों के संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नमामि गंगे जैसी महत्त्वपूर्ण परियोजना के माध्यम से नदी संरक्षण के लिए संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही देश के विभिन्न हिस्सों में जल संरक्षण और जलाशयों की स्वच्छता के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना भी की जाती है। ऐसे में बस्ती जनपद की मनोरमा, रामरेखा



सहित अन्य नदियों की बदहाली चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि नदियां और जलाशय केवल जल के स्रोत नहीं, बल्कि जनजीवन, पर्यावरण, स्वास्थ्य और क्षेत्र के विकास के आधार हैं। इसके बावजूद इनके संरक्षण एवं स्वच्छता को लेकर अपेक्षित जनजागरूकता और जिम्मेदार स्तर पर सक्रियता दिखाई नहीं देती। यह स्थिति तभी बदलेगी, जब जनप्रतिनिधि, प्रशासन और आम नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझते हुए जलस्रोतों के संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देंगे। श्री पाण्डेय ने आह्वान किया कि प्रधानमंत्री के संदेशों को केवल सुनने तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें अपने व्यवहार और कार्यों में उतारा जाए। स्थानीय नदियों की स्वच्छता, जल संरक्षण, स्वदेशी उत्पादों के प्रोत्साहन और समाजोपयोगी कार्यों में प्रत्येक व्यक्ति को अपनी भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर शक्ति केंद्र संयोजक देवशरण शुक्ल सहित अनिल शुक्ल, सुरेंद्र सोनकर, दुर्गा पाण्डेय, विमल पाण्डेय, अनीश पाण्डेय, राजीव पाण्डेय, रामप्रकाश शुक्ल, संतोष वर्मा, सत्यप्रकाश वर्मा, सतीश यादव एवं ओम प्रकाश शर्मा सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वेद प्रकाश अध्यक्ष, रामभारत यादव महामंत्री घोषित

बस्ती। रविवार को राजकीय वाहन चालक महासंघ का द्विवार्षिक अधिवेशन और पदाधिकारियों का चुनाव कृषि भवन सभागार में सम्पन्न हुआ।

अधिवेशन में वक्ताओं ने महासंघ की मांगों को पूरा किये जाने, 2400 पे ग्रेड दिये जाने, पुरानी पेंशन बहाल करने, आठवा वेतन आयोग लागू किये जाने आदि मांगों को प्रमुखता से उठाया।

दूसरे चरण में चुनाव अधिकारी चन्द्र प्रकाश पाण्डेय और श्यामधर सोनी की देख रेख में हुये चुनाव में सर्व सम्मत से वेद प्रकाश मिश्र अध्यक्ष, रामभारत यादव महामंत्री, पूरन शुक्ल, मो. अशफाक उपाध्यक्ष, रूद्र प्रताप संयुक्त मंत्री, शहजाद अली संगठन मंत्री, प्रेमशंकर चैरसिया कोषाध्यक्ष, नरेन्द्रदेव मिश्र संरक्षक, जीत बहादुर प्रचार मंत्री मो. सलीम, हीरालाल, कौशल सिंह, अभिषेक सिंह, मुबारक अली, महेन्द्र चैधरी, हरिश्चन्द्र चैधरी, इकबाल



अहमद को शामिल किया गया।कर्मचारी नेता अतुल कुमार पाण्डेय ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि राजकीय वाहन चालकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। पदाधिकारी कर्तव्य पालन के साथ में मुख्य रूप से राजेश शुक्ल, फूलचन्द, जीशान अली, मृत्युजय यादव, मनोज कुमार, पृथ्वीराज, चिन्तामणि, गुलाब के साथ ही अनेक राजकीय वाहन चालक उपस्थित रहे।

120 यात्रियों को लेकर सारनाथ के लिए रवाना हुई दो दिवसीय बौद्ध धम्म यात्रा

बस्ती। संत रविदास एवं संत गाडगे कल्याण मिशन, बस्ती के तत्वावधान में दो दिवसीय बौद्ध धम्म



यात्रा रविवार को सारनाथ के लिए रवाना हुई। यात्रा में 120 श्रद्धालु शामिल हैं। यात्रा को लेकर प्रतिभागियों में उत्साह देखने को मिला। इस दौरान भगवान बुद्ध के विचारों, उनके संदेशों और बौद्ध धम्म की शिक्षाओं के प्रति आस्था व्यक्त की गई।यात्रा के संबंध में जानकारी देते हुए शिवराम कनौजिया ने बताया कि मिशन की ओर से पिछले तीन वर्षों से लगातार बौद्ध धम्म यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरुआत वर्ष 2024 में कुशीनगर यात्रा से हुई थी। वर्ष 2025 में श्रद्धालुओं ने लुंबिनी की यात्रा की और अब वर्ष 2026 में सारनाथ के लिए धम्म यात्रा निकाली गई है।उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य बौद्ध धम्म के विचारों, भगवान बुद्ध के संदेशों तथा सामाजिक समरसता, समानता और मानवता की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है।

इस तरह की यात्राएं लोगों को महापुरुषों के विचारों से जुड़ने और उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं।बस्ती से सारनाथ के लिए रवाना हुई इस यात्रा में बड़ी संख्या में अनुयायियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर विश्राम राव, अजय कुमार कनौजिया, विजय प्रकाश, उमाशंकर बौद्ध, राम पियारे कनौजिया, छोटेलाल सिद्धार्थ, राम सुमिरन कनौजिया सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कहानियां सोच और संस्कारों पर छोड़ती हैं गहरी छाप-गौरव

हर्रैया(बस्ती)। एक अच्छी कहानी सिर्फ पढ़ी या सुनी नहीं जाती, बल्कि वह सोचने का नजरिया बदलने के साथ समाज की सोच और संस्कारों पर भी गहरी छाप छोड़ती है। जनपद के हर्रैया नगर पंचायत निवासी लेखक एवं ब्रांड स्ट्रैटेजिस्ट गौरव कुमार निगम ने अयोध्या में आयोजित अयोध्या-फैजाबाद पुस्तक मेले में 'एक कहानी, कई नजरिए' विषय पर आयोजित विशेष सत्र में कहानी की इसी ताकत को रेखांकित किया। उन्होंने महाभारत के शकुनि के चरित्र से लेकर विज्ञापन जगत के चर्चित अभियानों तक के उदाहरण देकर बताया कि कहानी किस तरह लोगों की सोच, व्यवहार और पसंद को प्रभावित करती है। नारायण दास खत्री मेमोरियल ट्रस्ट, अयोध्या की ओर से आयोजित सत्र में उन्होंने कहा कि कहानियां केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि वास्तविकता और कल्पना के बीच सेतु का काम करती हैं। इनके जरिए व्यक्ति अपने अनुभवों को समझने के साथ दूसरों की परिस्थितियों और भावनाओं से भी जुड़ता है। कहानियां पीढ़ी-दर-



पीढ़ी विचारों और मूल्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।कहानी की संरचना पर चर्चा करते हुए उन्होंने कथावस्तु, पात्र, संवाद, देशकाल एवं वातावरण, भाषाशैली और उद्देश्य जैसे प्रमुख तत्वों को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि इन तत्वों का प्रभावी संयोजन किसी साधारण घटना को भी रोचक और अर्थपूर्ण कहानी में बदल सकता है। सत्र में महाभारत के शकुनि के चरित्र पर चर्चा करते हुए निगम ने उनकी पृष्ठभूमि से जुड़ी एक प्रचलित कथा का उल्लेख किया। उन्होंने सवाल उठाया कि किसी पात्र को केवल उसके कर्मों के आधार पर खलनायक मान लेना उचित है या उसके पीछे की परिस्थितियों और अनुभवों को समझना भी जरूरी है। उन्होंने श्रोताओं को किसी भी चरित्र के विभिन्न पक्षों पर विचार करने के लिए प्रेरित किया। कहानियों के व्यावसायिक प्रभाव को समझाने के लिए निगम ने त्योहारों, उपहार देने की बदलती परंपराओं और विज्ञापन जगत के उदाहरण दिए। विभिन्न विज्ञापनों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि प्रभावी कहानी किसी उत्पाद की खूबियां बताने तक सीमित नहीं रहती, बल्कि लोगों के साथ भावनात्मक जुड़ाव बनाकर ब्रांड को अलग पहचान दिलाती है। उन्होंने कहा कि कहानीकार होने के लिए यह जरूरी नहीं कि आप कुछ असाधारण लिखें। जरूरी यह है कि किसी साधारण घटना को असाधारण दृष्टि से देखें। निगम ने कहानी लेखन के लिए अवलोकन, संवेदनशीलता, सहानुभूति, जिज्ञासा और कल्पनाशीलता को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने नियमित रूप से पढ़ने, दूसरों की बात ध्यान से सुनने और अपनी रचनाओं में सुधार करने की आदत विकसित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि जीवन की सामान्य घटनाओं और छोटी-छोटी बातों को गहराई से देखने पर भी प्रभावशाली कहानियां लिखी जा सकती हैं। गौरव कुमार निगम हिंदी क्राइम थ्रिलर स्कैंडल इन लखनऊ के लेखक हैं। लेखन के साथ उनकी रुचि अपराध-कथा, मानवीय व्यवहार और ब्रांड रणनीति में है। वे ब्रांड संचार में कहानी की भूमिका पर भी काम करते हैं। कार्यक्रम के समापन पर पुस्तक मेले की आयोजन समिति और नारायण दास खत्री मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से गौरव को स्मृति-चिह्न प्रदान किया गया तथा सत्र के लिए आभार व्यक्त किया गया।

पुण्यतिथि पर याद किये गये प्रथम सांसद उदयशंकर दूबे

बस्ती। बस्ती मण्डल के प्रथम सांसद गांधी कला भवन के साथ ही अनेक शैक्षणिक संस्थाओं के संस्थापक उदयशंकर दूबे को उनके 59 वें पुण्य तिथि पर याद किया गया। कला प्रसार समिति के सचिव एवं कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष हरिस्वरूप दूबे के संयोजन में सोनूपार तिराहे पर स्थापित शिलापट पर उदयशंकर दूबे को नमन् करने के बाद कांग्रेस कार्यालय कटेश्वरपार्क में संगोष्ठी आयोजित कर उनके योगदान पर विमर्श किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष देवानन्द पाण्डेय, सेवादल जिलाध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ अधिवक्ता अमरनाथ शुक्ल ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं प्रथम सांसद उदयशंकर दूबे ने अनेक शैक्षणिक संस्थाओं के साथ ही गांधी कला भवन



का निर्माण कराया। उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा। पुण्य तिथि पर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से सूर्यकान्त त्रिपाठी, राजकुमार श्रीवास्तव, राजेश चैहान, विवेक पाल, विजय त्रिपाठी, नीरज त्रिपाठी, ओम जी शुक्ल, कृष्णा दूबे आदि ने प्रथम सांसद उदयशंकर दूबे के व्यक्तित्व, कृतित्व पर प्रकाश डालते हुये उन्हें नमन् किया। कार्यक्रम में शिवाकान्त तिवारी, विश्म्भर पाण्डेय, रमेश, पूजा चैधरी, रश्मि दूबे, पूनम शुक्ला, अरविन्द तिवारी, निशा, प्रियंका, शान्हवी, अक्षय, उदय, यजत आदि शामिल रहे।



नोमेस लैंड पर आवासीय मकान बना कामर्शियल, जांच का विषय

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ तहसील के थानाक्षेत्र शोहरतगढ़ अन्तर्गत पकडिहवा बाजार के सीमा क्षेत्र में नोमेंस लैंड के पास प्लाटिंग को लेकर एसएसबी ने प्रशासनिक अधिकारियों के संज्ञान में डाला था। जिसकी जांच राजस्व टीम अधिकारीयों ने किया था। सीमा से सटे जमीनों की प्लाटिंग कर ठेकेदार सस्ती जमीनों को महंगे कीमतों में बिक्री का जरिया बनाया है। वहीं इस समय बिक्री हुए प्लाट में आवासीय भवन निर्माण भी कराया गया है। सूनसान जगह पर बने आवासीय मकान में बिना लाइसेंस, जीएसटी के खाद्य रसद के साथ हार्डवेयर के सामान भी रखे गये है। नोमेंस लैंड पर बना मकान फिलहाल भारतीय का है।

लेकिन दुकान करने वाला, सूचना के अनुसार नेपाली नागरिक है। सूनसान जगह पर मकान में दुकान की सामग्री नेपाल भेजने की सूचना है। दिन में पिकप से अवैध तरीके से माल गिरा दिया जाता है और रात्रि में नेपाल भेज दिया जाता है। जो तस्करी की मुफीद जगह बनी हुई है। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि इस तरह की दुकान कोई आम आदमियों के लिए नहीं है, बल्कि सब पैसे कमाने के लिय अपनी व्यवस्था बना रखे है। किसकी शह पर भारी मात्रा में सामान पकडिहवा सीमा होकर निकल जाता है। दिन में जवानों की तैनाती भी बनी रहती। लेकिन सीमाई क्षेत्र के लोगों के अनुसार रात्रि में सड़कों पर वाहनों का आना जाना शुरू हो जाता है, जो रात्रि 12 बजे से शुरू होता है। सीमा से सटे खुले दुकानों की भूमिका संदिग्ध है। कस्टम विभाग एवं सेल टैक्स विभाग अधिकारियों को इसको संज्ञान में लेने की आवश्यकता है। जांच के बाद ही पता चलेगा कि इनके कागजात कहा तक सही है।

बिहार समाचार

रोहतास में अलग-अलग हत्याकांड में ग्यारह गिरफ्तार

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। रोहतास जिले केअलग-अलग थानाक्षेत्रों में हुए हत्याकांडों में दो नाबालिग समेत 11 अपराधियों को रोहतास पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संदर्भ में सासाराम नगर थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस कप्तान मिस्टर राज ने बताया कि पहली घटना सासाराम मुफस्सिल थाना की है,जहाँ 7 सितम्बर को बेदा में एक महिला सहित दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस हत्या में संलिप्त बनरसिया निवासी करण कुमार,शक्ति कुमार तथा अभिषेक कुमार को धर-दबोचा गया है। जबकि ९ अक्टूबर को कच्छवाँ में हुई एक छात्र की हत्या में शामिल दो नाबालिग के साथ थानाक्षेत्र के चाँदी गाँव निवासी प्रियांशु कुमार,रागिनी कुमारी,जगु टोला तथा नासरीगंज थाना के अगिनी गाँव निवासी सतीश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसी तरह से करगहर थाना के डुमरा गाँव में 19 अक्टूबर को जनार्दन तिवारी की हुई हत्या में शामिल डुमरा गाँव निवासी ओमप्रकाश शर्मा,शंभू शर्मा तथा गुड्डु शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। रोहतास पुलिस की यह बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। जहाँ पुलिस ने हत्याकांड का उदभेदन कर सही हत्यारों को जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है। पुलिस कप्तान ने जोर देकर कहा है कि कोई भी अपराधी अब पुलिस की नज़रों से बच नहीं पायेगा,चाहे वह कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो?

रोहतास जिले में बिना मान्यता चल रहे 96 निजी स्कूलों पर कारवाई शुरू

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। रोहतास जिले में बिना मान्यता पाए चल रहे 96 निजी स्कूलों पर जिला प्रशासन शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। बैगर प्रस्वीकृति के संचालित हो रहे सभी 96 निजी स्कूलों को जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय ने जिले के सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों बी ईओ को ऐसे स्कूलों का संचालन बंद करने का निर्देश दिया है। जिससे निजी स्कूलों चल रहे हैं लोगों में हड़कंप मच गया है। विभाग ने नियम का उल्लंघन पर आरटीआई की धारा 18(5) और 19(5) के तहत एक लाख रुपए तक जुर्माना लग सकता है । इसके अलावा निर्धारित तिथि के बाद भी स्कूल जारी रखने पर प्रतिदिन दस हजार रुपए अतिरिक्त जुर्माना का प्रावधान है। जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्राथमिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान ने संयुक्त रूप से पत्रांक 2782 जारी करते हुए सभी बी ईओ को निर्देश का पालन सुनिश्चित करने को कहा है ।विभाग ने बगैर प्रस्वीकृति वाले निजी स्कूलों पर शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई 2009 और बिहार राज्य बच्चों के मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा नियमवली 2011 के तहत काररवाई करते हुए स्कूल का संचालन बंद कराकर दंड अधिरोपित करने का प्रतिवेदन जिला कार्यालय को भेजने का निर्देश दिया है।

जियोहॉटस्टार पर हार्ट बीट ने बढ़ाया अपना सांस्कृतिक दायरा

सीजन 2 के 70 लाख (7 मिलियन) दर्शकों के साथ, जियोहॉटस्टार की फिक्शन फ्रैंचाइज़ी अब अपने स्थापित दर्शकों की संख्या और भी मजबूत कर रही है, क्योंकि सीजन 3 ने पूरे भारत के नए दर्शकों के लिए दरवाजे खोल दिए हैं। दर्शक जब किसी कहानी के किरदारों से जुड़ने और उनमें खो जाने की वजह ढूंढ लेते हैं, तो कहानियाँ भाषायी सीमाओं को लांघ जाती हैं। हार्ट बीट का एक तमिल सीरीज से लेकर पूरे देश के दर्शकों को आकर्षित करने वाली फ्रैंचाइज़ी बनना यह दर्शाता है कि क्षेत्रीय कहानियों के पास अपनी मूल भाषायी सीमा से परे जाकर भी दर्शकों से जुड़ने का असीमित और बेहतरीन अवसर होता है। इस सीरीज की स्थापित पहुँच इस बढ़त के लिए एक मजबूत नींव प्रदान करती है। ऑरमैक्स मीडिया के वर्ष 2025 के मध्य के अनुमानों के अनुसार, हार्ट बीट सीजन 2 ने भारत में 70 लाख दर्शकों तक पहुँच बनाई, जिसके दम पर यह, इस साल की पहली छह माही में देश की टॉप 50 स्ट्रीमिंग ओरिजिनल्स में 37वें नंबर पर रही। यह उपलब्धि इस बात को साबित करती है कि यह फ्रैंचाइज़ी अपने बदलते किरदारों और आगे बढ़ती कहानी के जरिए एक बड़े दर्शक वर्ग को रिझाने की बड़ी क्षमता रखती है।

संक्षिप्त

इंडिया गठबंधन की ताकत से घबराकर बचपना कर रहे-आराधना मिश्रा

लखनऊ (आससे)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना ने 200 सीट, हक है हमारा का संदेश देती होर्डिंगों को बचकाना और साजिश करार दिया है। उन्होंने कहा कि जो लोग इंडिया गठबंधन की ताकत से घबराते हैं, वे ऐसे पोस्टरों के पीछे छुपकर बचपना कर रहे हैं। इससे गठबंधन पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। गठबंधन तय था और तय है। उन्होंने कहा कि यह साथ (सपा-कांग्रेस)सत्ता के लिए नहीं है। यह संविधान और लोकतंत्र के लिए है। हमने साझा तौर पर लड़ने का संकल्प लिया है। यह संकल्प दृढ़ है। इसे साजिशों से नहीं तोड़ा जा सकता है। साजिश करने वालों की कोई भी साजिश काम नही आयेगी।

20 महिला कॉन्स्टेबलों को प्रेमजाल में फंसाकर ठगी, आरोपी बना 'रिकी बहल'

नयी दिल्ली (आससे)। दिल्ली पुलिस ने महिला कान्स्टेबल से 24 लाख रुपये की ठगी के मामले में बड़ा खुलासा किया है। जांच में पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी विक्रांत कुमार उर्फ विक्की तोमर ने दिल्ली पुलिस की करीब 20 महिला कॉन्स्टेबलों को प्रेमजाल में फंसाकर ठगी की। उत्तर प्रदेश के बागपत निवासी 26 वर्षीय आरोपी सोशल मीडिया पर खुद को बड़ा क्रिकेटर और रसूखदार कारोबारी बताता था। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने अपनी महिला कॉन्स्टेबल लिव-इन पार्टनर के मोबाइल और दस्तावेजों के जरिए उसकी बैच की अन्य महिला कर्मियों की जानकारी जुटाई और उन्हें इंस्टाग्राम पर निशाना बनाया। वह महंगी गाड़ियां किराये पर लेकर उनके साथ वीडियो बनाता था, ताकि अपनी अमीर छवि दिखा सके। इसके बाद शादी का झांसा देकर महिलाओं से पैसे ऐंठता था। जांच में सामने आया है कि ठगी की रकम अय्याशी और ऑनलाइन सट्टेबाजी में खर्च की गयी। पीड़ित कॉन्स्टेबल से ठगे गये 24 लाख रुपये में से आठ लाख रुपये सट्टेबाजी से जुड़े खातों में मिले हैं। पुलिस को आशंका है कि आरोपी का नेटवर्क देशव्यापी हो सकता है और अन्य राज्यों की महिला पुलिसकर्मी भी उसका शिकार बनी हों।


अवैध तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

लक्ष्मीगंज/कुशीनगर। जनपद में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रामकोला पुलिस ने अवैध असलहे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 12 बोर का एक अवैध तमंचा बरामद करने का दावा किया है। मामले में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, आरोपित की पहचान अजय पुत्र रामचंद्र, निवासी विहुली हनुमानगंज, थाना रामकोला, जनपद कुशीनगर के रूप में हुई है। उसकी गिरफ्तारी 24 अक्टूबर को की गई। बरामदगी के आधार पर थाना रामकोला में मुकदमा अपराध संख्या 548/2026, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। कार्रवाई में थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह के साथ उपनिरीक्षक महिपाल चौहान, उपनिरीक्षक श्रवण कुमार और कांस्टेबल चंदन कुमार शामिल रहे। पुलिस मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर रही है।



'वोकल फॉर लोकल' से दुनिया के बाजारों तक पहुंच रहे भारतीय उत्पाद

नयी दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम से देश-विदेश के लोगों से अपने विचार साझा किए। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 139वां एपिसोड रहा। पीएम मोदी ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम एक तीर्थयात्रा जैसा है। पीएम मोदी ने त्योहारी सीजन का जिक्र करते हुए कहा कि 'वोकल फॉर लोकल' की भावना हमारे उत्पादों को दुनिया भर के बाजारों तक पहुँचा रही है। साथ ही पीएम मोदी ने लोगों को कपास की खेती को लेकर खासा जोर दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि पंजाब में 'खेती विरासत मिशन' नाम की एक संस्था ने ऑर्गेनिक और पारंपरिक कृषि के तौर-तरीकों को नया जीवन देना शुरू किया। इस टीम के लोग पंजाब के मालवा क्षेत्र में कपास की प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना



चाहते थे। इस पहल को नाम 'नव-त्रिन्जन' दिया गया। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र के आदिवासी समुदायों ने अपने उत्पादों की पैकेजिंग पर बहुत ध्यान दिया है। यहां 'शबरी नेचुरल्स' के जरिए शहद, महुआ, चीड़ और बांस से बने उत्पादों को बाज़ार में लाया जा रहा है। इनकी पैकेजिंग पर आदिवासी कला की छाप देखने को मिलती है। आपको यह जानकर खुशी होगी कि इस पैकेजिंग को जापान का प्रतिष्ठित 'गुड डिज़ाइन अवार्ड' मिला है। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दीवाली और छठ के पवित्र त्योहार बस कुछ ही दिन दूर हैं। इसके लिए जगह-जगह स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं। यह जरूरी है कि हम उन जगहों को साफ रखें जहां हम रहते हैं। हमारी छोटी-छोटी कोशिशें ही हमारे आसपास बड़े बदलाव ला सकती हैं। मन की बात के 139वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल क्षेत्र में लोगों ने मिलकर हेवल नदी में नई जान फूंकने की कोशिश की है। कुछ समय पहले, हेवल नदी का जलस्तर घटने लगा था और आस-पास के प्राकृतिक जल स्रोत भी सूख रहे थे। इसके जवाब में स्थानीय प्रशासन और ग्रामीणों ने मिलकर नदी को बचाने के लिए एक अभियान शुरू किया। इस पहल के तहत, बारिश के पानी को संचित करने, भूजल स्तर को फिर से बढ़ाने (ग्राउंडवाटर रिचार्ज) और बड़ी संख्या में पेड़ लगाने के उपाय किए गए। आज, इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, हेवल नदी फिर से जीवित हो उठी है और दर्जनों प्राकृतिक जल स्रोत भी बहाल हो गए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि इस पहल के तहत यहां बिना केमिकल का इस्तेमाल किए ऑर्गेनिक कपास उगाई जाती है। यहां प्राकृतिक रंगों वाली कपास भी उगाई जाती है, इससे तैयार धागे और कपड़े को रंगने के लिए अलग से केमिकल इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं पड़ती। आप कल्पना कर सकते हैं, इससे पर्यावरण की कितनी बड़ी मदद हो रही है।

हताश व निराश हो चुकी कांग्रेस को जनता फिर सबक सिखाएगी-ब्रजेश पाठक

लखनऊ(हि.स.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा पटना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता को लेकर की गई टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रविवार को कहा कि इस प्रकार की बयानबाजी कांग्रेस की गिरती राजनीतिक संस्कृति को दर्शाती है। लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद और राजनीतिक विरोध स्वाभाविक हैं, लेकिन विरोध के नाम पर किसी के परिवार और माता-पिता को निशाना बनाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का राजनीतिक इतिहास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति व्यक्तिगत टिप्पणियों और उनकी साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि को लेकर किए गए कटाक्षों से भरा रहा है। कभी उनकी मां को लेकर टिप्पणियां की गईं, तो कभी उनकी पृष्ठभूमि का उपहास उड़ाने का प्रयास किया गया। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि कांग्रेस की राजनीति जनहित के मुद्दों से हटकर व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित होती दिखाई दे रही है।

भाजपा सरकार ने किसानों से झूठे वादे किये, उन्हें दिया धोखा-अखिलेश

लखनऊ (आससे)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में किसान खुद को ठगा महसूस कर रहा है। इस सरकार ने किसानों से झूठे वादे किये। उन्हें धोखा दिया। भाजपा ने किसानों की आय दुगुनी करने का वादा किया था लेकिन बढ़ती महंगाई में आय आधी भी नहीं रह गयी। खेती-किसानी घाटे का सौदा साबित हो रहा है। खाद, बीज कीटनाशक, डीजल, उर्वरक सब के दाम बढ़ गये है लेकिन किसान को उसकी फसल की लागत भी नहीं मिल रही है। भाजपा सरकार में किसान को फसल की बुआई से लेकर बिकने तक हर स्तर पर परेशानी उठाने के साथ नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा सरकार किसानों को झूठी दिलासा देती है। जारी बयान में उन्होने कहा कि पहले किसानों को समय पर खाद, बीज और पानी नहीं मिल रही थी। सिंचाई के लिए समय पर बिजली नहीं मिलती। जब अपनी मेहनत और लागत लगाकर किसान फसल पैदा कर लेता है तो उसकी कीमत नहीं मिलती है। किसानों को धान, आलू, मक्का समेत अन्य फसलों का लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। धान के किसानों को लागत मूल्य की अपेक्षा प्रतिकुन्तल एक हजार रूपये तक का नुकसान उठा कर बेचना पड़ रहा है। धान क्रय केन्द्रों को पता नहीं है। बिचौलिए किसानों से औने-पौने दाम पर धान खरीद कर मुनाफा कमा रहे है। आलू किसानों को कीमत गिरने से भारी नुकसान हो रहा है। किसानों को खरीदार नहीं मिल रहे हैं। सरकार पेट्रोल में इथेनॉल की मिलावट करा रही है। लेकिन उसका मुनाफा गन्ना किसानों को नहीं मिल रहा है। नया पेराई सत्र आ गया है लेकिन कई चीनी मिलों पर गन्ना किसानों का सैकड़ों करोड़ रूपये बकाया है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में किसान उपेक्षित और परेशान है। भाजपा ने किसानों को बर्बाद कर दिया। सरकार किसानों का हर तरह से षोशण कर रही है। पिछले दिनों बाढ़ए बारिश और प्राकृतिक आपदाओं से किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ लेकिन भाजपा सरकार ने कोई मदद नहीं की। शोषणए उपेक्षा भाजपा के धोखे से परेशान किसान 2027 में भाजपा सरकार को हटाकर किसानों की समर्थक अपनी समाजवादी पार्टी की सरकार लाएगा।

सऊदी अरब की उड़ानें सात नवंबर तक रद

नयी दिल्ली (आससे)। मिडिल ईस्ट में हूती विद्रोहियों के हमलों और बढ़ते तनाव के चलते एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने सऊदी अरब में रियाद और दम्माम के लिए फ्लाइट्स पर रोक 7 नवंबर, 2026 तक बढ़ा दी है। एयरलाइन ने कहा कि जेद्दा से आने-जाने वाली सर्विस 31 अक्टूबर तक रोकी जाएंगी। इसमें दम्माम सेक्टर के लिए बुकिंग की थी, और जिनकी ओरिजिनल यात्रा की तारीख 7 नवंबर तक थी, वे सऊदी अरब या बहरीन और भारत में किसी भी चालू एयर इंडिया एक्सप्रेस स्टेशन के लिए एक बार की कॉम्प्लिमेंट्री रीबुकिंग का फायदा उठा सकते हैं। वहीं, जिन यात्रियों ने 24 अक्टूबर को या उससे पहले जेद्दा के लिए बुकिंग

एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने फ्लाइट्स कैंसिल कीं, फ्री रीबुकिंग करा सकेंगे पैसेंजर्स

एलिजिबल पैसेंजर्स को कॉम्प्लिमेंट्री रीबुकिंग ऑप्शन और कैंसलेशन पर पूरा रिफंड दिया जाएगा। एयर इंडिया ने कहा है कि जिन यात्रियों की 24 अक्टूबर, 2026 को या उससे पहले कन्फर्म बुकिंग हुई है वे फ्री रीबुकिंग का फायदा उठा सकते हैं। एयरलाइन ने टिकट कैंसिल करने पर पूरा पैसा वापस करने का ऐलान किया है। वहीं, एयर इंडिया एक्सप्रेस ने कहा है कि जिन यात्रियों ने 24 अक्टूबर को या उससे पहले रियाद और की थी, और जिनकी ओरिजिनल यात्रा की तारीख 31 अक्टूबर तक थी, उनके लिए कॉम्प्लिमेंट्री रीबुकिंग सुविधा 14 नवंबर तक की यात्रा के लिए लागू है। यह ऑप्शन सऊदी अरब या बहरीन और भारत में ऑपरेशनल एयर इंडिया एक्सप्रेस स्टेशनों को कवर करता है। एयरलाइंस ने कहा कि उनकी टीमें अपने कॉन्टैक्ट सेंटर और शहर के बुकिंग ऑफिस के जरिए यात्रियों को रीबुकिंग और रिफंड रिक्वेस्ट में मदद करेंगी।

तकनीक के साथ अपराधी भी खोज रहे नये रास्ते-जस्टिस राजीव सिंह

लखनऊ (आससे)। उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमीनार 'टेक-संगम' शनिवार को सकुशल संपन्न हो गया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के जस्टिस राजीव सिंह रहे। दीप प्रज्वलन के बाद संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान सेमीनार में शामिल प्रमुख प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जस्टिस राजीव सिंह ने कहा कि यूपीएसआईएफएस अब सिर्फ शैक्षणिक केंद्र नहीं, बल्कि बहुआयामी चिंतन और नवाचार का मंच बन चुका है। इसका अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचना कड़ी मेहनत और दूरदर्शिता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यहां के छात्रों को न सिर्फ शानदार कैंपस प्लेसमेंट मिल रहे हैं, बल्कि क्वांटम टेक्नोलॉजी और फॉरेंसिक जैसे आधुनिक क्षेत्रों में वे वैश्विक स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। कानूनी चुनौतियों पर बोलते हुए जस्टिस सिंह ने कहा कि डीपीडीपी एक्ट लागू होने के बावजूद बाजार में मौजूद लीगल कमेंट्री में व्यावहारिक व्याख्या का अभाव है। संस्थान को संसदीय बहसों, समिति रिपोर्ट और विशेषज्ञ राय को शामिल करते हुए एक मानक कमेंट्री तैयार करनी चाहिए जो न्यायपालिका और पुलिस के लिए मार्गदर्शक बने। उन्होंने कहा, तकनीक के विकास के साथ अपराधी भी नए रास्ते खोजते हैं, जैसे लैब के भीतर ही मानव डीएनए से छेड़छाड़ के मामले सामने आए हैं। इसलिए हमारी सतर्कता अपराधियों से एक कदम आगे होनी चाहिए। इस मौके पर उन्होंने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस आईटी -ओटी सिक्योरिटी एंड फॉरेंसिक का भी शुभारंभ किया। संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने कहा कि डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से जटिल हो रहे हैं। केवल थ्योरी काफी नहीं, जमीनी पुलिसिंग और अदालतों की जरूरतों के साथ तकनीकी नवाचारों का एकीकरण जरूरी है। उन्होंने कहा कि संस्थान छात्रों को ग्लोबल अवसर देने के साथ पुलिस अधिकारियों को साइबर कानून और फॉरेंसिक साक्ष्य का प्रैक्टिकल प्रशिक्षण भी दे रहा है। तकनीक का अंतिम लक्ष्य आम आदमी को सुरक्षा और न्याय देना है।

फ्लोरिडा में यूनिवर्सिटी के पास गोलीबारी, 11 घायल

वाशिंगटन (एजेंसी)। फ्लोरिडा के तल्लाहासी में फ्लोरिडा ए एंड एम यूनिवर्सिटी के ब्रैग स्टेडियम के पास गोलीबारी का मामला सामने आया है। इस गोलीबारी में कम से कम 11 लोग घायल हो गए, जिनमें 6 नाबालिग भी शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इन 11 लोगों को गोली लगी है। तल्लाहासी शहर की वेबसाइट पर जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह घटना शनिवार (स्थानीय समयानुसार) रात 8 बजे से ठीक पहले पेरी और मैनाटी सड़कों के चौराहे के पास हुई। तल्लाहासी पुलिस विभाग ने बताया कि रात 11:30 बजे तक, गोलीबारी में घायल हुए लोगों में से कम से कम तीन की हालत गंभीर थी, जबकि नौ अन्य की हालत स्थिर बताई गई। आधिकारिक बयान के अनुसार, कुल 12 घायलों में छह वयस्क और छह नाबालिग हैं। 12वें व्यक्ति, जो गोली लगने वाले एक पीड़ित की दादी हैं, वे घटनास्थल से भागते समय घायल हो गईं। बयान में कहा गया है, शुरुआती जांच से पता चलता है कि गोलीबारी से पहले वहां हाथापाई हुई थी। हिंसक अपराध इकाई ने मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है। जासूस यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि घटना किन परिस्थितियों में हुई और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। तल्लाहासी पुलिस प्रमुख लॉरेंस रेवेल ने घायलों, खासकर बच्चों को लगी चोटों पर चिंता जताई। उन्होंने गोलीबारी के तुरंत बाद पीड़ितों की मदद करने के लिए पुलिस अधिकारियों की तारीफ की। रेवेल ने कहा, आज रात, हमारी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं, जो इस हिंसा के भयानक असर का सामना कर रहे हैं। पुलिस प्रमुख ने बताया कि घटनास्थल के पूरी तरह सुरक्षित होने से पहले ही, अधिकारियों ने पीड़ितों की मदद के लिए अपनी जान जोखिम में डाल दी। रेवेल ने कहा,गोलीबारी के तुरंत बाद, और घटनास्थल के पूरी तरह सुरक्षित होने से पहले ही, हमारे अधिकारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर पीड़ितों को सुरक्षित बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। उनका यह काम किसी वीरता से कम नहीं है। यह उस साहस और करुणा को दर्शाता है, जो हमारे अधिकारी हर दिन इस समुदाय के लिए दिखाते हैं। उन्होंने आगे कहा, हमारे जासूस यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि असल में क्या हुआ था और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। हम इन परिवारों को जवाब दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपील करते हैं कि जिनके पास भी कोई जानकारी हो, वे आगे आएं और इस काम में हमारी मदद करें। पुलिस विभाग ने बताया कि मामले की जांच अभी भी जारी है। साथ ही, यह भी स्पष्ट किया कि यह शुरुआती जानकारी है और जैसे-जैसे जांचकर्ता सबूत जुटाएंगे और गवाहों से बात करेंगे, इसमें बदलाव हो सकता है।

संघर्षों का समाधान केवल संवाद और कूटनीति से संभव-एस जयशंकर

नयी दिल्ली (आससे)। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा है कि यूक्रेन और पश्चिम एशिया के संघर्षों का समाधान संवाद और कूटनीति से ही संभव है। भारत इसके लिए स्वयं प्रयास कर रहा है और अन्य देशों के साथ सहयोग को भी तैयार है। नयी दिल्ली में चिन्मय अमृत महोत्सव वैश्विक सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवाद शांति के लिए गंभीर खतरा है। इसे राज्य की नीति के साधन के रूप में इस्तेमाल करना अस्वीकार्य है। आतंकवाद के खिलाफ सभी देशों को दृढ़ संकल्प के साथ एकजुट होना चाहिए। जयशंकर ने कहा कि संघर्ष और हिंसा का असर दूर-दराज के समाजों और अर्थव्यवस्थाओं पर भी पड़ता है। वैश्विक दक्षिण आज वित्त, ईंधन, खाद्य और उर्वरक के संकट का सामना कर रहा है। वैश्विक उत्तर को भी इसके समाधान में अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को जोखिममुक्त बनाने और देशों को आपूर्ति के विविध विकल्प उपलब्ध कराने पर जोर दिया। कृत्रिम मेधा (एआई) पर उन्होंने कहा कि यह व्यापक बदलाव लाने वाली तकनीक है, लेकिन इसका भविष्य केवल कुछ लोगों के हाथों में नहीं छोड़ा जा सकता। भारत जिम्मेदार, समावेशी और मानव-केंद्रित एआई व्यवस्था का समर्थक है।

पृष्ठ एक का शेष

गारमेंट फैक्टरी...

खादी के कपड़ों एवं उनके मटीरियल के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अपना हुनर-अपनी पहचान के दृष्टिगत प्लांट में कार्यरत महिलाओं से संवाद किया। पीएम ने इन महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों, उनकी चुनौतियों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने मिल्स द्वारा तैयार कपड़ों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

वाल्मीकि जयन्तीपर...

रचना हुई और माता सीता को आश्रय मिला था। यहीं भगवान श्रीराम के पुत्रों लव-कुश का जन्म हुआ। मुख्यमंत्री इस अवसर पर बिल्हौर व बिठूर विधानसभा क्षेत्रवासियों को 411 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात भी देंगे। वह विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित भी करेंगे। प्रदेश में धार्मिक-सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के साथ उनसे जुड़े पौराणिक स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है। इसी क्रम में 'रामायण सर्किट' और 'राम वन-गमन पथ' के तहत अयोध्या, चित्रकूट व इटावा आदि में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। पर्यटन विभाग का महर्षि वाल्मीकि से जुड़े धार्मिक स्थलों के कायाकल्प और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं जुटाने पर जोर है। योगी सरकार विभिन्न परियोजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च कर 'आदिकवि' महर्षि वाल्मीकि की विरासत सहेजने के साथ सांस्कृतिक पर्यटन को भी विस्तार दे रही है।

देशको अराजकता...

नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ 'नये भारत' में लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत हुई हैं। नीति-निर्माण के केंद्र में आम जनता है, गरीब कल्याण शासन की प्राथमिकता है, अंत्योदय आत्मनिर्भरता का आधार है और जनभागीदारी विकास को जन-आंदोलन का रूप दे रही है। आस्था, अस्मिता और आत्मविश्वास से परिपूर्ण नये भारत में सामाजिक न्याय, नारी सशक्तीकरण, डिजिटल नवाचार और आर्थिक समृद्धि की संभावनाएं साकार हो रही हैं। विकास की यह यात्रा जन-आकांक्षाओं को अवसरों में बदलते हुए राष्ट्र की सामर्थ्य को निरंतर विस्तार दे रही है। आज जब विश्व के अनेक हिस्से हिंसा और अस्थिरता से जूझ रहे हैं, भारत लोकतांत्रिक स्थिरता, आर्थिक प्रगति और सांस्कृतिक चेतना के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में संकीर्ण मानसिकता वाली कुछ राजनीतिक ताकतें सत्ता के स्वार्थ में देश को अस्थिरता, अराजकता और अलगाववाद की भट्टी में झोंकने का षड्यंत्र रच रही हैं। राष्ट्रीय हितों को ताक पर रखकर वैश्विक मंचों पर भारत की छवि धूमिल करने का निरंतर प्रयास कर रही हैं।

कोई लक्ष्य हमारी...

में 100 से ज्यादा आतंकियों को मार गिराया था। इसके बाद 10 मई को भारत और पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच बातचीत के बाद दोनों देशों ने सैन्य कारर्वाई रोकने पर सहमति जतायी थी।

२८ हजार करोड़...

की पहचान रशेष उपाध्याय उर्फ रशेष शाह के रूप में हुई है। ईडी की पणजी यूनिट की टीम ने उन्हें मुंबई एयरपोर्ट पर उस समय पकड़ा, जब वे दिल्ली जाने वाली फ्लाइट में सवार होने वाले थे। कस्टम्स और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के अधिकारियों ने इस कारररवाई में मदद की। आरोपी को पणजी ले जाया गया, जहां विशेष पीएमएलए कोर्ट ने उन्हें 29 अक्टूबर तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। गोवा की महिला से ठगी गई रकम कमोडिटी, ट्रैवल और विदेशी मुद्रा कारोबार से जुड़ी कंपनियों के करीब 400 म्यूल खातों में जमा की गयी। इन कंपनियों को फर्जी निदेशकों के जरिए चलाया जा रहा था। बाद में रकम नकद निकाली गयी और आरबीआई से लाइसेंस प्राप्त मनी चेंजर के जरिए विदेशी मुद्रा में बदली गयी। इस नेटवर्क ने करीब 28,000 करोड़ के बैंकिंग लेन-देन किए और लगभग 2,900 करोड़ नकद जमा किये।

हनीट्रैपमें...

इंडियन आर्मी से जुड़ी गोपनीय जानकारी भेजी। बाबू वेल्लोर के कीझवल्लम गांव का रहने वाला है। वह 28 साल तक इंडियन आर्मी की अलग-अलग शाखाओं में सेवा दे चुका है। उसने पिछले साल आर्मी की इक्विपमेंट डिवीजन से कैप्टन पद पर रिटायरमेंट लिया था। इसके बाद वह अपने गांव में रहने लगा।जानकारी के मुताबिक, करीब एक साल पहले एक अज्ञात महिला ने बाबू से व्हाट्सऐप पर संपर्क किया था। महिला ने पहले अनुचित बातचीत के जरिए उससे संबंध बनाए। इसके बाद वह धीरे-धीरे इंडियन आर्मी से जुड़ी जानकारी मांगने लगी।बाबू ने महिला की मांगी गई जानकारी उसे भेजी। जब उसे किसी जानकारी का पता नहीं होता था, तो वह फोन पर आर्मी के दफ्तरों से जानकारी लेता था। इसके बाद वह यह जानकारी महिला को भेज देता था।

एक नवम्बरकी...

लोगों के वोट चुराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा ये हम किसी हाल में चुपचाप नहीं सहेंगे। गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा मतदाता सूचियों से नाम काटे गये। नियम-कानून तोड़े गये और सवाल पूछने वालों पर लाठियां चलीं। अब जवाब देश देगा। उन्होंने पोस्ट में लिखा, एक नवम्बर (चलो दिल्ली, वोट बचाओ) देश बचाओ जन मार्च और महारैली। छात्र, किसान, मजदूर, महिलाएं, नौजवान और व्यापारी, जिस-जिस को लोकतंत्र की फिक्र है, वो जरूर आएं। वोट आपका है। लड़ाई भी आपकी है। रामलीला मैदान, नयी दिल्ली। उन्होंने कहा भाजपा और उसके साथियों का दिल से धन्यवाद, जो इस कार्यक्रम का इतना जोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं और इसे ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचा रहे हैं। गांधी ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा बस अगले सात दिन भी यही जोश और लगन बनाये रखिए। भाजपा ने शनिवार को दिल्ली में होने वाली इंडिया गठबंधन की रैली को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा था। पार्टी ने आरोप लगाया था कि राहुल गांधी एक नवंबर को ही रैली आयोजित करने पर अड़े हैं और 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों के जख्मों पर नमक छिड़कने की कोशिश कर रहे हैं।

थानेकी खिड़की...

सांगवान ने मामले को गंभीरता से लेते हुए फरार आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिये हैं। वहीं, ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में दो कॉन्स्टेबल विष्णु और जोगेश को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस ने आठ दिन पहले हाईवे पर कारररवाई करते हुए 261 किलोग्राम गांजा जब्त किया था। इस मामले में पुलिस ने आंध्र प्रदेश के दो आरोपियों अमर चैतन्य और श्रीनिवासन टी को गिरफ्तार किया था। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कारररवाई की गयी थी। आरोपी अमर चैतन्य फिलहाल जेल में बंद है, जबकि श्रीनिवासन टी को पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड के दौरान दिहौली थाने में रखा गया श्रीनिवासन टी खिड़की तोड़कर भाग निकला। आरोपी के कस्टडी से फरार होने की खबर मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने आरोपी की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। पुलिस फरार आरोपी का सुराग लगाने के लिए लगातार प्रयासरत है। कस्टडी से आरोपी के भागने के मामले में ड्यूटी पर तैनात दो कॉन्स्टेबल विष्णु और जोगेश पर कारररवाई हुई है। पुलिस अधीक्षक ने दोनों कर्मचारियों को लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया है। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि इस पूरे मामले की जांच जारी है। पुलिस फरार तस्कर का पता लगाने के साथ-साथ घटना से जुड़े सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है।

एसआईआरमें...

(आरटीआई) अधिनियम के तहत इसे व्यापारिक गोपनीयता और बौद्धिक संपदा से जुड़ा मामला बताया। हालांकि, आयोग ने स्पष्ट किया कि एसआईआर के लिए कोई नया सॉफ्टवेयर विकसित या खरीदा नहीं गया है। तेलंगाना के करीमनगर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता एमए मुजीब अय्यूब ने आरटीआई के तहत सॉफ्टवेयर, एप्लिकेशन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्लेटफॉर्म का विवरण मांगा था। 16 अक्टूबर को दिए जवाब में आयोग ने कहा कि मतदाताओं को सूची में शामिल करने या हटाने का निर्णय चुनावी पंजीकरण अधिकारी तथ्यों और अभिलेखों के आधार पर लेते हैं। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत ने आवेदक को आयोग के जवाब के खिलाफ सक्षम प्राधिकारी के समक्ष अपील दायर करने की सलाह दी है। मतदाता सूची से कथित तौर पर बड़े पैमाने पर नाम हटाए जाने और चुनाव आयोग के सॉफ्टवेयर तक अधिकारियों की पहुंच सीमित किए जाने के आरोपों के बीच यह मामला सामने आया है।



हरमन, दीप्तिने भारतको बनाया अजेय

दोनों ने लगाया शतक, टीम इण्डिया ने जिम्बाब्वे को दूसरे एकदिनी में १२१ रन से हराया, वैष्णवी ने झटके चार विकेट

वडोदरा (एजेन्सियां)। प्लेयर आफ द मैच हरमनप्रीत कौर (१२६) के आक्रामक शतक, दीप्ति शर्मा (१०६, ३-३२) के हरफनमौला खेल और दोनों के बीच छठें विकेट के लिए की गयी १५३ रन की शतकीय साझेदारी के बाद वैष्णवी शर्मा (४-३९) की फिरकी के जादू से भारत ने रविवार को यहां जिम्बाब्वे को दूसरे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में १२१ रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में २-० की अजेय बढ़त हासिल कर ली। भारत के ५० ओवर में छह विकेट पर ३२८ रन के सामने जिम्बाब्वे की टीम ४८.५ ओवर में २०७ रन पर सिमट गयी। लक्ष्य का पीछा करने उतरे जिम्बाब्वे ने शुरुआती १० ओवर में लारिन फिरी (छह) का विकेट गंवाकर ४७ रन बनाकर सतर्क शुरुआत की। फिरी को नौवें ओवर में श्री चरणी ने मिडविकेट पर शेफाली वर्मा के हाथों कैच कराया। मुपाचिकवा हालांकि अच्छी लय में नजर आयी। उन्होंने सयाली सतघरे की पारी की शुरुआती दो गेंद पर चौका मारा और फिर जिंतिमणि कलीता पर भी लगातार दो चौके मारे। तिरिपानो ने आते ही दीप्ति पर दो चौके मारे और फिर १३वें ओवर में श्री चरणी पर भी तीन चौके मारे। मुपाचिकवा ने वैष्णवी शर्मा पर चौके के साथ १९वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। सतघरे ने तिरिपानो को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। उन्होंने ५७ गेंद में ४६ रन की पारी में सात चौके लगाये। वैष्णवी ने इसके बाद मुपाचिकवा (४९) को स्थानापन्न खिलाड़ी हरलीन देओल के हाथों कैच कराके अपना पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विकेट हासिल किया। वैष्णवी ने इसके बाद बिजा (३४) को भी बोल्ड करके जिम्बाब्वे को चौथा झटका दिया और फिर मिशेल मावुंगा (तीन) को भी बोल्ड किया। जिम्बाब्वे को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए १५६ रन की दरकार थी लेकिन टीम इस स्कोर के करीब भी नहीं पहुंच सकी। वैष्णवी ने जोसेफिन एनकोमो (२२) को पगबाधा करके अपना चौथा विकेट हासिल किया जबकि दीप्ति ने नयाशा ग्वानजुरा (२०), नोमवेलो सिबांडा (शून्य) और तेंडाई माकुशा (शून्य) को पवेलियन भेजा।इससे पहले टास जीत कर पहले बल्लेबीजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान स्मृति मंधाना (शून्य) और शेफाली वर्मा (आठ) सस्ते में पवेलियन लौट गयी। नवनियुक्त कप्तान स्मृति मैच के पहले ओवर में पुल शाट खेलने के प्रयास में अपना विकेट गंवा बैठीं जबकि शेफाली ने मिडविकेट पर नयाशा ग्वानजुरा को कैच थमाया। दोनों विकेट नोमवेलो सिबांडा के खाते में गये। भारत का स्कोर दो विकेट पर १९ रन हो गया। इसके बाद सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल (६७ गेंद में ६१ रन) और हरमनप्रीत ने तीसरे विकेट के लिए १२४ रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। शानदार फार्म में चल रहीं भारतीय सलामी बल्लेबाज प्रतिका २३वें ओवर में ग्वानजुरा की गेंद पर डीप मिडविकेट पर बिलव्ड बिजा को कैच कैच दे बैठीं। रावल ने आउट होने से पहले ६१ गेंद में चार चौके और दो छक्के की मदद से ६७ रन बनाये। टीम संकट से उबर चुकी थी ऐसे में उम्मीद थी कि तेजल हसबनीस के बल्ले से भी अच्छी पारी देखने को मिलेगी लेकिन वे निराश कर गयी और केवल तीन रन बनाने के बाद ओलिंडर चेयर की गेंद पर स्लाग स्वीप खेलने की कोशिश में मिशेल नावुंगा के हाथों लपकी गयी। इसके बाद २२ गज की पट्टी पर पूर्व कप्तान हरमनप्रीत कौर का राज हो गया और उन्होंने अपनी बेहतरीन और संतुलित पारी से मैच पर नियंत्रण बना लिया। हालांकि उन्हें किस्मत का भी साथ मिला और तीन बार उनके कैच छूटे। उन्होंने जिम्बाब्वे की गेंदबाजों का दिलेरी से सामना करते हुए गेंद को सीमारेखा के पार भेजना शुरू किया और तेजी से अपने खाते में रन जोड़ते हुए शतक पूरा कर लिया यह हरमनप्रीत का आठवां एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक था। ऐसा लग रहा है कि कप्तानी की अतिरिक्त जिम्मेदारी से मुक्त होने के बाद वह अपने खेल का भरपूर आनंद ले रही हैं। फिनिशर ऋचा घोष (सात) ज्यादा देर तक क्रीज पर नहीं टिक सकीं जिससे रन गति पर अंकुश लगा। भारत को हरमनप्रीत के साथ लंबी साझेदारी की जरूरत थी। ऐसे में दीप्ति ने इसे अंजाम



दिया। दीप्ति ने विकेट बचाने के साथ रन गति बनाये रखी। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए १३७ गेंदों पर १५३ रन जोड़े। दीप्तिने ३७ गेंद में अर्द्धशतक पूरा किया और पारी के अंतिम ओवर में स्क्वायर लेग की दिशा में चौका लगाकर अपना दूसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक पूरा किया। उन्होंने ८६ गेंद की अपनी पारी में १५ चौके लगाए और १०६ रन बनाये। हरमनप्रीत अंततः मावुंगा की गेंद पर स्थानापन्न खिलाड़ी कुडजाइ चिगोरा के हाथों लपकी गयी। हरमनप्रीत ने १२१ गेंद में १५ चौके की सहायता से १२६ रन बनाये। भारत ने आखिरी १० ओवर में ७२ रन बनाये जिससे भारत का स्कोर ५० ओवर में छह विकेट पर ३२८ रन हो गया। नोमवेलो सिबांडा ने दो विकेट हासिल किये।


आईपीएल पर फैसला दिसम्बर में-धोनी

बेंगलूरु (एजेन्सियां)। पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी ने आईपीएल में अपने भविष्य को लेकर कहा कि वे दिसम्बर से पहले फैसला लेंगे। यह मेडिकल टेस्ट से ही यह पता चलेगा कि वह एक और सीजन खेल पाएंगे या नहीं। ४५ साल के धोनी पिछले सीजन में पिंडली की समस्या के कारण पूरा आईपीएल नहीं खेल सके थे। उनकी गैरमौजूदगी में चेन्नई की टीम प्लेआफ में जगह नहीं बना पाई। पूर्व कप्तान ने अपनी फिटनेस की पूरी जिम्मेदारी डाक्टरों पर डाल दी। उन्होंने कहा कि डाक्टरों को यह तय करना होगा कि वे आईपीएल के एक और साल की चुनौती झेलने के लिए फिट रहें। धोनी ने कहा अगर मैं फिट नहीं हूं, तो आपको यह निश्चित करना होगा कि आप मेरे साथ सब कुछ सही करें। आपको यह भी देखना होगा कि यह पुरानी विंटेज गाड़ी सड़क पर ठीक से चलती रहे। इसलिए पूरा दबाव उन्हीं पर है।

वह बिन पानी मछली की तरह था

वैभव सूर्यवंशी को नंबर तीन पर देख भड़के अश्विन और कार्तिक

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। भारतीय टीम ने न्यूजीलैण्ड के खिलाफ दूसरे टी-२० मुकाबले में जीत जरूर दर्ज की लेकिन युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का बल्लेबाजी क्रम चर्चा का विषय बन गया। चोटिल ईशान किशन की जगह अन्तिम एकादश में शामिल किये गयेए वैभव को ओपनिंग के बजाय नंबर तीन पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया। वह आठ गेंदों पर चार रन बनाकर आउट हो गये। इसके बाद पूर्व भारतीय क्रिकेटरों ने मुख्य कोच गौतम गंभीर और टीम मैनेजमेंट की रणनीति पर सवाल उठाये। पूर्व भारतीय स्पिनर मुरली कार्तिक ने कहा कि वैभव को उस क्रम पर खिलाना चाहिए जहां वह अपना स्वाभाविक खेल दिखा सकते हैं। उन्होंने कहा कि वैभव एक ओपनर हैं और उन्होंने अब तक इसी भूमिका में ज्यादा बल्लेबाजी की है। कार्तिक के मुताबिक अगर टीम मैनेजमेंट वैभव को अन्तिम एकादश में शामिल करने का फैसला करता है तो उसे उनकी भूमिका के हिसाब से बल्लेबाजी क्रम में जगह भी देनी चाहिए थी। उन्होंने अनुभवी बल्लेबाज संजू सैमसन का उदाहरण देते हुए कहा कि सीनियर खिलाड़ियों को टीम की जरूरत के हिसाब से अलग-अलग नंबरों पर खेलने के लिए तैयार रहना चाहिए।



कार्तिक का सुझाव था कि संजू नंबर-तीन पर उतर सकते थे और वैभव को ओपनिंग का मौका दिया जा सकता था। रविचंद्रन अश्विन ने वैभव के प्रदर्शन को फिश आउट आफ वाटर यानी पानी से बाहर मछली जैसी स्थिति बताया। अश्विन के अनुसार नंबर-तीन पर आकर वैभव सहज नहीं दिखे और गेंद को सही टाइमिंग से खेलने में संघर्ष करते नजर आए। अश्विन ने कहा कि ऐसी परिस्थिति में किसी अनुभवी साथी को युवा बल्लेबाज के पास जाकर उसे शांत रहने और गेंद पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह देनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि छठे ओवर में बल्लेबाजी के लिए आना वैभव के स्वाभाविक खेल के अनुकूल नहीं लगा। अश्विन ने टीम मैनेजमेंट को यह विकल्प भी सुझाया कि अगर वैभव, अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन तीनों को एक साथ खिलाना है तो संजू को तीसरे नंबर पर उतारने पर विचार किया जा सकता है। गौतम गंभीर की रणनीति में बल्लेबाजी क्रम में लचीलापन अहम रहा है।

युकी को युगल खिताब

अल्माटी (एजेन्सियां)। भारत के नंबर एक युगल खिलाड़ी युकी भांबरी ने अमेरिका के अपने जोड़ीदार रयान सेगरमैन के साथ मिलकर रविवार को यहां अल्माटी ओपन एटीपी २५० टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीत लिया। भारत और अमेरिका की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने आस्ट्रिया के लुकास मीडलर और नील ओबरलीट्नर की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को रोमांचक फाइनल में ७-६, ६-७, १०-२ से हराया। भांबरी का यह वर्ष २०२६ का पहला एटीपी टूर खिताब है। यह एटीपी टूर पर उनका करियर का कुल पांचवा युगल खिताब है। भांबरी ने इससे पहले २०२३ में मालोर्का में, २०२४ में गस्टाड और म्यूनिख में और २०२५ में एटीपी ५०० दुबई टूर्नामेंट में एटीपी २५० खिताब जीते थे। न्यूजीलैण्ड के अपने साथी माइकल वीनस के साथ एटीपी २५० जिनेवा ओपन में उपविजेता रहने के बाद ३४ वर्षीय भांबरी का एटीपी टूर्नामेंट में यह इस सत्र का दूसरा फाइनल था।

सिंधू के खिताब जीतने का सपना अन से यंग ने तोड़ा

फ्रेंच ओपन सुपर ७५०

पेरिस (एजेन्सियां)। भारत की स्टार बैडमिण्टन खिलाड़ी पीवी सिंधु फ्रेंच ओपन सुपर ७५० टूर्नामेंट के फाइनल में शानदार शुरुआत के बावजूद खिताब जीतने से चूक गयी। रविवार को खेले गए मुकाबले में सिंधु ने दुनिया की नंबर-एक खिलाड़ी दक्षिण कोरिया की अन से यंग के खिलाफ पहला गेम जीतकर उलटफेर की उम्मीद जगायी लेकिन बाद के दोनों गेम गंवा दिए। अन से यंग ने १६-२१, २१-११, २१-१२ से जीत दर्ज कर लगातार तीसरी बार फ्रेंच ओपन का खिताब अपने नाम किया। इस हार के साथ अन से यंग के खिलाफ सिंधु का जीत का इंतजार और लंबा हो गया। दोनों खिलाड़ियों के बीच अब तक हुए ११ मुकाबलों में दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी ने सभी मैच जीते हैं। पीवी सिंधु के पास इस टूर्नामेंट के जरिए २०२६ का दूसरा खिताब जीतने का मौका था। उन्होंने जुलाई में जापान ओपन का खिताब अपने नाम किया था। सिंधु ने आक्रामक रणनीति अपनाते हुए अन से यंग को शुरुआत से ही चुनौती दी। उन्होंने नेट के करीब सटीक शाट खेले और शटल को जल्दी हिट करके दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी को लगातार मूव करने पर मजबूर किया। सिंधु की शानदार रणनीति का नतीजा रहा कि उन्होंने पहला गेम २१-१६ से जीत लिया। सिंधु के लिए पहला गेम जीतना खास उपलब्धि रही। उन्होंने २०२३ के बाद पहली बार अन से यंग के खिलाफ कोई गेम अपने नाम किया।



ललित कांस्य से चूके, सिवाच, करणजीत और जोगिन्दर भी हारे



विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप

अस्ताना (एजेन्सियां)। भारत के ललित को रविवार को कांस्य पदक के मुकाबले में एकतरफा हार का सामना करना पड़ा जिससे वह ग्रीको-रोमन विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में पदक जीतने का मौका गंवा बैठे जबकि उनके तीन अन्य साथी पहलवान भी पहले दौर में ही बाहर हो गये। कांस्य पदक के मुकाबले में ललित का सामना कजाखस्तान के इस्खार कुर्बायेव से था। कुर्बायेव ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीत दर्ज की। उन्होंने पहले चार अंक हासिल करने वाला दांव लगाया और फिर 'लिफ्ट' से मुकाबले को कुछ ही समय में समाप्त कर दिया। ललित ने अमेरिका के मैक्स एमिलियानो नोवरी को ७-० हराकर कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बनाई थी। संदीप तुलसी यादव एकमात्र भारतीय हैं जिन्होंने २०१३ में विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता था। अन्य तीन भारतीय पहलवानों के लिए भी दिन निराशाजनक रहा। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता नितेश सिवाच सहित तीन अन्य भारतीय पहलवान शुरुआती मुकाबलों से आगे नहीं बढ़ पाए। सिवाच को ९७ किलोग्राम वर्ग में जर्मनी के एंटोन व्यूएग से हार का सामना करना पड़ा। जर्मनी के खिलाड़ी ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीत हासिल की। करणजीत (७२ किलोग्राम) अपने क्वालीफाइंग मुकाबले में जापान के रिनतारो सोगबे से २-३ से हार गये। करनजीत अच्छी स्थिति में थे लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए जबकि सोगबे ने जवाबी हमला करके अंक बनाकर भारतीय खिलाड़ी को पीछे छोड़ दिया। जोगिंदर राठी को १३० किलोग्राम वर्ग में तुर्किए के पहलवान और मौजूदा यूरोपीय चैम्पियन रिजा कायाल्प से करारी हार का सामना करना पड़ा।

वाणी कपूर के पास इतिहास रचने का मौका

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। भारतीय गोल्फर वाणी कपूर ने इण्डियन ओपन-२०२६ में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब की ओर मजबूत कदम बढ़ा दिये हैं। टूर्नामेंट के तीसरे दिन वाणी ने तीन अंडर ६९ का कार्ड खेलकर कुल पांच अंडर २११ स्कोर के साथ बढ़त हासिल कर ली। अब उनकी नजरें एक दशक बाद इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का खिताब भारत वापस लाने पर हैं। वहीं एशियन गेम्स की स्वर्ण पदक विजेता प्रणवी उर्स और तवेसा मलिक भी खिताब की दौड़ में बनी हुई हैं। ३२ वर्षीय वाणी कपूर ने तीसरे राउंड के दौरान शानदार खेल दिखाया। उन्होंने तीन अंडर ६९ का कार्ड खेलते हुए कुल स्कोर पांच अंडर २११ तक पहुंचाया। वाणी अब खिताब की प्रबल दावेदार बन गयी हैं। वाणी कपूर को खिताब जीतने के लिए गत चैम्पियन सिंगापुर की शैनन टैन और थाईलैंड की अनुभवी गोल्फर पोर्ननोंग फाटलम से कड़ी चुनौती मिलेगी। शैनन ने तीसरे राउंड में ६७ का कार्ड खेला जबकि फाटलम ने ६९ का कार्ड बनाया। दोनों खिलाड़ियों का कुल स्कोर वाणीसे सिर्फ एक शाट पीछे है।

भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत २२ को

दुबई (एजेन्सियां)। भारत ए १९ नवम्बर से दोहा में शुरू होने वाले ५० ओवर के एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट में २२ नवम्बर को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का सामना करेगा। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान टूर्नामेंट में अपनी ए टीमें उतारेंगे, जबकि नेपाल, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और हांगकांग के अपनी सबसे मजबूत टीमें भेजने की संभावना है। भारत ए को पाकिस्तान ए, नेपाल और यूएई के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। श्रीलंका ए, बांग्लादेश ए, अफगानिस्तान ए और हांगकांग ग्रुप ए में हैं। भारतीय टीम २० नवम्बर को नेपाल के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इसके बाद उसका सामना पाकिस्तान ए (२२ नवम्बर) और यूएई (२४ नवम्बर) से होगा। दोनों ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनायेंगी।

चैम्पियनके सामने टिक न सका उत्तर प्रदेश

वाराणसी। उत्तर प्रदेशकी अण्डर-१४ बालिकाओंका सफर ७०वीं राष्ट्रीय स्कूली रग्बी प्रतियोगितामें रविवारको खत्म हो गया। दिल्लीमें हो रही इस प्रतियोगिताके क्वार्टर फाइनल मुकाबलेमें उसे गत चैम्पियन ओड़िशाने २०-१० से शिकस्त दी। आक्रामक अंदाजके साथ शुरू हुए मुकाबलेमें उत्तर प्रदेशकी टीम ने शुरुआतमें बढ़त लेकर उम्मीद जगायी लेकिन कुछ समय पश्चात ओड़िशाकी टीमने वापसी की और उसके खिलाड़ी चैम्पियन की तरह खेलते हुए उत्तर प्रदेशपर दबाव बनानेमें सफल हो गये। नतीजा रहा कि यूपीकी टीम इस दबावके सामने बिखर गयी।

संगीताने सबको पीछे छोड़ा

वाराणसी। संगीता वर्माने महिलाओंके स्वास्थ्य और फिटनेसके लिए रविवारको पीएनयू क्लबमें हुई तीन किलोमीटरकी रेसमें सबको पीछे छोड़ते हुए बाजी मार ली। पूनम जायसवाल दूसरे जबकि एंजेला तीसरे स्थान पर रहीं। रेसके बाद भाग लेनेवाली महिलाओंके साथ वहां मौजूद अन्य महिलाओंने जुम्बा नृत्य किया। दौड़के बाद मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स अथलीट नीलू मिश्रने कहा कि महिलाओंको प्रतिदिन ४५ मिनट खेल गतिविधियां, दौड़ या किसी अन्य प्रकारके व्यायामके लिए समय निकालना चाहिए। इससे स्वास्थ्य बेहतर होगा और शारीरिक स्फूर्ति बढ़ेगी।

बाल खेल मेला २८ से

वाराणसी। यूपी एडवेंचर स्पोर्ट्स क्लबके बैनरतले २८ एवं २९ अक्तूबरको परमानंदपुर मिनी स्टेडियममें जिला स्तरीय बाल खेल मेलेका आयोजन किया गया है। आयोजन सचिव सुनीत पटेलके अनुसार इस खेल मेले में चार वर्षसे लेकर १० वर्षके बालक-बालिकाएं १० खेल स्पर्द्धाओंमें अपना हुनर दिखायेंगे।

पड़िक्कल और सुदर्शन ने भारत 'ए' को उबारा

अनौपचारिक टेस्ट

लिंकन (एजेन्सियां)। देवदत्त पडिक्कल और साई सुदर्शन ने जुझारू बल्लेबाजी करते हुए भारत ए को न्यूजीलैण्ड ए के खिलाफ रविवार को यहां चार दिवसीय अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन शुरुआती झटकों से उबारा। पहली पारी में ११३ रन पर आउट होने वाली भारतीय टीम ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में दो विकेट पर १०६ रन बना लिए हैं। इससे पहले न्यूजीलैण्ड ए ने अपनी पहली पारी में ३१७ रन बनाकर २०४ रन की बढ़त हासिल की थी। इस तरह से भारतीय टीम अभी उससे ९८ रन पीछे है। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (पांच) और केएल राहुल (चार) एक बार फिर फ्लाप रहे जिससे भारतीय टीम दूसरी पारी में १० रन पर दो विकेट गंवाने से संकट में पड़ गयी। इसके बाद पडिक्कल (८९ गेंदों पर नाबाद ५६ रन) और सुदर्शन



(१०४ गेंदों पर नाबाद ३९ रन) ने मोर्चा संभाल और संभल कर खेलते हुए तीसरे विकेट के लिए ९६ रन की अटूट साझेदारी करके टीम को संकट से उबारा। इस साझेदारी में पडिक्कल अधिक आक्रमक रहे। उन्होंने अभी तक अपनी पारी में नौ चौके लगाये हैं जबकि सुदर्शन ने पांच चौके जड़े हैं। पडिक्कल ने पहली पारी में भी ७७ गेंद पर ३२ रन बनाये थे और तब उन्होंने लगभग दो घंटे क्रीज पर बिताये थे। भारत का दारोमदार पडिक्कल और सुदर्शन पर ही टिका है। यह दोनों अपनी साझेदारी को मजबूत करने की कोशिश करेंगे जिससे कि भारतीय टीम न्यूजीलैण्ड ए के सामने एक चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रख सके।

अभ्यांस-रिद्धिमा को मिश्रित युगल खिताब

वाराणसी। वाराणसीके अभ्यांस सिंह और रिद्धिमा सिंहकी जोड़ीने गाजियाबाद में हुई डाक्टर अखिलेश दास गुप्त मेमोरियल यूपी स्टेट सीनियर बैडमिण्टन चैम्पियनशिपके मिश्रित युगलका खिताब जीत लिया। अभ्यांस और रिद्धिमा ने फाइनल मुकाबले में हापुड़की जोड़ी को १२-१५, १५-८, १५-११ से पराजित किया। इस खिताबी जीतके साथ इस जोड़ीने नेशनल बैडमिण्टन चैम्पियनशिपके लिए क्वालीफाई कर लिया। अभ्यांस और रिद्धिमा इससे पहले इसी माह कानपुरमें हुए यूपी स्टेट बैडमिण्टन टूर्नामेंट में भी विजेता हुए थे। दोनोंकी इस उपलब्धिपर जिला बैडमिण्टन संघ वाराणसीके सचिव नागेन्द्र सहित संघके पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियोंने प्रसन्नता व्यक्त की।



चौरसिया समाज का 25 वां सामूहिक विवाह समारोह 28 फरवरी को तैयारियां शुरू

कानपुर । अखिल भारतीय चौरसिया समाज का 25वां सामूहिक विवाह एवं परिवार मिलन समारोह 28 फरवरी 2027 को आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन संस्कार लान, डॉक्टर चिरंजी लाल राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, किदवई नगर कानपुर में होगा । रविवार को समारोह की तैयारी के संबंध में पीएसी मोड़ स्थित आरके गैलेक्सी रेस्टोरेंट में बैठक हुई । आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज के सदस्यों ने विचार रखें, जिन पर विचार विमर्श हुआ। समाज के राष्ट्रीय संरक्षक आनंद चौरसिया ने सर्वसम्मति से कार्यक्रम की रूपरेखा तय की। बैठक में अजीत चौरसिया,कैलाश नारायण चौरसिया, एसके चौरसिया, अमित, समाज की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सुखवाती चौरसिया, चंदा, शिवानी, नीलम, रीना, पिंकी, ममता रमेश, किशन गोपाल, मनोज, पवन, रवींद्र, अरविंद, चौरसिया आदि शामिल रहे।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल सोमवार, 26 अक्टूबर 2026

मेष-	व्यवसायिक लाभ, धर्म-अध्यात्म में आस्था, मनोविनोद के अवसर, मनोरंजन में रुझान।
वृषभ-	अर्थपक्ष में हानि, आरोग्यसुख में कमी, व्यय की अधिकता, तालमेल का अभाव।
मिथुन-	आत्मिक शांन्ति, निर्णय अनुकूल, धनागम का लाभ, व्यय की अधिकता, यात्रा सुखद।
कर्क-	मनोकामना पूर्ण, परिवार में हर्षोल्लास, मेलमिलाप में रुचि, धर्मअध्यात्म में आस्था।
सिंह-	साहसिक प्रयास प्रगति पर, नवीन उपलब्धि, परिजन सहायक, अतिथि का आगमन।
कन्या-	मानसिक उलझनें, वैचारिक अस्थिरता, मित्रों से गलतफहमी, धनागम में बाधा।
तुला-	परिवार में हर्षोल्लास, श्रेष्ठजनों का सहयोग, अधूरी योजना पूर्ण, धनसंचय में रुचि।
वृश्चिक-	स्वास्थ्य बेहतर, पुराने विवाद का समापन, उन्नति का प्रयास, प्रसन्नता का वातावरण।
धनु-	दिनमान अनुकूल, कार्यक्षमता में वृद्धि, सलाह लाभदायक, राजकीय पक्ष से लाभ।
मकर-	व्यापार में परेशानी, विरोधियों का वर्चस्व, सम्बन्धों में कटुता, मानसिक तनाव।
कुम्भ-	अभिलाषा की पूर्ति, धनागम, मौजमस्ती में व्यय, गलतफहमी दूर, यात्रा सार्थक।
मीन-	नवयोजना साकार, निर्णय अनुकूल, सलाह लाभदायक, अभिष्ट सिद्धि, यात्रा सुखद।

आज है जिनका जन्मदिन 26 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 26 का मूलांक 8 का स्वामी ग्रह शनि एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। स्पष्टवादी, परिश्रमी व साहसी व्यक्ति होंगे। आपकी इच्छा सदैव ऊँचा पद यात्रा बड़ा व्यापार को करने के इच्छुक रहेंगे। सूक्ष्मदर्शिता विशेष गुण होगा। हँसमुख स्वभाव के कारण अनजान व्यक्ति भी आपके सम्पर्क में आज जायेगा। मित्र बन जायेगा। सहज ही कुछ भी प्राप्त नहीं कर पायेंगे। इसके लिए कठिनाईयों के दौर से गुजरना पड़ेगा। क्रोध की स्थिति में अपना मानसिक सन्तुलन खो बैठेंगे। अनुशासन प्रिय होंगे और चाहेंगे कि आपके अधीनस्थ भी अनुशासन में रहेंगे। भौतिक सुख-सुविधा के निमित्त अधिक व्यय करेंगे। स्पष्टवादी होने के कारण कुछ लोगों से विरोध रहेगा। ये व्यक्ति हानि पहुँचाने की दिशा में गुप्त षड्यंत्र करेंगे। कुल देवी-देवता की पूजा अवश्य करें। दैनिक जीवन में हरा एवं नीला रंग का प्रयोग अधिकतम करें। शनिवार के दिन काले रंग की वस्तुओं का दान करें। शुद्ध शाकाहारी जीवन व्यतीत करें। सुख-सौभाग्य के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधिपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ
मन्त्र : ॐ शं शनैश्चराय नमः
व्रत : शनिवार
दिन : सोमवार, गुरुवार एवं शनिवार
दिनांक : 8, 17, 26
अंक : 2, 4, 6, 7
मास : जनवरी, अक्टूबर एवं दिसम्बर
वर्ष : 8, 17, 26, 35, 44, 53, 62, 71
रंग : हरा, नीला, काला एवं भूरा
जन्मरत्न : नीलम उपरत्न : नीली
जड़ी : लाल चन्दन की जड़
वर्ष का महत्वपूर्ण समय—20 जनवरी से 20 फरवरी, 20 अक्टूबर से 20 अक्टूबर

यन्त्र

12	7	14
13	11	9
8	15	10

सुडोकु ४०९५

सरीका खेलने का : दिखाये खेल और नम्बरों को पहेली है। तर्क से इसे हल कर सकते हैं। इस पे-ही खानों के भी खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के डॉक्स खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। खाने की 3x3 के डॉक्स वाले में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल कल देंगे।

7	9			3				
						5		8
				2				
	6	5						
				9			4	
2						1		
			8					
3								
			5		6			9

4	2	9	5	3	8	1	7	6
5	8	3	1	7	6	9	2	4
7	1	6	2	9	4	5	8	3
2	7	1	4	8	3	6	5	9
6	9	5	7	1	2	4	3	8
8	3	4	9	6	5	2	1	7
9	5	7	3	4	1	8	6	2
3	6	2	8	5	9	7	4	1
1	4	8	6	2	7	3	9	5

हल : ४०९४

जीआर पी ने 45 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब किया बरामद

भटनी(देवरिया)स्थानीय जी आर पी थाना क्षेत्र के भाटपाररानी भाटपाररानी रेलवे स्टेशन पर जाँच कर रहे थे ।प्लेटफार्म संख्या-2पर



रेलवे स्टेशन पर जाँच के दौरान 48बोतल अबैध अंग्रेजी शराप मौर्या एक्सप्रेस ट्रेन से किया बरामद । बताया गया है कि जी आर पी के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश् कुमार पाण्डेय आरक्षी धर्मेंद्र कुमार यादव पंकज मिश्र खडी मौर्या एक्सप्रेस ट्रेन की जाँच कर रहे थे ।उसी समय लावारिश रुप में एक पिटठू बैग बरात हुआ ।जिसमें 48बोतल ब्लेण्डर प्राईड पैक अबैध अंग्रेजी शराबप्रत्येक 180एम एल जिसकी कीमत 12000 रुपये की शराब बरामद हुई ।

मिशन शक्ति के तहत कुशीनगर में महिला सुरक्षा को लेकर चला जागरूकता अभियान

पडरौना/कुशीनगर। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर जिले में मिशन शक्ति अभियान 6.0 के तहत रविवार को व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार



के निर्देशन में सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस की मिशन शक्ति टीमों ने गांवों, कस्बों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और स्कूल-कॉलेजों में पहुंचकर महिलाओं, बालिकाओं और आम लोगों को जागरूक किया। अभियान के दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा के उपायों और महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस टीमों ने बालिकाओं और छात्राओं को किसी भी तरह की परेशानी होने पर चुप रहने के बजाय संबंधित हेल्पलाइन पर सूचना देने तथा जरूरत पड़ने पर पुलिस की सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। जागरूकता कार्यक्रमों में महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन पुलिस सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के उपयोग के बारे में बताया गया। इसके साथ ही साइबर अपराध से जुड़ी शिकायत दर्ज कराने के लिए आधिकारिक पोर्टल की जानकारी भी दी गई। मिशन शक्ति टीमों ने महिलाओं और स्कूली छात्राओं को पर्चे वितरित कर सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारियां साझा कीं। अभियान के माध्यम से महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने, आत्मरक्षा के उपाय अपनाने और किसी भी आपात स्थिति में उपलब्ध सहायता सेवाओं का उपयोग करने का संदेश दिया गया।

लगातार चोरियों से ग्रामीणों में दहशत

तुर्कपट्टी,कुशीनगर।थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं से लोगों की चिंता बढ़ गई है। चोरों ने कहीं दुकानों का ताला तोड़कर नकदी व सामान पर हाथ साफ किया तो कहीं घर में घुसकर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर ली।करीब 15 दिन पहले

❑ घर से आभूषण,60 हजार नकदी और दो मोबाइल गायब

गुरवलिया बाजार में दुकान में हुई चोरी के बाद अब चोरों द्वारा विजयपुर दक्षिणपट्टी में एक घर को निशाना बनाए जाने से पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।मुख्य सड़क स्थित बाजार से लेकर गांवों तक चोरी की घटनाओं से व्यापारी और ग्रामीण अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।लोगों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है। व्यापारियों और ग्रामीणों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने तथा दोनों घटनाओं का पर्दाफाश कर चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है। गुरवलिया बाजार में करीब 15 दिन पहले चोरों ने एक दुकान का ताला तोड़कर 18 हजार रुपये नकद,फ्रिज,दो गैस सिलेंडर,चूल्हा और अन्य सामान चोरी कर लिया था। दुकान मालिक बीरेश गुप्ता रात करीब 11 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे।सुबह दुकान पहुंचने पर ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। घटना की सूचना डायल 112 और स्थानीय पुलिस को दी गई थी। मुख्य सड़क स्थित बाजार में हुई इस वारदात के बाद भी चोरी की घटनाओं का सिलसिला थमने से व्यापारियों में आक्रोश है। व्यापारियों का कहना है कि बाजार जैसे प्रमुख स्थान पर दुकान का ताला तोड़कर चोरी होना पुलिस की गश्त और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।इसी थाना क्षेत्र के विजयपुर दक्षिण पट्टी गांव में शुक्रवार की रात चोरों ने अवधकिशोर मिश्र के घर को निशाना बनाया।चोर घर में घुसकर करीब एक लाख 20 हजार रुपये के सोने-चांदी के आभूषण,दस हजार रुपये नकद और बच्चों की गुल्लक में रखे करीब 50 हजार रुपये चुरा ले गए। इसके अलावा दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी चोरी कर लिए।शनिवार सुबह घटना की जानकारी होने पर परिवार में हड़कंप मच गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। लगातार सामने आ रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में भय और नाराजगी है। लोगों ने पुलिस अधिकारियों से क्षेत्र में रात्रि गश्त प्रभावी बनाने, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखने और चोरी की घटनाओं का जल्द पर्दाफाश करने की मांग की है। अब देखना यह है कि पुलिस इन घटनाओं को गंभीरता से लेकर चोरों तक कब पहुंचती है।



कवि सम्मेलन, साड़ी एवं पौधा भेंट कर मातृशक्ति का किया गया सम्मान

टेकुआटार ,कुशीनगर । हाटा विकास खंड के अहिरौली राय गांव में नरेंद्र नाथ त्रिपाठी की पत्नी स्वर्गीय सुकुमारी देवी की द्वितीय पुण्यतिथि पर परिजनों के सहयोग से श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कवि सम्मेलन, माताओं को साड़ी एवं पौधे भेंट करने तथा पौधरोपण के कार्यक्रम आयोजित किए गए। कवि सम्मेलन में कवयित्री गुंजा गुनगुन तथा कवि चंदेश्वर परवाना, मजीबुल्लाह राही, अवध किशोर अवधू, फिरोज अश्क एवं अश्विनी द्विवेदी नमन ने अपनी मनमोहक काव्य प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन सत्येंद्र मिश्र ने किया। अतिथियों का स्वागत एवं आभार ज्ञापन स्वर्गीय सुकुमारी देवी के पति नरेंद्र नाथ त्रिपाठी, पुत्र नीरज त्रिपाठी एवं पंकज त्रिपाठी तथा पुत्री नमन द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य डॉ. दया शंकर तिवारी, डॉ. नित्यानंद श्रीवास्तव, सुरेश मिश्र, रमाकांत मिश्र, प्रेम प्रकाश



प्रसाद गुप्त, सुधीर राव, राजीव नयन द्विवेदी, सतवंत यादव, आशुतोष मिश्र, कृष्णमोहन, ममता कश्यप, मधुलिका, अभिषांक शर्मा, रंजीत राय, अनिल तिवारी, सुनील तिवारी, खुर्शीद आलम, अरुण कुमार पेशकार, देवानंद गौड़, नीतीश गौड़, आदित्य पांडेय, हर गोविंद राव, दिनेश अग्रवाल, कौशल जायसवाल, राम नरेश दूबे, आदित्य त्रिपाठी, विजय कृष्ण द्विवेदी एवं पवन दूबे सहित नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान के उपाध्यक्ष इंद्र कुमार मिश्र और सचिव डॉ. हरिओम मिश्र समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान के तत्वावधान में शनिवार को उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अंकपत्र वितरण के साथ अभिभावक-शिक्षक बैठक संपन्न

भटनी (देवरिया)। नगर स्थित के.के पब्लिक एकेडमी सीनियर सेकेंडरी, स्कूल में अर्धवार्षिक परीक्षा के अंकपत्र वितरण के साथ अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के कार्यकारी निदेशक अजय कुमार वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



इस दौरान अभिभावकों ने शिक्षकों से अपने बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन, अनुशासन और प्रगति के संबंध में चर्चा की। शिक्षकों ने विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम साझा करते हुए उनकी कमजोरियों को दूर करने और शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए आवश्यक सुझाव दिए।

साथ ही नियमित उपस्थिति, स्वच्छता और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया गया। कार्यकारी निदेशक अजय कुमार वर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता के लिए विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। अभिभावक बच्चों की नियमित पढ़ाई, गृहकार्य और अनुशासन पर विशेष ध्यान दें।

शिक्षक और अभिभावक मिलकर बच्चों की कमियों को दूर कर उनकी प्रतिभा निखार सकते हैं।

विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी के लिए आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी निरंतर संवाद बनाए रखने पर बल दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

खड्डा विधायक ने नेबुआ रायगंज में विराट कुश्ती दंगल का किया शुभारम्भ

खड्डा कुशीनगर । नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के ग्राम सभा नेबुआ रायगंज में पारंपरिक विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय विधायक विवेकानंद पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहे। दंगल में कई पहलवानों ने हिस्सा लिया और अपने दमखम का शानदार प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों में आयोजन को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। विधायक ने दंगल के सफल आयोजन पर आयोजकों और ग्रामवासियों को बधाई दी और कहा कि, ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देना हमारी सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करता है। कुश्ती जैसे खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मबल और देशभक्ति की भावना जागृत करते हैं। दंगल के दौरान विजयी पहलवानों को सम्मानित भी किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीण पुरुष, महिलाएं और युवा मौजूद रहे। उक्त अवसर पर व्यास वर्मा, नवालकिशोर पाल, नागेंद्र मिश्रा, पिंटू मिश्रा, आजाद सिंह, पन्ना लाल यादव, अमित गुप्ता, संजय सिंह आदि उपस्थित रहे।



भगवान विष्णु की तपस्या से जुड़ा है बद्रीनाथ धाम

बद्रीनाथ (एजेंसी)। उत्तराखंड के हिमालय में स्थित बद्रीनाथ धाम में हर साल लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं. ऊंचे बर्फीले पहाड़ों, अलकनंदा नदी और प्राकृतिक सुंदरता से घिरा ये धाम भगवान विष्णु को समर्पित है. मान्यता है कि यहां भगवान विष्णु ने बद्री नारायण के रूप में तपस्या की थी. यही वजह है कि बद्रीनाथ को हिंदू धर्म के प्रमुख तीर्थों में गिना जाता है. यहां स्थित मंदिर के अलावा तप्त कुंड, नारद कुंड, पंचशिला और ब्रह्म कपाल जैसे कई धार्मिक स्थल भी श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र हैं. इन स्थानों से जुड़ी पौराणिक कथाएं और धार्मिक मान्यताएं इस यात्रा को खास बनाती हैं. अगर आप भी बद्रीनाथ धाम जाने की योजना बना रहे हैं, तो यहां के प्रमुख तीर्थस्थलों और उनके महत्व के बारे में इस वीडियो में जान लें.



तप्त कुंड- बद्रीनाथ मंदिर के दर्शन से पहले श्रद्धालु तप्त कुंड में स्नान करते हैं. इसे अग्नि तीर्थ भी कहा जाता है. मान्यता है कि इस कुंड में स्नान करने और इसके बाद दान-पुण्य करने से भक्तों को पुण्य की प्राप्ति होती है. अलकनंदा नदी के निकट स्थित यह कुंड बद्रीनाथ यात्रा के प्रमुख पड़ावों में शामिल है. नारद कुंड और पंचशिला- तप्त कुंड से कुछ दूरी पर अलकनंदा नदी के दूसरे किनारे नारद कुंड स्थित है. इसके पास पांच पवित्र शिलाएं हैं, जिन्हें नारद शिला, गरुड़ शिला, मार्कंडेय शिला, नरसिंह शिला और वराह शिला कहा जाता है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, नारद शिला पर बैठकर महर्षि नारद ने भगवान विष्णु की तपस्या की थी. वहीं, नरसिंह और वराह शिला का संबंध भगवान विष्णु के अवतारों से जोड़ा जाता है। श्रद्धालु इन शिलाओं के दर्शन और पूजा के लिए यहां आते हैं. बद्रीनाथ मंदिर भगवान विष्णु के बद्री नारायण स्वरूप को समर्पित है. मान्यता है कि भगवान विष्णु ने इस क्षेत्र में कठोर तपस्या की थी. गढ़वाल के शासक द्वारा मंदिर का पुनर्निर्माण कराया गया था, जबकि इंदौर की महारानी अहिल्याबाई होलकर ने मंदिर में स्वर्ण कलश स्थापित करवाया था. मंदिर आमतौर पर साल में लगभग छह महीने ही श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खुला रहता है. अलकनंदा नदी के तट पर स्थित ब्रह्म कपाल पितरों के श्राद्ध और तर्पण के लिए प्रसिद्ध है. मान्यता है कि यहां पितरों के निमित्त कर्मकांड करने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है. पौराणिक कथा के अनुसार, भगवान शिव को ब्रह्महत्या के पाप से इसी स्थान पर मुक्ति मिली थी. इसी वजह से इस तीर्थ का धार्मिक महत्व और बढ़ जाता है.

तमकुहीराज में 31 अक्टूबर से सजेगा नारायणी रॉकेट्री कप

कुशीनगर । कुशीनगर जिले के तमकुहीराज में 31 अक्टूबर से तीन नवंबर तक राष्ट्रीय स्तर की ड्रुह-स्क्रष्टश्च नारायणी रॉकेट्री कप-2026 प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कुशीनगर के एक रिसॉर्ट में रविवार को हुई प्रेस वार्ता में विस्तृत चर्चा हुई। नारायणी नदी के तट पर होने वाली इस प्रतियोगिता में देशभर के विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों की 76 छात्र टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें 48 टीमें कैनसेट और 28 टीमें मॉडल रॉकेट्री श्रेणी में अपनी तकनीकी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। आयोजन में करीब 608 छात्र और 150 शिक्षक व मेंटर शामिल होंगे।प्रेसवार्ता में देवरिया लोकसभा क्षेत्र के सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि लगातार दूसरे वर्ष तमकुहीराज में राष्ट्रीय स्तर की रॉकेट्री प्रतियोगिता होना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। इससे युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान, आधुनिक तकनीक और नवाचार को करीब से समझने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल उनकी दस वर्षीय विकास रणनीति 'अमृत प्रयास' के उद्देश्यों के अनुरूप है। इससे युवाओं के साथ किसानों और ग्राम प्रधानों में भी तकनीक के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट जी. अक्षय दीपक ने कहा कि इस तरह के आयोजन से क्षेत्र में वैज्ञानिक सोच और तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। वहीं ड्रुह-स्क्रष्टश्च के प्रमोशन निदेशालय के निदेशक एवं एएसआई के कार्यकारी सचिव डॉ. विनोद कुमार ने प्रतियोगिता को विद्यार्थियों को अंतरिक्ष तकनीक की व्यावहारिक समझ देने की महत्वपूर्ण पहल बताया। श्रीनारायणी साइंस डेवलपमेंट फाउंडेशन के निदेशक मनीष बजाज ने आयोजन की तैयारियों और उद्देश्य की जानकारी दी। भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय और सेवरही ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि धनंजय तिवारी ने भी प्रतियोगिता को क्षेत्र के युवाओं के लिए महत्वपूर्ण अवसर बताया। प्रतियोगिता में छात्र मॉडल रॉकेट तैयार करने, डिजाइन व विकास, पेलोड को निर्धारित ऊंचाई तक पहुंचाने और उसे सुरक्षित वापस लाने जैसी तकनीकी चुनौतियों पर काम करेंगे। कैनसेट छोटे उपग्रह जैसे उपकरण होंगे, जिनमें विभिन्न तकनीकी उपकरण लगाए जाएंगे। आयोजन से विद्यार्थियों में रॉकेट्री, पेलोड डिजाइन, मिशन प्रबंधन, टीमवर्क और समस्या समाधान जैसे कौशल विकसित होंगे। आयोजकों के अनुसार, प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान और तकनीक से जोड़ना तथा भविष्य के वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और तकनीकी उद्यमियों के लिए नई संभावनाएं तैयार करना है। इस दौरान तमकुही राज के पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजय राय उपस्थित रहे।



कार्यालय अधीक्षण अभियंता
गोरखपुर वृत्त, लो.नि.वि., गोरखपुर

पत्रांक-8260/135 सी.-गोरखपुर वृत्त/2026 दिनांक 17-10-2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के "ए, बी" श्रेणी के पात्र मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्माण खण्ड-3, लो0नि0वि0, गोरखपुर के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्रो सं0	जनप द का नाम	कार्य का नाम	सिविल कार्य की लागत (लाख में)	05 वर्षीय अनुरक्षण की लागत (लाख में)	निविदा की कुल लागत (लाख में) (4+5)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (पूर्ण ऋतु सहित)	पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	गोरखपुर	ग्राम पंचायत मछलीगाँव में बरहमपुर टोला होते हुए मंगरहिवा टोला से परसौनी टोला तक मार्ग का नव निर्माण का कार्य। (05 वर्ष अनुरक्षण मरम्मत सहित)	97.00	2.43	99.43	6.97	(स्टेजवर्क चार्जेज + निविदा मूल्य+जी.एस.टी.) रू0 2714.00	4 माह	ए, बी

बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दि0 02.11.2026 से 13.11.2026 तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 13.11.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 13.11.2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 13.11.2026 को 12:00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(यू.पी. सिंह)
अधिशासी अभियंता
निर्माण खण्ड-3, लो.नि.वि.
गोरखपुर

(अशोक कुमार वर्मा)
अधीक्षण अभियंता
गोरखपुर वृत्त, लो.नि.वि.
गोरखपुर

उ.प्र. 259254/दिनांक 24-10-2026 ईमेल-upinformation@nic.in

भटनी जंक्शन पर आठ जोड़ी ट्रेनों के ठहराव की मांग, रेल मंत्री को लिखा पत्र

भटनी (देवरिया)। नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता ने रेल मंत्री को पत्र लिखकर भटनी जंक्शन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार सहित जनहित से जुड़ी कई मांगें उठाई हैं। उन्होंने बिहार सीमा से सटे होने के कारण स्टेशन पर यात्रियों की अधिक भीड़ का हवाला देते हुए आठ जोड़ी ट्रेनों के ठहराव की मांग की है।

अध्यक्ष ने आम्रपाली, पूर्वांचल, पाटलिपुत्र सुपरफास्ट, गोदान, रत्नागिरी सुपरफास्ट, गोरखपुर-पुणे, गोमती नगर-कामाख्या एक्सप्रेस और बरौनी क्लोन स्पेशल के भटनी स्टेशन पर ठहराव की मांग की है।

पत्र में रेलवे गेट संख्या 116 पर आवंटित दुकानों का वार्षिक किराया पूर्व निर्धारित दर पर 10 प्रतिशत सालाना वृद्धि के आधार पर तय करने की अनुमति देने का अनुरोध किया गया है, ताकि गरीब और मध्यमवर्गीय दुकानदारों को राहत मिल सके।


इसके अलावा नूरीगंज स्थित बंद शुगर मिल की भूमि तथा सिसवां में समपार संख्या 116 और 118 के बीच खाली रेलवे भूमि पर लाभकारी परियोजना शुरू करने की मांग की गई है।

अध्यक्ष ने नूरीगंज में शुगर मिल गेट से समपार संख्या 117 तक सीसी सड़क और नाली निर्माण के लिए रेलवे से अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने का भी आग्रह किया है। उन्होंने इन मांगों को क्षेत्र के विकास, रोजगार और यात्रियों की सुविधा से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताया है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत


बांसी (सिद्धार्थनगर)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के बहबोल के निकट बीते शनिवार की रात लगभग 11:30 बजे एक अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार मजदूर की मौत हो गई। हादसे में परिवार का सहारा छिन जाने से पत्नी और तीन छोटे बच्चों के सामने दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के सहजी बेलबनवा निवासी रम्मत निषाद (35) पुत्र नारायण निषाद मजदूरी करने के बाद मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बांसी मेहदावल मार्ग स्थित बहबोल के पास बांसी की तरफ से जा रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में गम्भीर रूप से घायल रम्मत को मुकामी पुलिस ने 50शैय्या युक्त संयुक्त चिकित्सालय बांसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी सरिता (32 वर्ष), आठ वर्षीय बेटी साधन, पांच वर्षीय बेटे श्याम और तीन वर्षीय बेटी संध्या को छोड़ गए हैं। परिवार में कमाने वाले एकमात्र सहारे की मौत से पत्नी और मासूम बच्चों के सामने भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है।

पिता की असमय मौत ने तीनों बच्चों के सिर से पिता का साया छीन लिया। परिवार की इस दुखद स्थिति से गांव में भी शोक का माहौल है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महेंद्र प्रताप चतुर्वेदी ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। अज्ञात वाहन का पता लगाने सहित मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।



द्वादश मासमें खास है कार्तिक मास

कार्तिक मास भगवान् श्रीविष्णु एवं भगवती श्रीलक्ष्मी जी को है समर्पित, कीजिए दीपदान, होगी आरोग्य-सौभाग्य की प्राप्ति



हिन्दू सनातन धर्म में धार्मिक व पौराणिक मान्यता के अनुसार कार्तिक मास को द्वादश मास में सर्वश्रेष्ठ मास माना गया है। यह मास भगवान् विष्णुजी एवं भगवती लक्ष्मी जी को समर्पित है, जिसमें इनकी पूजा-अर्चना की विशेष महिमा है। कार्तिक मास में शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि के दिन देवता जागृत होते हैं। कार्तिक मास में स्नान-दान-देव अर्चना की विशेष महत्व है। कार्तिक मास को अत्यन्त पावन मास की उपाधि दी गई है। हिन्दू धर्म में उत्सव की शृंखला इसी मास से प्रारम्भ होती है। इस बार कार्तिक मास के धार्मिक-यम-नियम-व्रत-संयम आदि 27 अक्टूबर, मंगलवार से प्रारम्भ होकर कार्तिक शुक्ल पूर्णिमा 24 नवम्बर, मंगलवार तक रहेंगे। ज्योतिषविद् विमल जैन ने बताया कि शरद पूर्णिमा से ही भगवती श्रीलक्ष्मीजी की महिमा में उनकी आराधना के साथ दीपदान एवं धार्मिक अनुष्ठान प्रारम्भ हो जाते हैं। शास्त्रों में ऐसा कहा गया है कि कार्तिक मास के समान कोई दूसरा मास नहीं है, सतयुग के समान कोई युग नहीं है, वेद के समान कोई शास्त्र नहीं है और गंगाजी के समान कोई तीर्थ नहीं है। स्कन्दपुराण के अनुसार यह मास लक्ष्मी प्रदाता, सद्बुद्धिदायक एवं आरोग्यप्रदायक माना गया है। वर्ष के द्वादश मास में कार्तिक मास को ही धर्म-अर्थ-काम और मोक्ष को देने वाला माना गया है। कार्तिक मास में तुलसीजी व पीपल वृक्ष की पूजा की जाती है। इस मास में यमदेव को प्रसन्न करने के लिए आकाशदीप प्रज्वलित किए जाते हैं। कार्तिक मास में एक माह तक आंवले के वृक्ष का सिंचन व पूजन करना फलदायी माना गया है। मासपर्यन्त भगवान विष्णुजी को आंवला अर्पित करके उनका पूजन करने पर लक्ष्मीजी की प्राप्ति बतलाई गई है। काला तिल व आंवले का चूर्ण लगाकर स्नान करने से समस्त पापों का शमन होता है। इस मास में नियमपूर्वक संकल्प के साथ व्रत रखकर गंगा-स्नान के पश्चात् दान करने से तीर्थयात्रा के समान फल की प्राप्ति होती है। कार्तिक मास में स्नान-दान व पुण्य करने की काफी महिमा है। इस मास में सूर्य के दक्षिणायन होने से असुरिकाल माना जाता है। धर्मशास्त्रों के अनुसार इस मास में स्नान-ध्यान करके, व्रत रखकर भगवान विष्णुजी की पूजा करना विशेष पुण्य फलदायी रहता है। धार्मिक मान्यता के मुताबिक श्रीकृष्ण-राधा का पूजन-अर्चन करने से प्रभु की असीम कृपा मिलती है तथा जीवन में सुख-समृद्धि खुशहाली का मार्ग प्रशस्त होता है। कार्तिक मास में ब्रह्मचर्य नियम का पालन करना चाहिए। भूमि पर शयन करें। ब्रह्ममुहूर्त में (सूर्योदय से पूर्व) उठकर स्नान व ध्यान करें। गंगाजी में कमर तक जल में खड़े होकर पूर्ण स्नान करें। सात्विक भोजन करें। भगवान विष्णुजी की आराधना करें। पीपल वृक्ष व तुलसी जी के पौधे की भी धूप-दीप से पूजा करें। कार्तिक मास में व्रतकर्ता व साधक को अपने परिवार के अतिरिक्त अन्यत्र किसी दूसरे का कुछ भी (अन्न) ग्रहण न करना चाहिए। चना, मटर, उड़द, मूंग, मसूर, राई, लौकी, गाजर, बैंगन, बासी अन्न ग्रहण नहीं करना चाहिए। साथ ही लहसुन, प्याज और तेल का उपयोग नहीं करना चाहिए। शरीर में तेल नहीं लगाना चाहिए। कार्तिक मास की द्वितीया, सप्तमी, नवमी, दशमी, त्रयोदशी व अमावस्या तिथि के दिन तिल व आंवले का प्रयोग नहीं करना चाहिए। कार्तिक मास में स्नान व व्रत करने वालों को केवल कार्तिक कृष्ण (नरक) चतुर्दशी के दिन ही तेल लगाना चाहिए। मास के अन्य दिनों में तेल नहीं लगाना चाहिए। फटे या गन्दे वस्त्र धारण नहीं करना चाहिए, स्वच्छ वस्त्र ही धारण करना चाहिए। ऐसी मान्यता है कि इस माह में भगवान विष्णु की महिमा में व्रत रखने पर ग्रहजनित दोषों से मुक्ति मिलती है तथा संकटों का निवारण होता है।

कार्तिक मास के प्रमुख व्रत-पर्व

₹ 27 अक्तूबर : स्नान-दान-व्रत, कार्तिक मास के यम-नियम-संयम प्रारम्भ, अशून्यशयन व्रत ₹ 29 अक्तूबर : संकष्टी श्रीगणेश चतुर्थी व्रत, करक चतुर्थी (करवा चौथ) व्रत ₹ 1 नवम्बर : अहोई अष्टमी व्रत, कालाष्टमी व्रत, श्रीराधाष्टमी व्रत ₹ 5 नवम्बर : रम्भा एकादशी व्रत (सबका) ₹ 6 नवम्बर : शुक्र प्रदोष व्रत, धन त्रयोदशी (धनतेरस), धन्वन्तरि जयन्ती ₹ 7 नवम्बर : मास शिवरात्रि व्रत, रूप (नरक) चतुर्दशी, हनुमान जयन्ती, छोटी दीपावली ₹ 8 नवम्बर : दीपावली पर्व ₹ 9 नवम्बर : महावीर निर्वाण दिवस (जैन), स्नान-दान की अमावस्या, सोमवती अमावस्या ₹ 10 नवम्बर : गोवर्धन पूजा, अन्नकूट ₹ 11 नवम्बर : भैयादूज, यमद्वितीया, चित्रगुप्त पूजन ₹ 13 नवम्बर : वैनायकी श्रीगणेश चतुर्थी व्रत, सूर्यषष्ठी व्रत का प्रथम संयम ₹ 14 नवम्बर : सूर्यषष्ठी व्रत का द्वितीय संयम (सौभाग्य पंचमी) ₹ 15 नवम्बर : सूर्यषष्ठी (डाला छठ) व्रत का तृतीय संयम, सूर्यषष्ठी व्रत का पारण ₹ 17 नवम्बर : श्रीदुर्गाष्टमी, गोपाष्टमी, अन्नपूर्णा अष्टमी व्रत ₹ 18 नवम्बर : अक्षय (आंवला, कुष्माण्डा) नवमी व्रत ₹ 20 नवम्बर : देव (हरि) प्रबोधिनी/देव उठानी एकादशी (स्मार्त), तुलसी विवाह ₹ 21 नवम्बर : देव (हरि) प्रबोधिनी/देव उठानी एकादशी (वैष्णव) ₹ 22 नवम्बर : रवि प्रदोष व्रत ₹ 23 नवम्बर : वैकुण्ठ चतुर्दशी व्रत ₹ 24 नवम्बर : स्नान-दान-व्रतादि की कार्तिक पूर्णिमा व्रत, गुरुनानक जयन्ती, देव-दीपावली। कार्तिक मास के यम-नियम-व्रत-स्नानादि के धार्मिक अनुष्ठान की समाप्ति।

खूनी व बादी बवासीर में बेहद असरकारक
अर्शविदा कैप्सूल


सुविचार
जो लोग हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करते हैं, वे अंत में सफलता जरूर पाते हैं।
• 100% आयुर्वेदिक • सुरक्षित • असरदार
Customer Care : 9628078000
www.rphealthgroup.com
Also available at TATA 1mg amazon Flipkart



संसार की परिवर्तनशीलता

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

मानव की समस्त भौतिक इन्द्रियों की ज्ञान-ग्रहण करने की क्षमता अत्यंत सीमित और एकांगी होती है। नेत्र केवल रूप का दर्शन कराते हैं, त्वचा स्पर्श का, नासिका गंध का तथा कर्ण केवल ध्वनि का बोध कराते हैं। कोई भी एक इन्द्रिय किसी वस्तु का पूर्ण और समग्र ज्ञान प्रदान करने में सर्वथा असमर्थ होती है। इन सभी भिन्न-भिन्न आयामों को ग्रहण कर एक पूर्ण चित्र निर्मित करने वाला वास्तविक तत्त्व मन है। मन ही इन्द्रियों का अधिपति है, जिसके कारण स्वप्नावस्था में भी भौतिक इन्द्रियों की अनुपस्थिति में सर्वविध अनुभूतियाँ संभव हो पाती हैं। ज्ञान का प्राथमिक बीज इसी मन में निहित होता है। परंतु मन का भी एक मूल उद्गम है, जो परमसत्ता अथवा विशुद्ध चेतन तत्त्व है। जिस प्रकार मन में सामान्य ज्ञान का बीज है, उसी प्रकार उस परम चैतन्य में सर्वज्ञता का बीज निहित है। मानव-हृदय में स्थित इस परम चेतना में ब्रह्मांड के समस्त रहस्यों को जानने की अनंत शक्ति विद्यमान है। जब मन पूर्णतः शांत और विचार-शून्य होता है, तब इसी अंतःकरण से विशुद्ध ज्ञान अथवा अंतर्ज्ञान प्रकट होने लगता है। आधुनिक विज्ञान भी यह स्वीकार करता है कि एक सूक्ष्म कोशिका के डीएनए में संपूर्ण शरीर की विस्तृत जानकारी विद्यमान रहती है। इसी सत्य को इस रूप में जाना जाता है कि जो तत्त्व एक लघु पिंड में उपस्थित है, वही इस विशाल ब्रह्मांड में भी व्याप्त है। एक सूक्ष्मतम बिंदु में ही संपूर्ण सिंधु की अनंत संभावनाएँ अंतर्निहित होती हैं। भौतिक इन्द्रियाँ भ्रम उत्पन्न कर सकती हैं। नेत्रों को सूर्य अस्त होता हुआ प्रतीत होता है, जबकि वास्तविकता में पृथ्वी निरंतर परिक्रमा कर रही होती है। बाह्य इन्द्रियों से प्राप्त बोध अंतिम सत्य नहीं हो सकता। वातावरण में अनगिनत विचार-तरंगें और सदियों पूर्व बोले गए शब्द आकाश में तरंगों के रूप में उपस्थित रहते हैं, परंतु सीमित इन्द्रियाँ उन्हें ग्रहण नहीं कर पातीं। जो ज्ञान अंतरात्मा की गहराई से उदित होता है, वही शाश्वत और निर्भ्रांत है। यह चेतन तत्त्व काल की सीमाओं से सर्वथा मुक्त है। भूत, वर्तमान और भविष्य तीनों काल इसमें एक साथ समाहित रहते हैं। काल से परे होने के कारण ही यह चेतना शाश्वत मार्गदर्शक के रूप में प्रतिष्ठित है। इस विशुद्ध चेतन सत्ता का वाचक 'प्रणव', अर्थात् 'ओंकार' है। भौतिक दृष्टि से जो संसार अत्यंत ठोस और स्थायी प्रतीत होता है, वह निरंतर परिवर्तनशील और विलीन होने वाली अवस्था में है। शरीर के कण अनवरत बदलते रहते हैं, मानो वह एक प्रवहमान नदी हो। आमाशय की आंतरिक परत पाँच दिनों में, त्वचा एक महीने में परिवर्तित हो जाती हैं। सूक्ष्मदर्शी से देखने पर ज्ञात होता है कि शरीर का बहुत बड़ा भाग रिक्त स्थान (शून्यता) से बना है। इस सर्वव्यापी शून्यता और अनवरत परिवर्तन के मध्य केवल एक ही तत्त्व अपरिवर्तनीय और शाश्वत है। उस काल से परे और निराकार सत्ता को 'ओंकार' के नाम से अभिव्यक्त किया जाता है।

चंद्रमाके हर रूप का अलग संकेत

सोते समय दिखाई देने वाले सपनों को अक्सर लोग सुबह उठते ही भूल जाते हैं, लेकिन स्वप्न शास्त्र में कई सपनों को जीवन से जुड़े संकेतों के रूप में देखा जाता है। सपने में सांप, गाय या दूसरे जीव दिखाई देने पर लोग उनके



अर्थ जानने की कोशिश करते हैं, लेकिन चांद नजर आने पर उसे सामान्य सपना समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। उज्जैन के आचार्य आनंद भारद्वाज के अनुसार, सपने में चंद्रमा का दिखाई देना मन की स्थिति, भावनाओं और भविष्य से जुड़ी संभावनाओं का प्रतीक माना जाता है। हालांकि, इसका अर्थ इस बात पर निर्भर करता है कि चांद किस रूप में दिखाई दिया। स्वप्न शास्त्र की मान्यताओं के अनुसार, सपने में पूरा और चमकदार चांद देखना शुभ माना जाता है। इसे जीवन में खुशहाली, पारिवारिक सुख और मनोकामनाएं पूरी होने से जोड़कर देखा जाता है। कुछ मान्यताओं में ऐसा सपना धन लाभ या विदेश यात्रा की संभावना का भी प्रतीक माना गया है। वहीं, आधा चांद दिखाई देना जीवन में नए अवसर मिलने, कारोबार में तरक्की और रिश्तों में मधुरता आने का संकेत माना जाता है। यदि सपने में चंद्रमा बादलों के पीछे छिपता हुआ दिखाई दे, तो इसे मन की उलझनों और कामकाज में आने वाली संभावित रुकावटों से जोड़कर देखा जाता है। मान्यताओं के मुताबिक, ऐसा सपना किसी इच्छा के पूरा होने में देरी या निर्णय लेने में परेशानी का प्रतीक हो सकता है। दूसरी ओर, लाल रंग का चांद दिखाई देने को कुछ स्वप्न व्याख्याओं में तनाव, विवाद और भावनात्मक बेचैनी से जोड़कर देखा गया है।

जीवन में सुख-शांति, समृद्धि और तरक्की के लिए सकारात्मक ऊर्जा का होना बेहद जरूरी

वास्तु शास्त्र एक प्राचीन भारतीय विज्ञान और कला है, जो भवनों, घरों, मंदिरों और अन्य संरचनाओं की बनावट, निर्माण और स्थान से जुड़ी ऊर्जा में संतुलन लाने का काम करता है। जीवन में सुख-शांति, समृद्धि और तरक्की हासिल करने के लिए सकारात्मक ऊर्जा का होना बेहद जरूरी है। हमारे रोजाना के जीवन में काम आने वाली कुछ खास वस्तुओं को लेकर भी वास्तु शास्त्र में नियम बताए गए हैं, जिसके मुताबिक कुछ खास चीजों को भूलकर भी सीधे जमीन पर नहीं रखना चाहिए। यदि आप इन चीजों को जमीन पर रख देते हैं, तो आपको वास्तु दोष की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। हिंदू धर्म और वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में स्थापित शिवलिंग या शालिग्राम को भूलकर भी जमीन पर नहीं रखना चाहिए। ऐसा करना अशुभ और अनादर माना जाता है। हिंदू दर्शन में ये दोनों ही चीजें अत्यंत पवित्र मानी जाती हैं, इसलिए इन्हें पूजा की वेदी पर ही रखना चाहिए। इसके अलावा गंदे हाथों से स्पर्श करने से भी बचना चाहिए। घर में स्थापित देवी-देवताओं की मूर्ति धार्मिक नजरिए से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। मूर्ति को सीधे जमीन पर रखने से यह अशुद्ध और अपमान माना जाता है। ऐसे में कभी भी मंदिर की साफ-सफाई करते हुए भी पूजा कक्ष में स्थापित देवता की मूर्ति या चित्र को हमेशा पूजा की साफ वेदी पर रखें। अगर आपके पास पूजा की वेदी न हो तो उसे किसी साफ कपड़े के ऊपर रखें। पूजा में इस्तेमाल होने वाले शंख, दीपक और यंत्र को भूलकर भी जमीन पर नहीं रखना चाहिए। ऐसा करने धार्मिक नजरिए से अपमान समझा जाता है। दरअसल शंख को भगवान विष्णु का प्रतीक माना जाता है, जबकि दीपक अग्नि देवता का प्रतीक और



श्रीयंत्र को देवी-देवता की ऊर्जा का केंद्र माना जाता है। इन सभी वस्तुओं को सीधे तौर पर जमीन पर रखने से जातक को धन की हानि का भी सामना करना पड़ सकता है। वास्तु शास्त्र और धार्मिक सिद्धातों के मुताबिक, भगवद्गीता, रामायण, पुराण और दूसरे अन्य धार्मिक ग्रंथों को कभी भी भूलकर फर्श पर नहीं रखना चाहिए। इसके बजाय इन्हें साफ कपड़े, पुस्तक स्टैंड या अलमारी में रखना ज्यादा बेहतर माना जाता है। किताबों को साफ-सुथरा और सुरक्षित रखने की आदत धार्मिक सम्मान के साथ-साथ उनकी देखभाल करना भी बेहद जरूरी है। इसके अलावा तुलसी और पूजा के फूल, कपूर, चंदन और गोरोचन, रत्न, सोना और पवित्र सामग्री को भूलकर भी जमीन पर नहीं रखना चाहिए। ऐसा करने से धन-धान्य में कभी भी कमी नहीं आती है।

आत्मा अजर-अमर है, शरीर

जीवन में किसी अपने को खोने का दुख शब्दों में बयां करना आसान नहीं होता। किसी प्रियजन के जाने से मन में खालीपन, बेचैनी और कई सवाल पैदा होते हैं। कभी-कभी इंसान यह समझ नहीं पाता कि इस दुख से बाहर कैसे निकले और जीवन को दोबारा कैसे संभाले। ऐसे समय में श्रीमद्भगवद्गीता मन को नई दिशा देने में मदद करती है। गीता के श्लोक में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को समझाते हुए जीवन, मृत्यु और आत्मा के बारे में ऐसी बातें बताई हैं, जो दुख की घड़ी में धैर्य और आत्मचिंतन का रास्ता दिखाती हैं। गीता के दूसरे अध्याय के 11वें श्लोक में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को शोक और विवेक के संबंध में समझाते हैं। यह श्लोक आपके मन को भी शांत कर सकता है।



श्रीमद्भगवद्गीता का श्लोक-

अशोच्यानन्वशोचस्त्वं प्रज्ञावादांश्च भाषसे।
गतासूनगतासूंश्च नानुशोचन्ति पण्डिताः॥

भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं, तुम उन लोगों के लिए शोक कर रहे हो, जिनके लिए शोक करना उचित नहीं है, जबकि तुम्हारी बातें ज्ञानियों जैसी हैं। ज्ञानी व्यक्ति न जीवित लोगों के लिए और न ही मृत लोगों के लिए इस प्रकार शोक करते हैं। इस श्लोक का संदेश यह नहीं है कि दुख महसूस करना गलत है। बल्कि यह समझना जरूरी है कि दुख के बीच भी जीवन की सच्चाई को समझने और विवेक बनाए रखने का प्रयास किया जाना चाहिए। गीता में बताया गया है कि आत्मा अमर है। शरीर मिट जाता है, मगर आत्मा कभी नहीं मरती। श्रीकृष्ण बताते हैं कि शरीर नश्वर है, जबकि आत्मा को शाश्वत माना गया है। मृत्यु जीवन की एक ऐसी सच्चाई है, जिसे मनुष्य अपनी इच्छा से बदल नहीं सकता। इस विचार को समझने से किसी अपने को खोने का दर्द तुरंत समाप्त नहीं होता, लेकिन यह जीवन और मृत्यु की सच्चाई दिखाती है और दुख से निपटने में मदद करती है। किसी प्रियजन की यादें, उनके संस्कार और उनसे मिली सीख हमारे जीवन में में हमेशा रहती हैं। भले ही वह व्यक्ति प्रत्यक्ष रूप से हमारे बीच न हो, मगर उसी सीख हमेशा हमारे साथ होती हैं। संसार में निरंतर परिवर्तन होता रहता है। समय, परिस्थितियां और रिश्तों के स्वरूप बदलते रहते हैं। किसी अपने के जाने के बाद इस सच्चाई को स्वीकार करना बेहद कठिन होता है। फिर भी धीरे-धीरे वास्तविकता को स्वीकार करना मन को संभलने में मदद करता है। स्वीकार करने का अर्थ यह नहीं कि हम उस व्यक्ति को भूल जाएं या उससे जुड़े प्रेम को कम कर दें। इसका अर्थ है कि उसकी यादों को अपने जीवन का हिस्सा बनाते हुए आगे बढ़ने की कोशिश करें। किसी प्रियजन के निधन पर रोना, उदास होना और उनकी कमी महसूस करना स्वाभाविक है। गीता में भावनाओं को दबाने के बजाय विवेक और धैर्य के साथ जीवन का सामना करने की प्रेरणा दी गई है। ऐसे समय में परिवार और मित्रों के साथ समय बिताना, अपनी भावनाएं साझा करना उपयोगी हो सकता है। दुख से उबरने के लिए हर व्यक्ति को अलग-अलग समय की जरूरत होती है।

करवा चौथ : अखण्ड सौभाग्य के लिए सुहागिन महिलाएं रखेंगी व्रत

हिन्दू सनातन धर्म में पौराणिक मान्यता के अनुसार देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना करके व्रत-उपवास रखने की विशेष महत्ता है। हिन्दू धर्म में कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को करवा चौथ (करक चतुर्थी) का व्रत रखा जाता है। करवा चौथ व्रत से विशिष्ट कामना की पूर्ति होती है। यह सुहागिन महिलाओं का अत्यधिक लोकप्रिय व्रत है। यह व्रत हर्ष, उल्लास व उमंग के साथ अपने पति की दीर्घायु के लिए रखा जाता है। प्रख्यात ज्योतिषविद् विमल जैन ने बताया कि कार्तिक कृष्णपक्ष की चतुर्थी तिथि बुधवार, 28 अक्टूबर को अर्द्धरात्रि के पश्चात् 1 बजकर 07 मिनट पर लगेगी जो कि अगले दिन गुरुवार, 29 अक्टूबर को रात्रि 10 बजकर 11 मिनट तक रहेगी, तत्पश्चात् पंचमी तिथि लग जाएगी। रोहिणी नक्षत्र बुधवार, 28 अक्टूबर को दिन में 1 बजकर 26 मिनट से गुरुवार, 29 अक्टूबर को दिन में 11 बजकर 12 मिनट तक रहेगा, तत्पश्चात् मृगशिरा नक्षत्र लग जाएगा, जो कि सम्पूर्ण दिन रहेगा। काशी में चन्द्रोदय रात्रि 8 बजकर 01 मिनट पर होगा। अन्य जगहों पर चन्द्रोदय का समय अलग-अलग होता है, जो कि स्थानीय पंचांगों में दिया रहता है। फलस्वरूप गुरुवार, 29 अक्टूबर को करवा चौथ का व्रत रखा जाएगा। प्रख्यात ज्योतिषविद् विमल जैन ने बताया कि सुहागिन व्रती महिलाएँ प्रातःकाल अपने समस्त दैनिक कृत्यों से निवृत्त होकर अपने देवी-देवता की आराधना के पश्चात् अखण्ड सौभाग्य, यश-मान, प्रतिष्ठा, सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं पति की दीर्घायु के लिए करवा चौथ के व्रत का संकल्प लेती हैं। यह व्रत निराहार व निराजल रहते हुए किया जाता है। सौभाग्यवती महिलाएँ कार्तिक मास के कृष्णपक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन सुख-समृद्धि व अखण्ड सौभाग्य के लिए व्रत-उपवास रखकर देवाधिदेव भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान श्रीगणेश एवं श्रीकार्तिकेयजी की पूजा-अर्चना करती हैं। करवा चौथ से सम्बन्धित वामनपुराण में वर्णित व्रत कथा का श्रवण करने का भी विधान है। व्रत के दिन सुहागिन महिलाएँ नव-परिधान व



आभूषण धारण करके पूजा-अर्चना करती हैं। पूजा क्रम में करवा जो कि सोना, चांदी, पीतल या मिट्टी का होना चाहिए। लोहे या अल्युमीनियम धातु का नहीं होना चाहिए। करवा में जल भरकर सौभाग्य व श्रृंगार की समस्त वस्तुएँ थाली में सजाकर रखी जाती है। व्रती महिलाएँ अपने पारिवारिक परम्परा व धार्मिक विधि-विधान के अनुसार रात्रि में चन्द्र उदय होने के पश्चात् चन्द्रमा को अर्घ्य देकर उनकी पूजा-अर्चना करती हैं। तत्पश्चात् चन्द्रमा को चलनी से देखकर उनकी आरती उतारती हैं। घर-परिवार में उपस्थित सास-श्वसुर, जेठ एवं अन्य श्रेष्ठजनों को उपहार देकर उनसे आशीर्वाद लेती हैं। साथ ही सुहाग की समस्त वस्तुएँ अन्य सुहागिन महिलाओं को देकर उनका चरण स्पर्श कर खुशहाल जीवन का आशीर्वाद लेती हैं। अपने खुशहाल जीवन के लिए तथा पति-पत्नी के रिश्ते को और अधिक मधुर व प्रगाढ़ बनाने के लिए करवा चौथ का व्रत विशेष लाभदायी बतलाया गया है। ज्योतिषशास्त्र के मुताबिक अपनी जन्मतिथि व राशि के अनुसार अपने परिधान धारण करके पूजा करना भाग्य में चार चाँद लगाता है।

जन्मतिथि के अनुसार रंगों का चयन- जिनका जन्म 1, 10, 19 या 28 को हुआ हो, उनके लिए-लाल, गुलाबी, नारंगी। 2, 11, 29 के लिए-चमकीला सफेद और क्रीम। 3, 12, 21 एवं 30 के लिए-पीला या सुनहला पीला। 4, 13, 22, 31 के लिए-चमकीला एवं मिश्रित चटकीला रंग। 5, 14, 23 के लिए-चमकीला सफेद व सफेद। 7, 16, 25 के लिए-चमकीला तथा मिश्रित रंग। 8, 17, 26 के लिए-नीला व भूरा रंग। 9, 18, 27 के लिए-लाल, गुलाबी, नारंगी।

राशि के अनुसार करें परिधान धारण-करवा चौथ के पर्व को और अधिक खुशनुमा बनाने के लिए राशियों के रंग के मुताबिक महिलाएँ परिधान धारण करें तो सौभाग्य में वृद्धि तो होगी ही साथ ही उनको अन्य लाभ भी मिलेगा। सामान्यतः सुनहरा, पीला और लाल रंग के परिधान धारण करना शुभ माना गया है। लाल रंग से ऊष्मा व ऊर्जा का संचार होता है, वहीं पर सुनहले व पीले रंगों से जीवन में प्रसन्नता मिलती है। आजकल राशि के अनुसार आभूषण व परिधान धारण करने का प्रचलन बढ़ रहा है। कौन-सा रंग किस राशियों के लिए लाभदायक रहेगा—मेष-लाल, गुलाबी एवं नारंगी। वृषभ-सफेद एवं क्रीम। मिथुन-हरा व फिरोजी। कर्क-सफेद व क्रीम। सिंह-केसरिया, लाल व गुलाबी। कन्या-हरा व फिरोजी। तुला-सफेद व हल्का नीला। वृश्चिक-नारंगी, लाल व गुलाबी। धनु-पीला व सुनहरा। मकर व कुम्भ-भूरा, स्लेटी व ग्रे। मीन-पीला व सुनहरा।